* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

21 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 151

शिबू परिवार में विवाद: सीता और कल्पना के बीच राजश्री की एंट्री

रांची (आजाद सिपाही)। शिबू सोरेन के परिवार का झगड़ा खुल कर सबके सामने आ गया है। शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन के इस्तीफे के बाद अब परिवार के सदस्यों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल पड़ा है। सीता के भाजपा में शामिल हो जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना ने दुर्गा सोरेन का जिक्र करते हुए बुधवार को इशारों में जेठानी पर निशाना साधा। वहीं, मां के बचाव में सीता की बेटी राजश्री भी सामने आ गयी है। राजश्री ने सोशल मीडिया पर चाची कल्पना को जवाब दिया है। इस बीच सीता सोरेन ने चेतावनी भरे लहजे में कल्पना को जवाब दिया है।

सच हम नहीं, सच तुम नहीं, सच है सतत संघर्ष ही: कल्पना

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और शिबू परिवार की छोटी बहू कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। कल्पना सोरेन ने हेमंत सोरेन के एक्स हैंडल पर हेमंत सोरेन की शादी के समय की एक तस्वीर साझा की है। इस फोटो में हेमंत सोरेन के साथ उनके बड़े भाई दुर्गा सोरेन भी बैठे हैं। कल्पना ने पोस्ट में लिखा कि हेमंत जी के लिए स्वर्गीय दुर्गा दा, सिर्फ बड़े भाई नहीं, बल्कि पिता तुल्य अभिभावक के रूप में रहे। 2006 में ब्याह के उपरांत इस बलिदानी परिवार का हिस्सा बनने के बाद मैंने हेमंत जी का अपने बड़े भाई के प्रति आदर तथा समर्पण और स्वर्गीय दुर्गा दा का हेमंत जी के प्रति प्यार देखा। हेमंत जी राजनीति में नहीं आना चाहते थे, परंतु दुर्गा दादा की असामयिक मृत्यु और आदरणीय बाबा के स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें

राजनीति के क्षेत्र में आना पड़ा। कल्पना ने आगे लिखा कि हेमंत जी ने राजनीति को नहीं, बल्कि राजनीति ने हेमंत जी को चुना। लिखा कि वह आर्किटेक्ट बनना चाहते थे। लेकिन उनके ऊपर अब झामुमो, आदरणीय बाबा और स्व दुर्गा दा की विरासत और संघर्ष को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा का जन्म समाजवाद और वामपंथी विचारधारा के समन्वय से हुआ था। झामुमो आज झारखंड में आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों समेत सभी गरीबों, वंचितों और शोषितों की विश्वसनीय आवाज बन कर आगे बढ़ रहा है। आदरणीय बाबा एवं स्व दुर्गा दा के संघर्षों और जो लड़ाई उन्होंने पूंजीपतियों-सामंतवादियों के खिलाफ लड़ी थी, उन्हीं ताकतों से लड़ते हुए आज हेमंत जी जेल चले गये। वह झुके नहीं। उन्होंने एक झारखंडी की तरह लड़ने का रास्ता चुना। वैसे भी हमारे आदिवासी समाज ने कभी पीठ दिखा कर, समझौता कर, आगे बढ़ना सीखा ही नहीं है। झारखंडी के डीएनए में ही झुकना नहीं है। आगे लिखा है कि सच हम नहीं, सच तुम नहीं, सच है सतत संघर्ष ही। पोस्ट के अंत में हैशटैग के साथ लिखा कि झारखंड झुकेगा नहीं।

मेरे पिता के नाम का उपयोग न करें: राजश्री

सीता सोरेन की बेटी राजश्री ने कल्पना सोरेन के पोस्ट पर लिखा कि मेरे पिता अपने लोगों के संरक्षक थे। उन्होंने हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वह लोगों की आवाज थे। उन्होंने झामुमो को मजबूत बनाने में अपना खून-पसीना बहाया।कृपया अपनी वास्तविकता छिपाने के लिए मेरे पिता के नाम का उपयोग न करें। राजश्री ने अपनी मां सीता का भी बचाव किया। उन्होंने लिखा कि झारखंड को झुकाना नहीं बचाना है। पापा ने हमें सिखाया है कि अन्याय के सामने झुकना नहीं चाहिए। तमाम अन्याय के बावजूद 14 साल की वफादारी रही। यह फैसला आसान नहीं रहा होगा। हिम्मत बनायें रखें। मैं अपनी मां के फैसले का सम्मान करती हूं।

मैं और बच्चों ने मुंह खोला तो भयावह सच्चाई उजागर होगी: सीता

कल्पना सोरेन के पोस्ट पर सीता सोरेन ने भी सोशल मीडिया पर चेतावनी भरा पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है, मेरे पति स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी के निधन के बाद से मेरे और मेरे बच्चों के जीवन में जो परिवर्तन आया, वह किसी भयावह सपने से कम नहीं था। मुझे और मेरी बेटियों को न केवल उपेक्षित किया गया, बल्कि हमें सामाजिक और राजनीतिक रूप से भी अलग-थलग कर दिया गया। ईश्वर जानता है कि मैंने इस दौर में अपनी बेटियों को कैसे पाला है। मुझे और मेरी बेटियों को उस शून्य में छोड़ दिया गया, जहां से बाहर निकल पाना हमारे लिए असंभव लग रहा था। मैंने न केवल एक पति खोया, बल्कि एक अभिभावक, एक साथी और अपने सबसे बड़े समर्थक को भी खो दिया। मेरे इस्तीफे के पीछे कोई राजनीतिक कारण नहीं है। यह मेरी और मेरी बेटियों की पीड़ा,

उपेक्षा और हमारे साथ हुए अन्याय के खिलाफ एक आवाज है। उन्होंने लिखा, जिस झामुमो को मेरे पति ने अपने खून-पसीने से सींचा, वह पार्टी आज अपने मूल्यों और कर्तव्यों से भटक गयी है। मेरे लिए, यह सिर्फ एक पार्टी नहीं, बल्कि मेरे परिवार का एक हिस्सा था। मेरा निर्णय भले ही दु:खदायी हो, लेकिन यह अनिवार्य था। मैंने समझ लिया है कि अपनी आत्मा की आवाज सुनना और अपने आदर्शों के प्रति सच्चे रहना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। मैं समस्त झारखंडवासियों से अनुरोध करती हूं कि मेरे इस्तीफे को एक व्यक्तिगत संघर्ष के रूप में देखें, न कि किसी राजनीतिक चाल के रूप में। उन्होंने कहा कि झारखंड और झारखंडियों के लिए अपने जीवन का बलिदान देनेवाले स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी के नाम की आज दुहाई देकर घड़ियाली आंसू बहाने वाले लोगों से विनती है कि मेरे मुंह में अंगुली नहीं डालें। वरना अगर मैं और मेरे बच्चों ने मुंह खोल कर भयावह सच्चाई उजागर कर दी, तो कितनों का राजनीतिक और सत्ता सुख का सपना चूर-चूर हो जायेगा। झारखंड की जनता वैसे लोगों के नाम पर थूकेगी, जिन्होंने हमेशा से दुर्गा सोरेन और उनके लोगों को मिटा कर समाप्त करने की साज़िश की है।

न्यूज रील्स

21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर नामांकन शुरू

नयी दिल्ली। देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों के लिए बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इसके लिए चुनाव आयोग ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को वोट डाले जायेंगे। इन 102 सीटों में तमिलनाडु की 39, राजस्थान की 12 और मध्य प्रदेश की 6 सीटें शामिल है। नॉमिनेशन फाइल करने की आखिरी तारीख 27 मार्च है। वहीं, नॉमिनेशन पेपर्स की स्क्रूटनी 28 मार्च को होगी। नामांकन वापस 20 मार्च निर्धारित की गयी है। बिहार में त्योहार के चलते शेड्यूल में बदलाव किया गया है। यहां नॉमिनेशन की आखिरी तारीख 28 मार्च निर्धारित की गई है। स्क्रूटनी 30 मार्च को होगी। बिहार के कैंडिडेट अपना नाम 2 अप्रैल तक वापस ले सकेंगे।

अखिलेश से पल्लवी पटेल की बगावत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में इंडि गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर सपा और अपना दल (कमेरावादी) में फूट पड़ गयी है। अपना दल (कमेरावादी) की कार्यवाहक अध्यक्ष पल्लवी पटेल ने बगावती रुख अपना लिया है। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को बिना बताये अपनी पसंद की तीन सीट पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि इंडि गठबंधन के तहत हमें फूलपुर, मिजार्पुर और कौशांबी सीटें चाहिये। अब गठबंधन तय करेगा कि हमने जो सीटें मांगी हैं, वह देगा या नहीं?

पप्पू यादव की पार्टी जाप का कांग्रेस में विलय

पटना। बिहार में जन अधिकार पार्टी (जाप) सुप्रीमो पप्पू यादव की पार्टी का कांग्रेस में विलय हो गया है। दिल्ली में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में इसका ऐलान किया गया। पप्पू यादव कांग्रेस के टिकट पर पूर्णिया से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं।

जेपी पटेल ने 'कमल' छोड़ कर 'हाथ' थामा

- भाजपा से मांडू के विधायक को नयी दिल्ली में झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कांग्रेस की सदस्यता दिलायी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची/नयी दिल्ली। झारखंड के मांडू विधानसभा के विधायक और विधानसभा में भाजपा के सचेतक जय प्रकाश पटेल ने भाजपा छोड़ कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। वह बुधवार को दिल्ली स्थिति कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी में शामिल हुए। झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने जेपी पटेल को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करायी। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, पवन खेड़ा मौजूद थे। जेपी पटेल के कांग्रेस में शामिल होने के बाद से झारखंड की राजनीति में एक बार फिर हलचल शुरू हो गयी है। संभावना जतायी जा रही है कि जेपी पटेल को कांग्रेस हजारीबाग से लोकसभा चुनाव में उतार सकती है।

जेपी पटेल गिरिडीह के पूर्व सांसद और मांडू से पांच बार विधायक रहे झामुमो नेता टेकलाल महतो के बेटे हैं। टेकलाल महतो के निधन के बाद मांडू विधानसभा सीट से जेपी विधायक चुने गये। उन्होंने 2019 विधानसभा चुनाव से पहले झामुमो छोड़ कर भाजपा का दामन थामा था। इस चुनाव में उन्होंने तीसरी बार मांडू विधानसभा से जीत हासिल की। वर्तमान में जेपी भाजपा के विधानसभा में मुख्य सचेतक भी थे। वह टुंडी विधानसभा से झामुमो विधायक मथुरा महतो के दामाद हैं। दिल्ली में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि मैं समझता हूं कि यह झारखंड की आने वाली राजनीति के लिए आज का प्रकरण बहुत महत्वपूर्ण है और हमारे लिए बहुत बड़ा संकेत है।

चुनावी घोषणा के बाद दल-बदल का मामला हुआ तेज : लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ नेताओं के पाला बदलने की कवायद तेज हो गयी है। सीता सोरेन और जेपी पटेल के बाद कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और पूर्व भाजपा विधायक अब राज पालिवाल की चर्चा तेज है। बुधवार को इन दोनों के दल बदलने की चर्चा तेज रही। राज पालिवाल के कांग्रेस में जाने की खबर उड़ी। उधर, झरिया से कांग्रेस की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के दिल्ली जाने की खबर आ रही है। चर्चा है कि वह कभी भी भाजपा में शामिल हो सकती हैं। हालांकि पालिवाल और पूर्णिमा की खबर की आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इतना तय है कि आने वाले दिनों में दल बदलने वाले कई चेहरे आयेंगे।



भाजपा के विचारों से संतुष्ट नहीं: जेपी पटेल

कांग्रेस में शामिल होने के बाद जेपी पटेल ने कहा कि मैं भाजपा के विचारों से संतुष्ट नहीं था। आज मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि राहुल गांधी के नेतृत्व में आइएनडीआइए गठबंधन जो दौड़ रहा है, उसका परिणाम 2024 में हम दिखायेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि भाजपा में शामिल होकर झारखंड और क्षेत्र की जनता के लिए अपने पिता टेकलाल महतो के सपने को पूरा करूंगा, लेकिन यह नहीं कर पा रहा था। इसलिए मैंने भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल होने का निर्णय लिया। अब हम झारखंड की 14 सीटों पर जीत के लिए काम करेंगे।

बाउरी ने पटेल की सदस्यता रद्द करने के लिए लिखा पत्र

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी ने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो को पत्र लिख कर विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की सदस्यता रद्द करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश भाई पटेल भाजपा के चुनाव चिह्न पर मांडू विधानसभा सीट से चुनाव जीत कर विधायक बने थे। भाजपा ने उन्हें पार्टी में सचेतक भी बनाया, लेकिन वे संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए कांग्रेस में शामिल हो गये है। यह दल-बदल कानून के दायरे में आता है, इसलिए विधानसभा अध्यक्ष जेपी पटेल के खिलाफ संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत कार्रवाई करें।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप बाजार : मोदी

- प्रधानमंत्री स्टार्टअप महाकुंभ में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत मंडपम में आयोजित 'स्टार्टअप महाकुंभ' में भाग लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप की ओर से लगायी गयी प्रोडक्ट्स और इनोवेशन प्रदर्शनी को देखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप बाजार है, जिसे हमारे देश के युवा लीड कर रहे हैं। अब

हम तकनीक से जुड़े एक नये युग में हैं। मोदी ने कहा कि मैं एआइ की काफी मदद लेता हूं, जब चुनावी अभियान में भाषा की दिक्कत आती है, तो मैं एआइ का सहारा लेकर हर भाषा में लोगों तक अपनी बात पहुंचाता हूं। उन्होंने कहा कि कहा कि भारत का स्टार्टअप ईकोसिस्टम अभूतपूर्व रेट से बढ़ रहा है। यह केवल बड़े मेट्रो शहर तक सीमित नहीं है। भारत की स्टार्टअप क्रांति का नेतृत्व देश के छोटे शहरों के युवा कर रहे हैं।

'स्टार्टअप महाकुंभ' भारत का सबसे बड़ा और अपनी तरह का पहला स्टार्टअप आयोजन है। इसमें देशभर के 2000 से ज्यादा स्टार्टअप, 1000 से ज्यादा इंवेस्टर, 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न, 300 से अधिक इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर अपने आइडियाज के साथ शामिल हो रहे हैं।



सुप्रीम कोर्ट ने इडी को लगायी फटकार, कहा

बार-बार सप्लीमेंट्री चार्जशीट क्यों, यह गलत प्रैक्टिस

- इससे ट्रायल शुरू नहीं होता, आरोपी को जमानत नहीं मिल पाती

आजाद सिपाही संवादादता

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा बार-बार सप्लीमेंट्री चार्जशीट करने को गलत बताया गया। कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी इसलिए ऐसा कर रही है, ताकि मामले में ट्रायल शुरू न हो पाये और आरोपी को जमानत न मिल सके। कोर्ट ने इडी से कहा कि इस तरह की प्रैक्टिस गलत है। ऐसा करके किसी आरोपी को अनिश्चितकाल के लिए जेल में नहीं रख सकते। कोर्ट ने साथ ही कहा कि इस मामले में शख्स 18 महीने से जेल में है। इससे हमें परेशानी हो रही है। किसी मामले में हम इस मुद्दे को उठायेंगे। जब आप किसी आरोपी को गिरफ्तार करते हैं तो मुकदमा शुरू करना जरूरी होता है। अदालत ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की कैद का जिक्र किया, जिन्हें फरवरी 2023 में शराब नीति मामले में इडी ने गिरफ्तार किया था। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने यह टिप्पणी झारखंड के अवैध खनन मामले से जुड़े आरोपी प्रेम प्रकाश द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए की। प्रेम प्रकाश पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सहयोगी होने का आरोप है।

इडी ने प्रीति कुमार और पंकजनाथ से की पूछताछ

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के बर्लिन अस्पताल की जमीन से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बुधवार को प्रीति कुमार से पूछताछ की। प्रीति कुमार रांची एयरपोर्ट रोड स्थित एजेंसी के जोनल ऑफिस सुबह 11 बजे पहुंचीं। उनके हाथ में एक फाइल थी। जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद इडी के अधिकारियों ने प्रीति कुमार से पूछताछ शुरू की। गौरतलब है कि इडी ने प्रीति कुमार से 12 जनवरी को करीब छह घंटे तक पूछताछ की थी। उनसे बर्लिन अस्पताल की जमीन खरीद-बिक्री, भुगतान समेत अन्य विषयों से संबंधित दस्तावेजों की जानकारी मांगी गयी थी। संभवत: वह उन कागजातों को लेकर पहुंची थीं। इजी ने पिछले दिनों उन्हें फिर समन भेज कर 20 मार्च को तलब किया था। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के दौरान प्रीति कई सवालों का जवाब नहीं दे पायीं। उनके कई जवाब से इडी अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए। उधर, कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के बेहद करीबी माने जाने वाले पंकजनाथ को भी जांच एजेंसी ने बुधवार को अपने दफ्तर में बुलाया था। गौरतलब है कि पिछले दिनों इडी ने अंबा प्रसाद और उनके करीबियों के यहां छापेमारी की थी। इस दौरान इडी अधिकारियों को अवैध खनन, जमीन कब्जा, लेवी से संबंधित कई कागजात हाथ लगे थे। इसी क्रम में पंकजनाथ इडी के रडार पर आये थे। इसके बाद इडी ने उन्हें समन देकर पूछताछ के लिए 20 मार्च को बुलाया था। उनसे भी इडी ने अवैध खनन, जमीन कब्जा आदि से संबंधित सवाल पूछे। वह भी कई सवालों में उलझे। सूत्रों के मुताबिक इडी प्रीति और पंकजनाथ के बयानों की पुर्षि के बाद फिर से पूछताछ के लिए बुलायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 61,600 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 21 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in

मौसम की तरह अचानक बदल गया झारखंड का सियासी परिदृश्य

■ सीता सोरेन और जेपी पटेल के पाला बदलने से पैदा हुई नयी राजनीतिक सनसनी

■ दुमका और हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के चुनावी मुकाबले भी अब हो गये हैं रोचक

झारखंड की राजनीति भी लोगों की समझ से परे है। यहां कौन सा नेता कब किस दल में शामिल हो जायेगा, कोई अंदाजा नहीं लगा सकता। चुनाव के मौसम में तो पाला बदलने का यह खेल बेहद रोमांचक हो जाता है। इस बार भी झारखंड में कुछ ऐसा ही हो रहा है। लोकसभा चुनाव की घोषणा होने से कुछ ही दिन पहले पलामू के पूर्व सांसद रहे राजद नेता घूरन राम ने भाजपा का दामन थाम लिया था, तो उसके फौरन बाद सिंहभूम की कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा भी भाजपा में शामिल हो गयीं। घूरन राम को टिकट नहीं मिला, लेकिन गीता कोड़ा को भाजपा ने मैदान में उतार दिया। इसके बाद झारखंड की सबसे ताकतवर क्षेत्रीय पार्टी झामुमो को उस समय करारा झटका लगा, जब उसकी एक विधायक सीता सोरेन भी भाजपा में शामिल हो गयीं, लेकिन इसके 24 घंटे के भीतर ही झारखंड की सत्ता में झामुमो की सहयोगी कांग्रेस ने भाजपा के एक विधायक सह विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक जयप्रकाश भाई पटेल को तोड़ कर भाजपा को करारा झटका दिया। इतना ही नहीं, भाजपा के एक पूर्व विधायक राज पालीवार के भी जल्दी ही कांग्रेस में शामिल होने की संभावना जतायी जा रही है। कारण राज पालीवार की भाजपा सांसद निशिकांत दुबे से नहीं पटती। राज पालीवार यह मान कर चल रहे हैं कि निशिकांत दुबे उन्हें आगे नहीं बढ़ने देंगे। पाला बदलने के इस अचानक तेज हुए सिलसिले से एक बात साफ हो गयी है कि राज्य में कोई भी पार्टी अब पाला बदलने के खेल में पीछे नहीं है। नेताओं के पाला बदलने को राजनीतिक अवसरवाद का उदाहरण माना जाता है, तो झारखंड हमेशा से इस मामले में अव्वल रहा है और इस बार भी वह इसका उदाहरण पेश कर रहा है। सीता सोरेन और जयप्रकाश भाई पटेल के पाला बदलने का संसदीय चुनावों पर कितना और क्या असर होगा, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

संसदीय चुनाव की घोषणा होने के साथ ही पूरे देश के साथ झारखंड में सियासी गतिविधियां बढ़ीं तो फिर नेताओं के पाला बदलने का सिलसिला भी तेज हो गया है। झारखंड वैसे भी नेताओं के पाला बदलने और राजनीतिक अवसरवाद के मामले में दुनिया भर में चर्चित रहा है, लेकिन इस बार चुनाव नजदीक आने के साथ ही यह सिलसिला इतना तेज हो गया है कि बड़े-बड़े राजनीतिक पंडित भी चकराने लगे हैं। चुनावों की घोषणा से ठीक पहले पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम ने राजद छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया था। इसके ठीक बाद भाजपा ने दूसरा बड़ा खेल खेला, जब उसने सिंहभूम की कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को अपने पाले में कर लिया और उन्हें सिंहभूम से बतौर उम्मीदवार मैदान में उतार दिया।

इन दोनों नेताओं के पाला बदलने से पैदा हुई हलचल अभी थमी ही थी कि भाजपा ने राज्य में सत्तारूढ़ महागठबंधन को एक और करारा झटका दिया। उसने झामुमो की केंद्रीय महासचिव और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सह जामा की विधायक सीता सोरेन को तोड़ लिया। इस बड़े राजनीतिक घटनाक्रम में झारखंड की राजनीति को नये सिरे से देखने की कोशिश शुरू ही हुई थी कि अचानक भाजपा को जोर का झटका लगा। सीता सोरेन के पाला बदलने के 24 घंटे के भीतर विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक सह मांडू के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने पार्टी से इस्तीफा देकर कांग्रेस का दामन थाम लिया। इन दोनों नेताओं के पाला बदलने के बाद अब चर्चा है कि भाजपा के एक पूर्व विधायक राज पालीवार भी जल्दी कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। वह मधुपुर के विधायक और मंत्री भी रह चुके हैं। पाला बदलने के इस खेल के राजनीतिक असर का आकलन उतना ही जरूरी है, जितना कि यह जानना कि आखिर यह खेल क्यों हो रहा है।

सीता सोरेन ने क्यों बदला पाला

पहले बात करते हैं सीता सोरेन की। सीता सोरेन झामुमो के टिकट पर तीन बार जामा से विधायक रह चुकी हैं। वह शिबू सोरेन के बड़े पुत्र दिवंगत दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं और फिलहाल अपनी ससुराल से अलग रह रही हैं। सीता सोरेन का पाला बदलना झारखंड की राजनीति में कोई सामान्य घटना नहीं है। पार्टी से उनकी नाराजगी की खबरें लगातार आती रही हैं। उनके पति दुर्गा सोरेन की झारखंड आंदोलन में अग्रणी भूमिका रही है। सीता सोरेन की पीड़ा यह थी कि पार्टी ने लगातार उनकी उपेक्षा की। हेमंत सोरेन 2019 में सीएम बने तो उन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी गयी। उसके बाद से ही सीता का मन पार्टी से उचट गया था। अपनी ही सरकार के खिलाफ वह समय-समय पर बोलती रहीं। हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को सीएम बनाये जाने की चर्चा के बीच सीता सोरेन ने भी दावेदारी ठोंक दी थी। तब उन्होंने कहा था कि परिवार की बड़ी बहू होने के नाते सीएम बनने का पहला हक उनका ही है। आखिरकार, कल्पना सीएम की कुर्सी पर बैठने से वंचित रह गयीं और चंपाई सोरेन सीएम बन गये। सीता सोरेन को उम्मीद थी कि नयी सरकार में उन्हें मंत्री पद दिया जायेगा, लेकिन वह भी नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने अपनी बेटी जयश्री सोरेन के लिए दुमका से झामुमो का टिकट मांगा, लेकिन उस पर भी उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद सीता सोरेन ने पार्टी सुप्रीमो को एक भावुक पत्र लिख कर पार्टी की सदस्यता के साथ विधायक पद से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया।

सीता सोरेन ने 2019 के चुनाव में जामा सीट से 60925 वोट लाकर जीत हासिल की थी। उन्होंने भाजपा के सुरेश मुर्मू को 2426 वोटों के अंतर से हराया था। इससे पहले वह 2009 और 2014 में भी विधायक चुनी गयी थीं। भाजपा में शामिल होने के बाद चर्चा फैली कि सीता सोरेन को दुमका से भाजपा का उम्मीदवार बनाया जा रहा है, लेकिन अब स्पष्ट हो गया है कि आवासीय विवाद के कारण वह झारखंड में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट से चुनाव नहीं लड़ सकती हैं। इसलिए अब चर्चा है कि उनकी बड़ी बेटी जयश्री उरांव को दुमका से टिकट दिया जा सकता है, जहां से झामुमो की तरफ से हेमंत सोरेन के उतरने की चर्चा है। यदि ऐसा हुआ, तो शिबू सोरेन के परिवार के दो सदस्यों के बीच यह पहला चुनावी मुकाबला होगा।

झामुमो के और नेता भी छोड़ सकते हैं साथ

झामुमो में सीता सोरेन ही नहीं, बल्कि कई और विधायक भी नाराज हैं। लोबिन हेंब्रम हेंब्रम सहित चार-पांच नाम तो घोषित तौर पर गिनाये जा सकते हैं। सीता सोरेन के पाला बदलने से उन्हें भी जरूर हिम्मत बंधी होगी। वे भी पाला बदल की कड़ी को आगे बढ़ाने में शामिल हो जायें, तो आश्चर्य की बात नहीं होगी। किसी को मंत्री पद नहीं मिलने से नाराजगी है, तो कोई लोकसभा का टिकट चाह रहा है, तो कोई बोर्ड निगम में बड़ा पद। लोबिन हेंब्रम की पीड़ा तो यह है कि पार्टी में उनकी कोई बात ही नहीं सुनी जाती। विधानसभा में भी उन्हें अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया जाता। इसलिए माना जा रहा है कि आनेवाले चुनाव में वह राजमहल सीट से झामुमो के विजय हांसदा के लिए चुनौती बनेंगे।

अब जेपी पटेल की कहानी

झामुमो के संस्थापक रहे टेकलाल महतो के पुत्र जयप्रकाश भाई पटेल 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले तक मांडू से झामुमो के विधायक थे। वह 2009 और 2014 में भी विधायक चुने गये थे। 2019 में 49855 वोट लाकर वह लगातार तीसरी बार विधायक बने थे। उन्होंने आजसू के निर्मल महतो को 2062 वोटों के अंतर से शिकस्त दी थी। विधायक बनने के बाद भाजपा ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी और विधायक दल का मुख्य सचेतक बनाया। जेपी पटेल के मन में शुरू से ही हजारीबाग संसदीय सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ने की इच्छा थी, लेकिन जयंत सिन्हा की जगह मनीष जयसवाल को वहां से भाजपा ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। इसके बाद जेपी पटेल ने पाला बदलने की सोची और बुधवार को वह कांग्रेस में शामिल हो गये हैं। भाजपा छोड़ने के बारे में उन्होंने कहा कि वह किसी पर आरोप नहीं लगा रहे। 2019 के लोकसभा चुनाव में न सिर्फ भाजपा, बल्कि एनडीए गठबंधन के लिए उन्होंने प्रचार किया। उन्हें लगा कि झारखंड के लोगों के लिए काम कर सकेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने कहा, मेरे पिता टेकलाल महतो अग्रणी योद्धा थे। हमें लगा कि एनडीए में जाने से उनके विजन को आगे बढ़ायेंगे, लेकिन ऐसा माहौल नहीं बना। हम 'इंडिया' गठबंधन को झारखंड में मजबूत करेंगे।

अब जयप्रकाश भाई पटेल को कांग्रेस हजारीबाग संसदीय सीट से उम्मीदवार बनायेगी और यदि ऐसा हुआ, तो उनका मुकाबला चार वर्ष तक उनके साथी रहे मनीष जायसवाल से होगा। जेपी भाई पटेल के रूप में कांग्रेस को एक चेहरा जरूर मिला है, लेकिन वह जातीय समीकरण को कितना साध सकेंगे, यह अभी देखना बाकी है, क्योंकि हजारीबाग सीट पर जातीय समीकरण में आजसू मजबूत है और गठबंधन में होने के कारण वह पूरी तरह से मनीष जयसवाल के साथ है।

कांग्रेस में भी पाला बदलने की है छटपटाहट

झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार है। कांग्रेस में भी नाराजगी कम नहीं है। हाल ही में चंपाई सोरेन के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद कांग्रेज के दर्जन भर विधायक अपनी शिकायतें लेकर पार्टी आलाकमान के पास पहुंचे थे। आलाकमान के आश्वासन से वे कितने संतुष्ट हुए, यह तो नहीं मालूम, लेकिन उनकी मांगों पर अब तक कोई सकारात्मक पहल कांग्रेस ने नहीं की है। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व और उसके कोटे से बने मंत्रियों को लेकर कांग्रेस नेताओं में नाराजगी है। पाला बदल का सिलसिला अगर जोर पकड़ता है, तो कांग्रेस के कई विधायक भाजपा का दामन थाम सकते हैं। भाजपा ने धनबाद और चतरा की लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा नहीं कर यह सस्पेंस बना दिया है कि लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक सत्ताधारी गठबंधन के विधायक अगर आते हैं, तो उन्हें एडजस्ट किया जा सकता है।

झारखंड विधानसभा में नियुक्ति घोटाला : हाइकोर्ट ने दोनों कमेटी की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा में नियुक्ति घोटाला मामले में शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को अगली सुनवाई में विधानसभा नियुक्ति से संबंधित जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट के साथ-साथ जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने मामले के लिए सुनवाई 18 अप्रैल निर्धारित की है। इससे पहले कोर्ट ने सरकार से मौखिक पूछा कि जब जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट आ गयी थी, तो फिर एक और नया आयोग क्यों बनाया गया? इस पर महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से बताया गया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में कई खामियां थीं। इस रिपोर्ट को छह माह के भीतर विधानसभा के पटल पर भी नहीं रखा जा सका था। झारखंड विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की।

क्या है मामला

प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमीशन बना था, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी। उसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था। लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा-निर्देश के बावजूद विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है। मामले में देरी होने से गलत तरीके से चयनित होनेवाले अधिकारी सेवानिवृत्त हो जायेंगे।

जेल में ही बीतेगी प्रेम प्रकाश की होली, सुप्रीम कोर्ट से बेल नहीं

रांची (आजाद सिपाही)। अवैध खनन और लैंड स्कैम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी प्रेम प्रकाश को फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई के लिए अप्रैल महीने का समय निर्धारित किया है। ऐसे में प्रेम प्रकाश की होली जेल की सलाखों के पीछे ही बीतेगी। बता दें कि प्रेम प्रकाश को झारखंड हाइकोर्ट और इडी कोर्ट ने बेल देने से इनकार कर दिया था। उसके बाद उन्होंने अपने बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

जेपी पटेल के कदम को अमर बाउरी ने बताया आत्मघाती

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मांडू विधायक जेपी पटेल ने बुधवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस पर अपनी प्रतिक्रिया में नेता प्रतिपक्ष और चंदन क्यारी विधायक अमर कुमार बाउरी ने कहा कि सभी राजनेता अपने हिसाब से राजनीति करते हैं। कोई व्यक्तिगत हित के लिए राजनीति करता है, तो कोई राष्ट्रहित के लिए।

जेपी पटेल एक परिवार को मजबूत करने के लिए कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इस पार्टी की तुलना में भाजपा में शामिल होनेवाले नेता राष्ट्र को मजबूत करने के लिए शामिल होते हैं। साथ ही उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने को जेपी पटेल का आत्मघाती कदम बताया। कहा कि जेपी पटेल के जाने का भाजपा फायदा और नुकसान नहीं सोच रही, भाजपा अपनी विचारधारा के साथ आगे बढ़ रही है। जो भी इस विचारधारा के साथ जुड़ा है, वह जरूर आगे बढ़ा है।

हजारीबाग में भाजपा की जीत तय: दीपक प्रकाश

राज्यसभा सांसद और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने जेपी पटेल प्रकरण पर कहा कि यही लोकतंत्र की खुबसूरती है। जेपी पटेल को उनकी ओर से शुभकामनाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि हजारीबाग सीट से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का चुनाव जीतना तय है। जेपी पटेल वहां जोर लगा कर देख लें। भाजपा कैडर आधारित पार्टी है। किसी एक विधायक के आने और जाने से पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ता है।

आरोपी की मदद करनेवाले मनी लॉन्ड्रिंग के दोषी माने जाते हैं

रांची पुलिस के नोटिस भेजे जाने पर इडी का जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही इडी के अधिकारी को नोटिस भेजे जाने पर इडी की तरफ से जवाब भेजा गया है। पुलिस नोटिस में बड़गाईं की जमीन का उल्लेख किया गया है। इस मामले में हेमंत सोरेन आरोपी हैं। कहा गया है कि आरोपी को मदद करनेवाले को पीएमएलए की धारा-3 के तहत मनी लॉन्ड्रिंग का दोषी माना जाता है। हेमंत सोरेन ने इडी के अधिकारियों पर एससी-एसटी थाना में प्राथमिकी (6/24) दर्ज करायी थी। रांची पुलिस ने इस मामले में इडी के अधिकारियों को नोटिस भेजा था। नोटिस मिलने के बाद पुलिस को इडी की तरफ से पत्र भेजा गया। पत्र में कहा गया है कि इडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी दिल्ली स्थित मुख्यमंत्री आवास में इडी द्वारा की गयी छापेमारी से संबंधित है। हेमंत सोरेन ने खुद को बचाने और इडी से बदला लेने के लिए प्राथमिकी दर्ज करवायी। इडी ने दिल्ली में की गयी छापेमारी में गाड़ी और नकद जब्त किया था। वहीं, एससी-एसटी प्राथमिकी के खिलाफ इडी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। कोर्ट ने फिलहाल पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

बावजूद पुलिस ने इडी के अधिकारियों को सीआरपीसी की धारा 41-ए के तहत नोटिस भेज दिया। इडी ने पुलिस की इस कार्रवाई को कोर्ट की अवमानना बताया। इडी के अधिकारियों को सीआरपीसी की धारा 41-ए के तहत भेजे गये नोटिस में बड़गाईं स्थित जमीन का उल्लेख किया गया है। इस मामले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया है और जांच चल रही है। ऐसे में पुलिस का इडी के अधिकारियों को नोटिस भेजना जांच प्रभावित करने जैसा है।

प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी को मदद पहुंचाने की कोशिश भी पीएमएलए के प्रावधानों के तहत मनी लॉन्ड्रिंग का दोषी माना जाता है।

झारखंड में महिला के साथ पुरुष कर्मियों को भी मिलेगा पितृत्व अवकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य सरकार ने झारखंड सेवा संहिता 2000 के प्रारूप को स्वीकृति दे दी है। इसके तहत महिला कर्मियों के साथ पुरुष कर्मियों को भी पितृत्व अवकाश मिलेगा। राज्य सरकार ने छठे केंद्रीय वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में यह निर्णय लिया है। इस प्रारूप में राज्य सरकार ने सरकारी महिला कर्मियों के मातृत्व अवकाश की अधिसीमा में वृद्धि करने के साथ पुरुष कर्मियों के लिए पितृत्व अवकाश का प्रावधान किया है।

पितृत्व अवकाश के लिए क्या है प्रावधान : पितृत्व अवकाश के तहत एकल पुरुष अभिभावक, जिसमें अविवाहित, विधुर या तलाकशुदा शामिल हैं, उन्हें यह सुविधा प्रदान की जायेगी। शिशु देखभाल अवकाश अर्जित अवकाश के समान मानी जायेगी और उसी प्रकार से मंजूर की जायेगी। बताते चलें कि केंद्र सरकार की महिला कर्मियों के लिए समस्त सेवाकाल में दो अवयस्क संतानों की देखभाल के लिए कुल 730 दिनों की शिशु देखभाल अवकाश का प्रावधान किया गया है। एकल पुरुष कर्मियों के लिए भी उक्त सुविधा कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के आदेश से प्रदान की गयी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	27.6 °c	15.2 °c
सूर्यास्त (आज) :		17.59 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.52 बजे

झामुमो के साथ ही महागठबंधन की कमान होगी कल्पना सोरेन के हाथ!

चुनाव प्रचार अभियान की पूरी जिम्मेदारी संभालेंगी हेमंत सोरेन की पत्नी

गिरिडीह की गांडेय विधानसभा सीट से उतर सकती हैं चुनाव मैदान में

अजय शर्मा

रांची (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों और बिछती बिसात के बीच झारखंड की सियासत में एक नाम पर अचानक से सबकी नजरें जा टिकी हैं। यह नाम है कल्पना सोरेन का, जो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और शिबू सोरेन की बहू हैं। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के एक महीने बाद कल्पना सोरेन की सार्वजनिक जीवन में धमाकेदार और भावुक इंट्री ने साफ कर दिया है कि झारखंड में सत्तारूढ़ महागठबंधन की कमान अब उनके हाथों में है।

कल्पना सोरेन ने पहली बार चार मार्च को सार्वजनिक जीवन में इंट्री ली। गिरिडीह में झामुमो के स्थापना दिवस समारोह में आंसुओं से भींगे अपने संबोधन में उन्होंने लोगों के साथ जो संवाद किया, उसने आनेवाले दिनों की झलक दिखा दी। इसके बाद से कल्पना लगातार राजनीति में सक्रिय हैं और झामुमो के कई कार्यक्रमों में वह शामिल हो चुकी है। तीन दिन पहले राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन के मौके पर मुंबई के ऐतिहासिक शिवाजी पार्क मैदान में आयोजित इंडी अलायंस के रैली में उन्होंने अपने भाषण से लोगों को खूब प्रभावित किया। अपने भाषण में कल्पना ने न केवल झारखंड की बात कही, बल्कि राष्ट्रीय स्तर के कई मुद्दों को भी उठाया। उनके भाषण की सराहना भी हुई।इसके अलावा झामुमो में भी उनकी सक्रियता बढ़ती जा रही है। संभावना जतायी जा रही है कि कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा सीट से चुनावी मुकाबले में उतर सकती हैं।

कल्पना सोरेन की सक्रियता और लोगों से कनेक्ट करने की उनकी क्षमता को देखते हुए यह संकेत मिल रहा है कि झारखंड में झामुमो ही नहीं, सत्तारूढ़ महागठबंधन के चुनाव प्रचार अभियान की कमान उनको सौंपी जा रही है। कल्पना सोरेन ने इसके लिए कमर कस ली है। कल्पना सोरेन ने बुधवार को गिरिडीह दौरे की शुरुआत की है। वह गांडेय भी जायेंगी। उन्होंने अपनी एक टीम बनायी है, जिसमें युवा नेताओं को जगह दी गयी है। ये पार्टी के कार्यकर्ता भी हैं बहुत सक्रिय हैं। कल्पना सोरेन का मानना है कि झारखंडी कभी समझौता नहीं करता। पूंजीपतियों और सामंतवादियों के खिलाफ लड़ते हुए जेल चले गये वे झुके नहीं। वैसे भी हमारा आदिवासी समाज पीठ दिखाकर समझौता कर आगे बढ़ना नहीं सीखा है। वह संकेत दे रही हैं कि यह संघर्ष जारी रहेगा।

गूंगा नाला पर पुल बनने से मिलेगी राहत

बुंडू-सिल्ली रोड की दूरी 26 किमी कम होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में रोड कनेक्टिविटी के लिए लगातार काम किये जा रहे हैं। पथ निर्माण विभाग लगातार ऐसी सड़कों को चिह्नित कर रहा और इसके निर्माण की स्वीकृति दे रहा है। बीते कैबिनेट में गूंगा नाला पर उच्चस्तरीय पुल बनाने की मंजूरी दी गयी है। इस पुल के बनने से रांची-पुरुलिया रोड से बुंडू-सिल्ली पथ की दूरी 26 किमी तक कम हो जायेगी। पथ निर्माण विभाग ने 112 करोड़, 11 लाख, 93 हजार रुपये की योजना की स्वीकृति दिया है। मेजर जिला रोड अनगड़ा-हाहे-राहे पथ, मेजर जिला सड़क 21 के पांच किमी पर गूंगा नाला अवस्थित है।

इसी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कराया जायेगा। प्रस्तावित पुल एवं आरओबी साइट हाहे-राहे पथ का मिसिंग लिंक है जो मूल रूप से घाटी क्षेत्र अधिकतम 45 मीटर गहरायी है। गूंगा नाला की चौड़ाई 30 मीटर है जो इस घाटी के नीचे बहती है। मिसिंग लिंक में एक रेलवे क्रासिंग भी है जो गंगा घाट रेलवे स्टेशन के 115 मीटर पूर्व में अवस्थित है। ऐसे में प्रस्तावित परियोजना के बनने से रांची-पुरुलिया रोड पर अनगड़ा को रांची-टाटा पथ एनएच 33 पर बुंडू को भी जोड़ेगी। इससे रांची-पुरूलिया से बुंडू-सिल्ली रोड की दूरी कम होगी। यातायात काफी सुगम होगा। पूरी परियोजना में 112 करोड़ से अधिक राशि खर्च होने का आकलन है। इसका कार्य झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकार के जरिये होगा। भूमि अर्जन भी की जायेगी। 2026 तक इसका काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। पथ निर्माण विभाग चुनाव के बाद टेंडर जारी कर काम फाइनल करेगा।

लातेहार सिविल कोर्ट में हमला करने के आरोपी को बेल देने से हाइकोर्ट का इनकार

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के लातेहार सिविल कोर्ट में वर्ष 2022 में टाना भगत और आदिवासी समुदाय द्वारा घेराव और पुलिस पर हमले के आरोपी परमेश्वर टाना भगत को बेल देने से हाइकोर्ट ने इनकार कर दिया है। अखिल भारतीय टाना भगत समिति के सचिव बहादुर टाना भगत और संगठन के नेताओं राजेंद्र टाना भगत, मनोज कुमार मिंज, धर्मदेव भगत, धानेश्वर टोप्पो और अजीत मिंज को इस केस में नामजद किया गया है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में आरोपी की बेल पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता विनीत वशिष्ठ ने बेल याचिका का पुरजोर विरोध किया, जिसके बाद अदालत ने आरोपी की बेल याचिका खारिज कर दी।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

विविध वैद्युतिक कार्य हेतु
विद्युत/क.वि. विभाग के लिये खुली निविदायें

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा संख्याः
TRD-OT-19-TR-GCCIC-23-24

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधिः "(i) Dhanbad Division - TBR(Turnouts) - 172 sets (ii) GARWA ROAD - BILLI TRR/P-0.908 KM in between MXY-DXN DN (iii) BARKAKANA-GARWA ROAD TRR/P-1.720 KM in between KMND-HHG DN (iv) BARKAKANA-GARWA ROAD TRR/P-1.720 KM in between HHG CPDR DN (v) BARKAKANA-GARWA ROAD - TRR/P-1.682 KM in between HHG-CPDR -0.952 DN & CTQ-RCGT-0.730 UP (vi) BARKAKANA-GARWA ROAD (BRKA-GHD) TRR/P-1.312 KM(UP & DN) (vii) BARKAKANA-GARWA ROAD - TRR/P-1.720 KM in between KMND-HHG DN (viii) BARKAKANA- GARWA ROAD - TRR/P-1.720 KM in between KMND-HHG DN". कार्य समापन की अवधि – (08) छः माह
2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः रू.97,27,125.49/– (निविदा प्रपत्र का मुल्य – शून्य) **3. बीड सिक्युरिटिः** रू.1,94,600/– **4. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः** ई–निविदा बंद होने की तिथि 09.04.2024 को 11:00 बजे ई–निविदा खुलने की तिथि 09.04.2024 को 11: 30 बजे **5. वेबसाईट का विवरणः वेबसाईट** www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबन्धक/क.वि.
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/02590/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/23–24/48

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिए खुली निविदाएँ। मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः

1. ई–निविदा संख्याः ईएल/33/खुली/2023–24
कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधिः (अ) बरकाकाना में आईओडब्ल्यू कार्यालय, पीडब्ल्यूआई कार्यालय और स्टोर के निर्माण से संबंधित विद्युतीय कार्य (ब) धनबाद मंडल के गोमो, बरकाकाना और चोपन स्टेशनों पर टीटीई विश्राम कक्ष में एयरकंडीशनर का प्रावधान (स) धनबाद यार्डः धनबाद यार्ड के हावड़ा छोर पर एवाईएम केबिन के नजदीक लोको एफओबी (काठ पूल) को 3.05 मीटर चौड़े नए एफओबी से बदलाव। (कार्य समापन अवधिः नौ माह), **कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रु. 24,58,676.87, **बिड सिक्यूरिटीः** रु. 49,200.00

2. ई–निविदा संख्याः ईएल/34/खुली/2023–24
कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधिः धनबाद मंडल में डीजी सेट के बदले कोचिंग डिपो/धनबाद, रनिंग रूम/धनबाद और मंडल रेलवे अस्पताल/धनबाद में आपातकालीन बिजली आपूर्ति के लिए एटी का प्रावधान। (कार्य समापन अवधिः नौ माह), **कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रु. 86,17,939.99, **बिड सिक्यूरिटीः** रु. 1,72,400.00

3. ई–निविदा संख्याः ईएल/35/खुली/2023–24
कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधिः धनबाद मंडलः– धनबाद मंडल (गढ़वा रोड–चोपन–महदिया, गढ़वा रोड–बरकाकाना, पाथरडीह–प्रधानखंटा) (446 किमी) में स्वचालित ब्लॉक सिगनलिंग प्रणाली का प्रावधान से संबंधित विद्युतीय कार्य। (कार्य समापन अवधिः नौ माह), **कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रु. 1,98,03,441.43, **बिड सिक्यूरिटीः** रु. 2,49,000.00
ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः ई. निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 15.04.2024 को 11:00 बजे, ई.निविदा खुलने की तिथि दिनांक 15.04.2024 को 11:30 बजे के बाद।
वेबसाइट का विवरणः वेबसाइट www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/02587/डीएचएन/ईजीईएन/टी/23–24/60

एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने राजभवन के पास धरना दे रहे लोगों को हटवाया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार एवं अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) रांची राजेश्वर नाथ आलोक बुधवार को राजभवन के पास पहुंचे। वहां धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों को हटवाया। झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ एवं राष्ट्रीय युवा शक्ति को लोकसभा चुनाव-2024 की आचार संहिता के तहत तत्काल धरना प्रदर्शन हटाने को कहा, जिस पर उन्होंने तत्काल धरना हटा लिया। इस दौरान कोतवाली इंस्पेक्टर भी मौजूद रहे।

आचार संहिता के बारे में जानकारी दी गयी। एसडीओ ने धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों को आचार संहिता के बारे में जानकारी दी। उन्हें बताया कि आचार संहिता के दौरान सार्वजनिक और सरकारी संपत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर और पंपलेट्स चिपकाना, पार्टी विशेष का झंडा लगाना, सड़कों पर बैनर, होर्डिंग और तोरण द्वार लगाना प्रतिबंधित है।

आइएसएम पुंदाग के 40 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

अधिकतम आठ लाख सालाना का मिला पैकेज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आइएसएम, पुंदाग के इस वर्ष अंतिम वर्ष के 40 छात्र-छात्राओं का नामी गिरामी कंपनियों में नौकरी के ऑफर मिले हैं। कैंपस में उद्योग के द्वारा छात्रों को अधिकतम 8 लाख तक का पैकेज दिया गया है। संस्थान के डायरेक्टर डॉक्टर गंगा प्रसाद सिंह ने बताया कि 2024 में आइएसएम में आयोजित कैंपस सेलेक्शन में 40 योग्य छात्र-छात्राओं को जॉब ऑफर मिला है। निदेशक डॉक्टर सिंह ने कहा कि प्लेसमेंट के लिए अभी कुछ दिनों का समय शेष है। उन्होंने कहा कि आइएसएम का मुख्य उद्देश्य है अच्छी शिक्षा के साथ-साथ सभी छात्र-छात्राओं को अच्छी नौकरी हासिल करना ताकी शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को भी आगे बढ़ने का मौका मिल सके। जॉब ऑफर देने वाली कंपनियों में फोन पे, नेरोलैक, एशियन पेंट, टाटा स्टील, टाटा पॉवर, बजाज फाइनेंस, बायजू लिमिटेड, ट्राइडेंट ओबेरॉय, चैन्नई एंड हैदराबाद, मेरियट कोर्टियार्ड, टीसीआई, जैसी नामी कंपनियां शामिल हैं। प्लेसमेंट होने वाले छात्र रामलखन गुप्ता, प्रियंका बोदरा, सुमित टोप्पो, बीरबल प्रकाश, खुशी कुमारी, कुमार प्रणित, शोभा पूर्ति, रोशन, मांशी मुंडा, संदीप, रीतिका, नेहा टोप्पो, नूपुर पॉल, कामिनी कच्छप, प्रियांशु निनेवार, रीति थापा, सोनल रचना, शृष्टी कुमारी अनमोल भार्गव सभी होटल प्रबंधन के हैं।

एमबीए के छात्र-छात्राओं का नाम जो चयन किये गये हैं वो हैं साकेत सुमन, गौरव तिवारी, मोहमद आशिफ, रिचर्ड, अंजू महतो, प्राची कुमारी, नेहा कुमारी, डायना टोप्पो, डेजी स्वर्नलाता, यासमीन निखत, श्रद्धा मेहता, हर्ष कुमार सिंह, विष्णु, इशु भूषण, आशा कुमारी, शिवपूजन, गोविंद बाबू, आर्यमा। संस्थान के निदेशक ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी है। कहा कि हम अपने प्लेसमेंट पहल को मजबूत करने के लिए उद्योग-शैक्षणिक साझेदारियों को बढ़ावा देने और अपने छात्रों के करियर विकास में निरंतर निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

रांची में बनेगा यूनिटी मॉल, ग्रामीण शिल्पियों के उत्पादों की होगी बिक्री

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी रांची के ग्रेटर एरिया एचइसी में निर्मित हो रहे वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में यूनिटी मॉल का निर्माण कराया जायेगा। भारत सरकार की योजना को झारखंड सरकार ने स्वीकृत करते हुए आदेश जारी किया है। भारत सरकार ने स्कीम ऑफ स्पेशल एसिसटेंट के तहत देश के सभी राज्यों की राजधानी में यूनिटी मॉल निर्माण कराने का फैसला लिया है। इसके लिए 5000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। झारखंड द्वारा भेजा गया डीपीआर भी भारत सरकार ने स्वीकृत कर दिया है। 162.92 करोड़ की लागत इसके निर्माण में आयेगी। सारी राशि का वहन भारत सरकार करेगी। इस योजना अंतर्गत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर निर्माण के लिए जिडको को निःशुल्क कोर कैपिटल एरिया साइड-1, एचइसी धुर्वा रांची में 3.45 एकड़ भूमि उपलब्ध करायी गयी है। इस भूखंड के एक भाग पर यूनिटी मॉल का निर्माण कराया जायेगा। इस संबंध में नगर विकास विभाग से भी पहले सहमति ली गयी है। ऐसे में एक जगह वर्ल्ड ट्रेड सेंटर और यूनिटी मॉल का निर्माण किया जायेगा।

महेंद्र सिंह धोनी के साथ हुई करोड़ों की धोखाधड़ी मामले में कोर्ट ने लिया संज्ञान

अब मामले के आरोपियों के खिलाफ कोर्ट समन जारी करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी के साथ अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के संचालकों द्वारा करोड़ों की धोखाधड़ी को लेकर दर्ज मामले में न्यायिक दंडाधिकारी राजकुमार पांडे की कोर्ट ने संज्ञान लिया है। अब मामले के आरोपियों के खिलाफ कोर्ट समन जारी करेगा। दरअसल, महेंद्र सिंह धौनी ने अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के संचालक मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास के खिलाफ 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए रांची सिविल कोर्ट में केस फाइल किया है। मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास पर धौनी ने विश्वासघात करने और उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचने का आरोप लगाया है। बताया गया है कि दोनों आरोपियों ने साल 2017 में धौनी को बताया था कि वे लोग धौनी के नाम से क्रिकेट एकेडमी और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खोलेंगे। जिसके बदले उन्हें फ्रेंचाइंजी फीस देने की बात भी कही गयी थी। इसके बाद इन लोगों ने देशभर में महेंद्र सिंह धौनी के नाम पर संस्थाएं खोलनी शुरू कर दीं। लेकिन इसके बारे में उन्होंने धौनी को कोई जानकारी नहीं दी। उन्हें एग्रीमेंट के अनुसार पैसे भी नहीं दिये गये। जिसके बाद 15 अगस्त 2021 को एमएस धौनी ने उनके साथ हुआ अपना करार खत्म कर दिया। लेकिन इसके बावजूद वह एमएस धौनी के नाम पर क्रिकेट एकेडमी खोलते रहे। इसके बाद इन्हें नोटिस भी भेजा गया लेकिन ये लोग इसे रोक नहीं रहे थे। जिसके बाद उन्होंने रांची सिविल कोर्ट में केस दर्ज कराया।

स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना

पीआइएल पर हुई सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट में स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना को बंद करने के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। बुधवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने एफिडेविट फाइल करने के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने अगली सुनवाई तक एफिडेविट दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में संतोष कुमार सोनी ने हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। अपनी याचिका में उन्होंने कहा है कि स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना में अब तक 6.5 हजार करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, लेकिन राज्य सरकार ने मार्च 2020 में इस योजना पर काम बंद करने का आदेश दिया है। उनकी ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार व श्रेष्ठ गौतम ने बहस की।

जिला जज संतोष कुमार की प्रतिनियुक्ति सुप्रीम कोर्ट में

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड उच्च न्यायालय की अनुशंसा के आलोक में प्रधान जिला जज बोकारो संतोष कुमार की सेवा एक वर्ष के लिए सुप्रीम कोर्ट में सौंपी गयी है। उन्हें सर्वोच्च न्यायालय में ऑफिसर ऑफ स्पेशल ड्यूटी, रजिस्ट्रार ग्रेड में नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी किया है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष रोजी-रोजगार की स्थिति में सुधार, नयी व्यापारिक योजना बनेगी, नियमित आमदनी के साधन बनेंगे।

वृष अनेक परेशानियों का स्वतः निवारण होता रहेगा,लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे।

मिथुन घरेलू सामजस्य बनने लगेगा, उत्साह उमंग भरा होगा, नौकरी में पदोन्नति तथा व्यवसाय में लाभ के प्रेम संबंधो में सुधार।

कर्क विद्यारथियों को अध्ययन अध्यवसाय में रूचि,सुख-सौहार्द की वृद्धि, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण रहेगा।

सिंह अस्वाभविक भोग-वासना की वृद्धि होगी, रुके हुए कार्य में तेजी आयेगी, लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे।

कन्या कठिन परिश्रम-प्रयत्न से बेरोजगारों को रोजगार मिलने की संभावना, क्रमशः आमदनी के साधनों में सुधार होगा।

तुला प्रेम प्रसंग में उलझनें दूर होगी, बकाये रकम की प्राप्ति,व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।

वृश्चिक क्रोध पर नियत्रंण रखें,परिश्रम-प्रयत्न से नौकरी-व्यापार में उन्नति, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

धनु कर्मक्षेत्र में प्रंशसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा,पैसे का लाभ होगा। बड़े-बुजुर्गों का प्यार मिलेगा।

मकर दिन-भर अनावश्यक भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है,आय के स्रोत बढ़ेंगे।

कुंभ किसी भी यशोचित कार्य में आपकी भाग्य बाधा हो सकता है, जॉब में अप्रिय प्रसंगों की प्राप्ति।

मीन काम-काज की स्थिति में सुधार होगा, प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी हो सकती है, कोई नया काम करने से नुकसान होगा।

मांडू के विधायक के कांग्रेस में शामिल होने से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा: भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा ने बुधवार को दावा किया कि झारखंड के मांडू से उसके विधायक जय प्रकाश भाई पटेल के कांग्रेस में शामिल होने से आगामी लोकसभा चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

कांग्रेस को 'डूबता जहाज' बताते हुए प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि उनकी पार्टी का कैडर आधारित संगठन है और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन आता है और कौन जाता है।

शाहदेव ने कहा, भाजपा ने जेपी पटेल को खूब सम्मान दिया और सचेतक भी बनाया। भाजपा में उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल था। लेकिन, जब वह अपने राजनीतिक करियर को डुबोने के लिए डूबते जहाज पर सवार होना चाहते हैं तो हम क्या कर सकते हैं? हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। पटेल मांडू विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रहे हैं जो हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। इससे पहले वह झामुमो के विधायक रह चुके हैं। वह नयी दिल्ली में झारखंड के एआइसीसी प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राज्य मंत्री आलमगीर आलम और पार्टी के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हुए। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने पटेल के कांग्रेस में शामिल होने के फैसले का स्वागत किया है।

झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार ने कहा, मैंने पटेल के साथ काम किया है। वह मेरे छोटे भाई जैसे हैं। उन्होंने जो फैसला लिया वह अच्छा है। मैं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

ब्राउन शुगर बेच रहा युवक रंगेहाथ गिरफ्तार, सरगना समेत अन्य फरार

तीन दिन पहले सरगना की पत्नी और भाई को पुलिस ने भेजा था जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना पुलिस ने भारत माता चौक के नजदीक ब्राउन शुगर बेच रहे आरोपी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। हालांकि मौके से सरगना समेत पांच आरोपी फरार हो गये। बीते रविवार को पुलिस ने सरगना बबलू यादव की पत्नी और भाई को गांजा, ब्राउन शुगर सहित अन्य सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बावजूद आरोपी ब्राउन शुगर की तस्करी कर रहा है। बताया जाता है कि बबलू यादव का पूरा परिवार इस कारोबार में शामिल है। वहीं कुछ पड़ोसी को भी एजेंट के तौर पर जोड़ रखा है। पकड़ा गया आरोपी नितिन कुमार गुप्ता पड़ोसी ही है। मूलरूप से बिहार के गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र स्थित रानीगंज निवासी आरोपी की जेब से 10 पुड़िया ब्राउन शुगर, 4920 रुपये, वनप्लस मोबाइल, बाइक और इलेक्ट्रिक वेट मशीन पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि भारत माता चौक के पास कुछ लड़के अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर एवं गांजा की खरीद बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस की टीम ने नितिन कुमार गुप्ता को ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते हुए रंगे हाथ पकड़ा। वहीं बबलू यादव, कृष्ण यादव, कन्हैया कुमार यादव उर्फ कन्हैया राय, दुर्लभ, पवन उर्फ पवन सोनी उर्फ पारले नाम के आरोपी फरार हो गये, जिनकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 21 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in

25 हजार भक्तों ने लगायी श्री श्याम दरबार में हाजिरी

पूरी रात लगी रही भीड़, संगीतमय भजनों पर खूब झूमे श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। फाल्गुन की बड़ी एकादशी के अवसर पर बुधवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में प्रातः 5:30 बजे पट खुलते ही भक्तों का तांता लग गया। श्याम आराधना में आज का दिन विशेष रहता है, इसलिए पूरी रात बाबा के पट श्रद्धालुओं के लिए खुले रहे। दिन के 2:00 बजे तक 5000 से अधिक श्याम भक्त आये जो देर रात तक 25000 के आंकड़े को पार कर गया। खाटू की परंपराओं के अनुरूप ही रांची के मंदिर में आयोजन किया जा रहा है। खाटू में भी पूरी रात बाबा के दर्शन पूजन होते हैं। प्रातः कालीन अनुष्ठान के बाद श्याम प्रभु का अनुपम श्रृंगार किया गया। बाबा को नवीन बागा धारण कराया गया। संपूर्ण सवामनी भोग तथा महाभोग का प्रसाद अर्पित किया गया।

श्री श्याम मित्र मंडल अपनी स्थापना का 52वां वर्ष मनाते हुए पांच दिनी रंग रंगीला श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव मना रहा है। मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि वृंदावन की इत्र पार्टी प्रतिदिन बाबा का सुगंधित इत्रों से मनुहार कर रही है। आज प्रातः कालीन प्रथम ज्योत चेंबर के पूर्व अध्यक्ष रंजीत गाडोदिया एवं रात्रि 9:30 बजे एक श्याम भक्त परिवार द्वारा एकादशी की अखंड पवन ज्योत प्रज्ज्वलित की गयी। प्रातः काल से ही भक्तगण सवामनी भोग एवं महाभोग अर्पित करने के लिए कतारबद्ध अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे थे। आज दो बार विशेष श्रृंगार किया गया। श्याम बाबा का श्रृंगार मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा एवं अनूप दाधीच ने किया। मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं उप मंत्री अनिल नारनोली ने बताया कि देर शाम से संगीतमय भजनों की गंगा प्रवाहित होने लगी। हरियाणा की रेखा सुरभि तथा फरीदाबाद के अंश एवं वंश ने कर्ण प्रिय भजनों की श्रृंखला पेश की। श्रवण ढांढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, सलज अग्रवाल, साकेत ढांढनिया, पवन शर्मा, मदन सोनी आदि ने सभी देवी-देवताओं की स्तुति कर भजन गाये।

एकादशी अनुष्ठान के विभिन्न चरणों में गौरव अग्रवाल, पंकज गाड़ोदिया, आदित्य लोहिया, रोशन खेमका, दिनेश अग्रवाल, विशाल पोद्दार, रतन शर्मा, संजय सर्राफ, रौनक पोद्दार, अभिषेक सरावगी, लोकेश जालान, आशुतोष खेतान, प्रकाश सरावगी, निखिल नारनोली, किशन शर्मा, सर्वेश अग्रवाल, शुभम घोष, खुशी संकेत आदि ने सक्रिय योगदान दिया।

आज 8 हजार भक्तों में प्रसाद वितरण होगा

महोत्सव संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि 21 मार्च को महोत्सव के अंतिम दिन फाल्गुन की बड़ी द्वादशी के धार्मिक अनुष्ठान होंगे। प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती एवं बाल भोग से द्वादशी कार्यक्रम की शुरुआत होगी। 104 वें श्री श्याम भंडारे का भोग अर्पित किया जायेगा। रात्रि 8:00 बजे पंच आरती होगी। द्वादशी अनुष्ठान एवं पूजन के लिए बाबा का दरबार निरंतर खुला रहेगा। रमेश धरणीधरका परिवार द्वारा अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की जायेगी। रमेश सिंह परिवार द्वारा 104 वें श्री श्याम भंडारे का भोग निवेदित किया जायेगा। 8000 भक्तों के बीच भंडारे का प्रसाद वितरित किया जायेगा।

सत्यानंद भोक्ता ने चतरा से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की

रांची (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन की ओर से सीट-बंटवारे की घोषणा में देरी के बीच श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने बुधवार को चतरा लोकसभा सीट से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा कर दी है। सत्यानंद भोक्ता ने एक समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा कि यह इंडिया गठबंधन का निर्णय है कि राजद चतरा से चुनाव लड़ेगा और पार्टी ने मुझे मैदान में उतारने का फैसला किया है। उन्होंने चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स प्रदर्शित कर-के चुनाव के लिए अपने अभियान की शुरुआत कर दी है। उन्होंने कहा कि राजद ने इंडिया गठबंधन से अनुरोध किया था कि पार्टी को राज्य के 14 लोकसभा क्षेत्रों में से चतरा और पलामू सीट से उम्मीदवार उतारने की अनुमति दी जाये। राजद नेता ने कहा, चतरा सीट को लेकर अंतिम निर्णय ले लिया गया है। पलामू के लिए चर्चा जारी है।

नाबालिग की सहमति शारीरिक संबंध बनानेवाले को दोषमुक्त करने का आधार नहीं : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने हाल ही में दिये अपने एक फैसले में कहा कि नाबालिग की सहमति से भी यौन संबंध बनाने वाले को दोष से बरी नहीं किया जा सकता। दरअसल खूंटी सिविल कोर्ट ने सचिंद्र सिंह को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में 9 फरवरी 2021 को दोषी करार दिया था। सचिंद्र सिंह ने खूंटी सिविल कोर्ट के फैसले को क्रिमिनल अपील दाखिल कर चुनौती दी थी। इस पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। हाइकोर्ट ने बचाव पक्ष और राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद अपने फैसले में कहा कि विचारणीय बात यह है कि क्या पीड़िता की सहमति ने अपराध को नकार दिया है? बलात्कार के मामले में नाबालिग लड़की की सहमति कोई मायने नहीं रखती। घटना के समय यानी वर्ष 2005 में जब बलात्कार किया, उस वक्त सहमति की उम्र सोलह वर्ष और उससे अधिक थी। वर्ष 2013 में किये गये एक संशोधन के जरिये ही इसे बढ़ा कर अठारह वर्ष किया गया है।

बचाव पक्ष ने कोर्ट में दलील दी थी कि नाबालिग की सहमति से बना शारीरिक संबंध

एफआइआर के मुताबिक, अभियोजक (पीड़िता) की उम्र 05.02.2005 (घटना के वक्त) 15 वर्ष ही थी। 19 अप्रैल 2006 को गवाही के समय उसकी उम्र 15 वर्ष बतायी गयी। पीड़िता की जांच करने वाले डॉक्टर ने रेडियोलॉजिस्ट की राय के अनुसार, पीड़िता की उम्र 14-16 वर्ष आंकी है। यह साबित करने के लिए बचाव पक्ष के पास कोई सबूत नहीं है कि घटना के समय पीड़िता की उम्र 16 वर्ष से अधिक थी। बचाव पक्ष द्वारा दी गयी यह दलील की शारीरिक संबंध बनने के दौरान नाबालिग की सहमति थी। अदालत ने कहा कि नाबालिग पीड़िता की सहमति आरोपी को उसके अपराध से मुक्त करने का आधार नहीं हो सकती है।

'मीनू' मीना सिन्हा की पुस्तक अनुभव के दरख्त' काव्य संग्रह का लोकार्पण

'मीनू' की रचनाएं गद्य और पद्य दोनों में समान अधिकार रखती हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। साहित्यकार 'मीनू' मीना सिन्हा की तीसरी पुस्तक 'अनुभव के दरख्त' काव्य संग्रह का लोकार्पण झारखंड प्रदेश अंगिका समाज के तत्वावधान में बुद्धिजीवियों एवं साहित्यकारों के द्वारा किया गया।

डीएवी पब्लिक स्कूल, कमड़े में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. श्रीमोहन सिंह, डॉ. एमपी सिन्हा, डॉ. निवास चंद्र ठाकुर, पंकज मित्र, श्रीप्रकाश देवकुलिस, अनिल कुमार सहाय, चंद्रिका ठाकुर, एचके सिंह के द्वारा लोकार्पित पुस्तक में सकारात्मक नजरियों के साथ जमीन से जुड़ी 108 कविताएं हैं। संकलन में 'अपनी बात' की काव्यमय प्रस्तुति दिल को छूती हुई उम्मीद की ऐसी किरण जगाती दिख पड़ती है जो अंधेरे को मिटा देने के लिए आकुल-व्याकुल है। पुस्तक में यथार्थ के थपेड़ों से चोटिल भावनाओं के ज्वार-भाटा में डूबते-उतराते सहज और स्वाभाविक तरीके से चेतना को झंझोड़ती कविताएं हैं।

'मीनू' की रचनाएं गद्य और पद्य दोनों में समान अधिकार रखती हैं। 'महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान, 'अंग भूमि महिला गौरव सम्मान' सहित शताधिक सम्मान इन्हें मिल चुका है । सेवानिवृत्ति के बाद साहित्य सृजन में समर्पित रचनाकारा को चित्रकारिता का भी विशेष सम्मान प्राप्त है।

फाल्गुण सतरंगी महोत्सव का दूसरा दिन

होली आयी, श्याम तेरे भक्तों में...

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री श्याम मंडल, रांची में तीन दिवसीय फाल्गुण सतरंगी महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में रात्रि 9 बजे से मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर पूरे मंदिर को विद्युत की रंगीन लड़ियों तथा रंग-बिरंगे फोलों से सजाया गया था। फाल्गुण शुक्ल की इस एकादशी के खास अवसर पर श्री श्याम का अनुपम एवं विराट श्रृंगार किया गया और साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का विशेष श्रृंगार किया गया।

रात्रि 9 बजे मंडल के अध्यक्ष ने सभी पधारे हुए भक्तों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 20वें बसंतोत्सव भजन पुस्तिका का विमोचन सेवा भारती के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश केजरीवाल द्वारा किया गया। श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच पावन ज्योत प्रज्ज्वलित कर श्री श्याम प्रभु का प्रिय खीर चूरमा व छप्पन भोग निवेदित किया गया। सर्व प्रथम मंडल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन प्रारंभ किया गया।

ग्यारस चांदन की आयी, भक्ता मिल ज्योत जगायी चल श्याम धनी के द्वार... तू मौज करेगा, जो मिलते मुश्किल से तू रोज करेगा, चल श्याम धनी के द्वार तू मौज करेगा... जब जब मुझको श्याम तेरी दरकार पड़ी तू नीले चढ़ कर आया लेकर मोर छड़ी... होली आयी, होली आयी, होली आयी, श्याम तेरे भक्तों में... मस्ती छायी, होली आयी, होली आयी.. मांगा है मैंने श्याम से, वरदान एक ही,तेरी कृपा बनी रहे, जब तक है जिंदगी इत्यादि भावपूर्ण एवं मधुर भजन गाकर श्री श्याम प्रभु को भक्तगण सम्पूर्ण रात्रि रिझा रहे थे। साथ श्री श्याम प्रभु के साथ केसरिया होली खेल भक्तगण भावीभोर हो रहे थे। इस अवसर पर संपूर्ण रात्रि आगंतु के बीच प्रसाद वितरण किया जा रहा था।

रात्रि 1 बजे प्रसाद वितरण एवं महाआरती के पश्चात आज के कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित जालान, नितेश केजरीवाल, विकाश पाड़िया, गौरव परसरामपुरिया, महेश शर्मा, अरुण धनुका, प्रदीप अग्रवाल, अजय साबू, नितेश लाखोटिया, विवेक ढांढनियां, ज्ञान बागला, मनोज ढांढनिया का सहयोग रहा।

गुरुवार को सम्पूर्ण दिवस द्वादशी दर्शन, संपूर्ण दिवस सवामणि भोग, खीर चूरमा का प्रसाद वितरण सम्पूर्ण दिवस मदिर प्रारंग में किया जायेगा। मंदिर प्रातः 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक खुला रहेगा।

चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय समिति की बैठक जून में

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री अशोक सिंह ने एक प्रेस बयान जारी कर बताया कि अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय समिति की बैठक 21 जून को गया में आयोजित की जायेगी। इस बैठक में पूरे भारत से राष्ट्रीय समिति से जुड़े लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक आजाद के गया स्थित बीएड कॉलेज में कराने का निर्णय लिया गया है। महामंत्री अशोक सिंह ने बताया कि लोक सभा चुनाव को देखते हुए यह निर्णय लेना पड़ रहा है। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया जून के पहले सप्ताह में पूरी होगी। इसीलिए 21 जून को राष्ट्रीय समिति की बैठक कराने का निर्णय लिया गया है। महामंत्री अशोक सिंह ने बताया कि अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा पुर्ण रूप से सामाजिक संगठन है और इसके मंच से किसी भी राजनीतिक दल के पक्ष में बयान देना। सभा करना या चुनाव में कहीं भी इस बैनर का उपयोग करना गैरकानूनी होगा।

क्षत्रिय सम्मेलन सह होली मिलन 23 मार्च को

रांची (आजाद सिपाही)। क्षत्रिय परिवार बरियातू के तत्वावधान में क्षत्रिय सम्मेलन सह होली मिलन समारोह का आयोजन 23 मार्च को आयोजित है। आयोजन स्थल पूजा श्री बैंक्वेट हॉल चेशायर होम रोड, बरियातू में सभी क्षत्रिय बंधुओं का स्वागत है। उपर्युक्त समारोह को सफल बनाने हेतु बरियातू क्षत्रिय समाज के सभी बंधु जुटे हुए हैं।

हास्य कवि सम्मेलन 23 मार्च को

रांची (आजाद सिपाही)। कवि सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा रांची के हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में 23 मार्च को हास्य कवि सम्मेलन का किया जा रहा है। इस आयोजन में देश के कई सुप्रसिद्ध हास्य कवि भाग ले रहे हैं। इस आयोजन की वृहत जानकारी के लिए 21 मार्च को अपराह्न- 3:30 बजे मारवाड़ी भवन में प्रेस वार्ता का रखा गया है। यह जानकारी सुरेश चंद्र अग्रवाल, संजय सर्राफ ने दी।

कनेक्टिंग रोड न होने से रमजान कॉलोनी के लोग हो रहे परेशान

भाजमो के अध्यक्ष मिले कमिश्नर और जुडको के प्रोजेक्ट डायरेक्टर से

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, केंद्रीय सचिव सोमैन दत्ता ने नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार एवं जुडको प्रोजेक्ट डायरेक्टर अरविंद कुमार मिश्रा से मुलाकात की। उन्होंने रमजान कॉलोनी कांटाटोली में रह रहे लोगों की समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि जुडको द्वारा बनाये जा रहे फ्लाइओवर के निर्माण कार्य की वजह से उनका सर्विस रोड से कनेक्टिंग प्वाइंट ना के बराबर हो गया। जिससे बाहर आने जाने वाले वाहनों को दिक्कत एवं कनेक्टिंग प्वॉइंट पर अक्सर एक्सीडेंट हो रहे हैं। सोमैन दत्ता ने प्रोजेक्ट डायरेक्टर से बात की और उन्हें समस्या विस्तार से विवरण किया, वहां पर ब्रेकर की व्यवस्था भी हो, ताकि वहां गाड़ियां स्लो हो सकें। जुडके के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने चार दिनों के भीतर रोड की समस्या को व्यवस्थित करने का वादा किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मीर असरार, जिला अध्यक्ष छात्र मोर्चा रिंकू, मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद सोहेल, मीर अकबर, मोहम्मद इमामुद्दीन, मोहम्मद आसिब मौजूद थे।

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्राचार्यों संग की बैठक, कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये

मिड सेमेस्टर का मार्क्स समय पर ऑनलाइन एंट्री करें

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार को सभी कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने बैठक की। बैठक में रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव तथा परीक्षा नियंत्रक सहित अन्य वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इस बैठक में परीक्षा, सेशन, नये कोर्स, ऑनलाइन पेमेंट सुविधा जैसे मुद्दों पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। साथ ही कुलपति द्वारा प्राचार्यों को कई दिशा निर्देश उपलब्ध कराये गये।

कुलपति ने सभी प्राचार्यों से कहा कि मिड सेमेस्टर का मार्क्स सभी कॉलेज और विभाग बिल्कुल समय पर ऑनलाइन एंट्री करें ताकि छात्रों को परीक्षा फार्म भरने एवं उनके रिजल्ट में कोई परेशानी न हो। उन्होंने सभी प्राचार्यों को परीक्षा संबंधी कार्यों एवं उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन में ज्यादा सजगता और सावधानी बरतने की सलाह दी। इसके साथ ही विभिन्न विषयों में फुल मार्क्स, पास मार्क्स की भलि भांति जानकारी रखने की बात कही।

कुलपति ने कहा किसी भी हाल में कक्षायें प्रभावित नहीं होने देंगे। कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने सभी प्राचार्यों से कहा कि परीक्षा संबंधी कार्य और मूल्यांकन में शिक्षकों के जुड़ने से कक्षायें प्रभावित नहीं हों इसका हम विशेष खयाल रख रहे हैं। जिन कॉलेजों में शिक्षकों के मूल्यांकन संबंधी कार्यों में जुड़ने से कक्षायें प्रभावित होती हैं वहां के प्राचार्य हमें सूचित करें। हम उसकी वैकल्पिक व्यवस्था करेंगे।

अब से हर महिने सभी कॉलेज अपने सभी शैक्षणिक तथा अकादमिक कार्यों की एक विस्तृत रिपोर्ट विश्वविद्यालय को समय पर उपलब्ध करायेंगे। परीक्षा केंद्र से छात्रों के अटेंडेंस की कॉपी विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग को हर हाल में उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

पुराने कोर्स वाले छात्रों को भी तीसरे सेमेस्टर से नये सिलेबस एवं कोर्स के साथ मर्ज कर दिया जायेगा। इससे नये पुराने कोर्स के छात्रों की पढ़ाई में एकरूपता आ जायेगी। कुलपति द्वारा इससे संबंधित सारी जानकारियां प्राचार्य और प्राध्यापकों को अपने छात्रों को उपलब्ध कराने को कहा गया।

मिड सेमेस्टर की परीक्षायें कॉलेज अपने स्तर से ले सकते हैं, जिन छात्रों का मिड सेमेस्टर परीक्षा किसी कारणवश छूट जाती है। उनकी पुनः परीक्षा समय पर लेकर मार्क्स उपलब्ध कराना कॉलेजों की जिम्मेदारी है।

ऑनलाइन शुल्क भुगतान से छात्रों और विश्वविद्यालय का काम ज्यादा सुचारू हुआ : कुलपति रांची विश्वविद्यालय ने कहा कि परीक्षा की फी के लिए ऑनलाइन पेमेंट गेटवे की सुविधा से अब छात्रों और विश्वविद्यालय को बहुत राहत मिली है और कार्य सुचारू हुए हैं। छात्र अब कभी भी कहीं से शुल्क जमा कर सकते हैं। कुलपति ने कहा कि ऑनलाइन पेमेंट गेटवे को हम और परिष्कृत कर रहे हैं।

कुलपति ने कहा कि कॉलेजों के परीक्षा में खर्च तथा एक्सटर्नल के पारिश्रमिक का भुगतान अब समय से किया जा रहा है। उन्होंने सभी प्राचार्यों से आग्रह किया कि परीक्षा तथा एक्सटर्नल के पारिश्रमिक का यूटिलाइजेशन बिल्कुल समय पर उपलब्ध करायें। कुलपति ने कहा कि किसी प्रायोगिक परीक्षा में यदि एक्सटर्नल नहीं उपलब्ध हो पाते हैं तो भी विश्वविद्यालय के नियमानुसार कोई वैकल्पिक व्यवस्था कर समय पर परीक्षायें ली जा सकेंगी।

ग्रेस मार्क्स का प्रावधान सिर्फ एक बार

इस बैठक में कुलपति से कुछ प्राचार्यों ने ग्रेस मार्क्स से संबंधित दिशानिर्देश मांगे थे। कुलपति के कहने पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष कुमार झा ने ग्रेस मार्क्स के प्रावधानों को बताया कि ग्रेस मार्क्स की सुविधा अंतिम सेमेस्टर के लिए दी गयी है। ताकि छात्र का साल बर्बाद न हो। लेकिन अगर कोई छात्र आवेदन देकर बीच के किसी सेमेस्टर में ग्रेस मार्क की सुविधा प्राप्त करता है तो उसे फिर आगे के किसी सेमेस्टर में यह सुविधा नहीं मिलेगी। सभी प्राचार्य ग्रेस मार्क्स की सुविधा लेने वाले छात्रों की सूची अवश्य रखें। इस बैठक में सभी कॉलेजों के प्राचार्यों के अलावा कुलसचिव डॉ. बी. नारायण, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष कुमार झा, डीएसडबल्यू डॉ. एसके साहू, डायरेक्टर वोकेशनल डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ. स्मृति सिंह, अंकेक्षक पदाधिकारी अजय प्रकाश, डॉ. आरके शर्मा उपस्थित थे।

सीपी राधाकृष्णन ने तेलंगाना के राज्यपाल पद की ली शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को तेलंगाना राज्य के राज्यपाल पद की शपथ ली।

उन्हें तेलंगाना राज्य के राज्यपाल और पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश के उप राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यह जानकारी राजभवन ने दी।

संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी की कमेटी भंग

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार साहू ने झारखंड प्रदेश संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी की कमेटी को भंग कर दिया है। उपरोक्त जानकारी संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी विजय शंकर नायक ने दी। इन्होंने कहा कि प्रदेश में संगठन को धारदार एवं मजबूत बनाने की दिशा में और आने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए कमेटी को भंग करने का निर्णय लिया गया है। श्री नायक ने आगे बताया कि जल्द ही प्रदेश अध्यक्ष का मनोनयन एक सप्ताह के अंदर राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार साहू के द्वारा कर दिया जायेगा ताकि जल्द से जल्द झारखंड में संगठन को मजबूत किया जा सके।

ठेका में कार्यरत कर्मियों को आइआइसीएम प्रबंधन नियमित नियुक्ति दे : अजय राय

रांची (आजाद सिपाही)। आइआइसीएम श्रमिक संघ की बैठक बुधवार को अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं से संघ को अवगत कराया। बैठक में प्रबंधक के द्वारा हाल में कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधाओं में की जा रही कटौती पर आक्रोश जताया। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आइआइसीएम के स्थापना काल से लेकर आज तक काम करने वाले ठेका कर्मचारियों को नियमितीकरण करने के बजाय उनको मिलने वाली सुविधाओं से भी वंचित किया जा रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अजय राय ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के आदेश के तहत उमा देवी बनाम कर्नाटक सरकार के तहत 10 वर्ष तक लगातार काम करने वाले ठेका कर्मियों को नियमित करना है। आइआइसीएम प्रबंधन इस आदेश के तहत कैम्पस मे काम कर रहे कर्मियों को नियमित नियुक्ति दे। अजय राय ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर वो जल्द ही प्रबंधन से मिलकर बात करेंगे और जरूरत पड़ी तो कोल इंडिया के चेयरमेन सहित कोयला मंत्री से मिलकर संघ की ओर से मजदूर कर्मचारियों के हक से उन्हें अवगत करायेंगे। बैठक मे विजय कुमार शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, मनोज सिंह, बीरबहादुर, अखाय बेहरा, उत्तम कुमार, रमेश साहू, प्रीत यादव, कर्मा महतो, गोकुल कुमार महतो, सुनील कुमार, आलोक झा, सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

42 पेटी अवैध विदेशी शराब जब्त

चतरा (आजाद सिपाही)। जिले में अवैध शराब के कारोबार और शराब कारोबारियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान लगातार चलाया जा रहा हैं। उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहू को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक छापामारी दल का गठन कर छापामारी का निर्देश दिया गया। छापामारी दल द्वारा हंटरगंज थाना के सहयोग से हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जबड़ा जंगल में विभिन्न स्थानों पर रखे गये 42 पेटी में 1188 बोतल अवैध विदेशी शराब जब्त किया गया। इसमें रायल प्लस व्हिस्की 750 एम एल का 10,पेटी, 180 एम एल का 11 पेटी, इंपीरियल 750 एम एल 5 पेटी, 375 एम एल का 12 पेटी, मैकडोवल 180 एम एल का 4 पेटी शामिल है, जिसका बाजार मूल्य लगभग 3 लाख रुपया है। आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। अधीक्षक उत्पाद, चतरा के द्वारा जानकारी दी गयी कि शराब की यह खेप संभवतः होली पर्व पर खपाने के लिए लायी गयी थी। आगामी लोकसभा चुनाव और होली पर्व को देखते हुए जिले में अवैध शराब के कारोबार और कारोबारियों के विरुद्ध सतत -सघन छापामारी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगी। छापामारी के दौरान अवर निरीक्षक उत्पाद अभिषेक आनंद, प्र अवर निरीक्षक उत्पाद आशीष कुमार पांडेय, जिला उत्पाद कार्यालय में प्रतिनियुक्ति पुलिस बल और गृह रक्षक बल, हंटरगंज थाना की टीम समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

जमसं क्षेत्रीय सचिव जगदीश ने सौंपा जीएम को पत्र

कुजू (आजाद सिपाही)। जनता मजदूर संघ सीसीएल कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने सीसीएल कुजू जीएम आरके सिन्हा को आगामी लोकसभा चुनाव में शामिल होने वाले कर्मचारी और अधिकारियों के लिए प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने को लेकर एक पत्र प्रेषित किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि सीसीएल क्षेत्र कुजू के कर्मचारियों और अधिकारियों को लोकसभा चुनाव आयुक्त के द्वारा अतिसंवेदनशील स्थानो पर चुनाव से संबंधित कार्य के लिए नियुक्त किया जाता है। सीसीएल के कर्मचारियों और अधिकारियों अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए जान जोखिम में डालकर चुनाव में मिले दायित्व को निर्वाह करते हैं। विदित हो कि चुनाव कार्य में लगे कर्मचारियों को पूर्व में कंपनी द्वारा प्रोत्साहन राशि दिया जाता था। जिसके आलोक में पूर्व के भांति लोकसभा आम चुनाव 2024 में पंद्रह हजार रुपये की राशि चुनाव कार्य में लगे कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि के तौर पर भुगतान किया जाये। ताकि वे प्रसन्नता पूर्वक चुनाव कार्य को संपन्न कराये जा सके।

सौहार्द्रपूर्वक होली पर्व मनाने को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

टंडवा। टंडवा थाना परिसर में बुधवार को होली त्यौहार को सौहार्द पूर्वक मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ देवलाल उरांव, संचालन पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल उरांव ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवी शामिल हुये, बैठक में सराढु उप मुखिया राजेश साहू ने प्रशासन से मांग किया की मगध परियोजना में अंत राज्य के प्रवाशी लोग रहते है। ग्रामीणों ने विधि व्यवस्था गड़बड़ होने की संभावना को देखते हुये प्रशासन को सहयोग करने की अपील किया। वही गांव ग्रामीणों में हुड़दंगियो द्वारा त्यौहार को खराब करने की कोशिश की गयी तो पुलिस के 100 नंबर डायल कर सूचित करने की बात कही गयी। डीजे की साउंड पर भी लोगों ने चर्चा किया की पारंपरिक गीत पर बैन नहीं है पर फूहड़ और अश्लील गीतों पर साउंड की वोल्यूम माप दंड से अधिक न बजाने की बात की। मौके पर सीओ राजेन्द्र दास और बीडीओ देवलाल उरांव ने होली की त्यौहार रंगो गुलाल की त्यौहार है ऐसे में लोग भाई चारगि से मनाने की अपील किया है। वही इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने भी त्यौहार में अशांति फैलाने वालो पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी बताया। इस मौके पर सुबाष यादव, अरविंद सिंह, राजेश साहू, प्रयाग राम, विकास पांडेय, कृष्णा साव, नीरज तिवारी, उपेंद्र पांडेय, कृष्णा साव, भाजपा नेता रामेश्वर राणा, कांग्रेस नेता रवीन्द्र सिंह, अमानत हुसैन, अनि एसएम पासवान, सअनि सुखनाथ पांडेय, किशुन राम, जमींदर गोप, गुरुदयाल साहू उपस्तिथ थे।

श्रीश्री रामनवमी महासमिति अध्यक्ष ने की प्रेस कांफ्रेंस

9 को निकलेगा मंगला जुलूस और शोभा यात्रा : दीपक मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। सुभाष चौक स्थित दुर्गा मंदिर में श्रीश्री रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने प्रेस वार्ता आयोजित किया। मौके पर महासमिति के संस्थापक सदस्य सह पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, महासचिव तुलेश्वर पासवान, उपाध्यक्ष प्रभात अग्रवाल और मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी उपस्थित थे। इस दौरान नेतृत्व दिए जाने पर नवनयुक्त अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने पूरे रामगढ़वासियों और समिति के सदस्यों सहित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कहा कि आप सभी ने मुझ पर जो भरोषा जताया है उसपर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

ऐतिहासिक होगा मंगला जुलूस - राजेश ठाकुर: वहीं महासमिति के संस्थापक सदस्य सह पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आगामी 9 अप्रैल को होने वाले मंगला जुलूस को ऐतिहासिक बनाने हेतु सभी धर्मावल्बियों से उपस्थित होने की अपील किया।

उन्होंने दीपक मिश्रा को अध्यक्ष बनाये जाने पर उत्पन्न विवाद पर अपना बयान देते हुए बिना किसी का नाम लिए कहा कि एक पूर्व अध्यक्ष द्वारा जो गलत भ्रांति फैलायी जा रही है वो न तो संगठन के हित में है और न हीं हिंदुत्व के। उन्होंने कहा कि हम सभी ने एकमत होकर दीपक मिश्रा को अपना अध्यक्ष चुना है। इसलिए इनका विरोध करना गलत है। साथ हीं उन्होंने पूर्व अध्यक्ष से अपील करते हुए कहा कि किसी तरह की बयानबाजी से बचते हुए संगठन में अपनी आस्था दिखाते हुए इसका पूर्ण समर्थन करें।

जुलूस और शोभा यात्रा निकालने का निर्णय

उन्होंने बताया कि महासमिति ने आगामी 9 अप्रैल को रामगढ़ शहर में भव्य मंगला जुलूस और शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। जिसमें पूरे जिले के सभी अखाड़ा, झांकी समिति और हिंदू संगठन सम्मिलित होंगे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से भी सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि मंगला जुलूस और झांकी शांतिपूर्ण तरीके से निकले इसके लिए हमारे महासमिति के सदस्य वोलंटियार्वके रूप में प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए कार्यक्रम के संपन्न होने तक पुलिसकर्मियों के साथ तैनात रहेंगे।

भ्रम की स्थिति पैदा नहीं करने की अपील

उन्होंने कहा कि महासमिति के सदस्यों द्वारा मुझे अध्यक्ष चुने जाने के बाद से कुछ लोग भ्रम की स्थिति पैदा कर रहें है जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि बैठक में लगभग सभी अखाड़े और झांकी के पदाधिकारियों की उपस्थिति थी और समिति के संरक्षक, संस्थापक सदस्य सह पूर्व अध्यक्ष और सैकड़ों सदस्यों की उपस्थिति में कार्यकारी अध्यक्ष के द्वारा मेरा नाम प्रस्तावित किया गया। जिसका सभी ने निर्विरोध समर्थन किया था।

चिप्स और अवैध बालू लदे चार हाइवा जब्त

राज्यसात की कार्रवाई के लिए जिला डीएमओ ने की अनुशंसा

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए डीसी चंदन कुमार ने कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है। इसी क्रम में मंगलवार की रात्रि जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के नेतृत्व में चलाये गये जांच अभियान में गोला रामगढ़ मुख्य मार्ग पर एक हाइवा जेएच02एक्यू 6163 (लगभग 700 सीएफटी), रामगढ़ हजारीबाग राष्ट्रीय मार्ग पर दो हाइवा बीआर 02 जीसी 8265, बीआर 02 जीसी 8465 (दोनो में लगभग 800 सीएफटी) तथा बरकाकाना रामगढ़ मुख्य मार्ग पर अवैध बालू लदे एक हाईवा संख्या जेएच 02 बीएम 9201 (600 सीएफटी) को अवैध रूप से खनिज का परिवहन करने का दोषी पाया गया। जिसके बाद चारों वाहनों को जब्त कर रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया। साथ ही आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं जब्त किये गये 4 हाईवा और खनिज के विरुद्ध नियमानुसार राज्यसात की कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त के न्यायालय में अनुशंसा कर दी गयी है।

आजसू के रंगोत्सव में छात्र-छात्राओं ने जम कर खेली होली, उड़े रंग-गुलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आजसू के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इकाई के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह रंगोत्सव में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जमकर रंग-गुलाल से होली खेली। वहीं डीजे पंकज के धुनों पर घंटों तक थिरकते रहे युवा। होली मिलन समारोह रंगोत्सव में तमाम बंधनों को तोड़ छात्र छात्राएं विभिन्न रंगों में रंग जाने को आतुर दिखे। होली के पूर्व आयोजित रंगोत्सव के माध्यम से आजसू ने कैंपस में रंगों के साथ विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के साथ खुशियां मानने, होली में सभी भेदभाव, मनमुटाव को रंग गुलाल, गीत संगीत, नृत्य से पाटने के उद्देश्य को हासिल करने में सफलता पायी। आजसू के युवा नेता अभिषेक झा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के हजारों छात्र छात्राएं होली मिलन समारोह के खास अवसर पर इकट्ठा हुए हैं। यह समारोह हम सभी के लिए खुशियों और आनंद का प्रतीक है। होली के इस पवित्र त्योहार में हम सभी को अपने आप को पूरी तरह से उदार भावना से संजोकर, आपसी संबंधों को मजबूती देने का अवसर मिलता है। इस समारोह को सफल बनाने में समस्त आजसू के स्वजनों एवं समस्त छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आजसू डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इकाई सभी को धन्यवाद देना चाहती है जिन्होंने इस समारोह का संचालन किया और सभी को एक साथ लाने में सहायता की। आशा है कि हमारे बीच के इस मिलन समारोह से हमारे समूह में अधिक सौहार्द्र और सामूहिक भावना बढ़ेगी। आजसू के रंगोत्सव को सफल बनाने में अभिषेक, मुकेश, सुधांशु, कैलाश, ज्योति, किशोर, अमन, रोहित, विकास, अमन, विशाल, स्वीटी, प्रिया, दीक्षा, हरिओम, अशफाक, रवि, राज, नीतीश आदि की मुख्य भूमिका रही।

आइआइटी भुवनेश्वर ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

एम्स भुवनेश्वर के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रमुख प्रो. (डॉ) श्वेता सिंह मुख्य अतिथि थीं

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर ने 18 मार्च को अंतरराष्ट्रीयमहिला दिवस मनाया और एक भव्य समारोह का आयोजन किया। संस्थान की महिला कल्याण समिति (डब्ल्यूडब्ल्यूसी) ने इस कार्यक्रम को भव्य तरीके से आयोजित किया। इस अवसर पर एम्स भुवनेश्वर के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रमुख प्रोफेसर (डॉ) श्वेता सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामय उपस्थित दर्ज की।

इस अवसर पर वक्तव्य देते हुए आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो श्रीपाद करमलकर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार हाल के वर्षों में तकनीकी शिक्षा में महिला छात्रों का नामांकन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक व्यवसायों के अलावा विभिन्न व्यवसायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए विभिन्न सकारात्मक उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि इस परिवर्तन का एक कारण प्रौद्योगिकी के विकास के कारण सामाजिक-आर्थिक संरचना में परिवर्तन है। हमें महिला सशक्तिकरण में तकनीकी विकास की भूमिका को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव और उनके पेशेवर विकास पर जोर दिया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ) श्वेता सिंह ने 'इंस्पायर इंक्लूजनः सपोर्टिंग वूमेन्स हेल्थ' पर विस्तृत रूप जानकारी दी।

उन्होंने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर और स्तन कैंसर जैसे स्वास्थ्य संबंधी खतरों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। अपनी प्रस्तुति में उन्होंने उसने इन बीमारियों से महिलाओं की रक्षा के लिए जोखिमों और निवारक उपायों पर अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने दर्शकों को गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को रोकने के लिए उपलब्ध विभिन्न टीकों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान की जाने वाली देखभाल पर भी बात की।

महिला कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ मनस्विनी बेहरा ने संस्थान की महिला सदस्यों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए समिति द्वारा की जा रहीं विभिन्न गतिविधियों पर बात की। इस अवसर पर डब्ल्यूडब्ल्यूसी की सदस्य सचिव डॉ प्रमा भट्टाचार्य ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

इस अवसर पर इस माह के शुरुआत में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। संस्थान के छात्रों और निवासियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किये।

मांधाता सिंह की धर्मपत्नी का दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान निधन, शोक व्यक्त

रांची (आजाद सिपाही)। हिंदुस्तान प्रेस के वरिष्ठ अभिकर्ता मांधाता सिंह की धर्मपत्नी का निधन दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान हो गया है। वे पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रही थीं। उनके आकस्मिक निधन से रांची समेत झारखंड के सभी जगहों के प्रेस मीडिया से जुड़े प्रतिनिधि और अखबार बिक्रेताओं के बीच शोक छा गया है। उनका अंतिम संस्कार 21 मार्च 2024 को सुबह 10 बजे हरमू मुक्तिधाम में किया जायेगा। उनकी अंतिम यात्रा उनके मोराबादी बृंदावन कॉलोनी निवास स्थान से सुबह 9 बजे हरमू मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। उनके निधन पर झारखंड समाचार पत्र विक्रेता संघ और सभी अखबार विक्रेता गहरा दुःख प्रकट करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया है। वे अपने पीछे तीन पुत्र, पुत्रवधू समेत बहुत बड़ा परिवार छोड़ कर गयी हैं।

सीआरपीएफ 190 बटालियन के चालक ने की आत्महत्या

चतरा (आजाद सिपाही)। सीआरपीएफ 190 बटालियन के चालक निहाल सिंह ने अपने ही सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। मृतक वशिष्टनगर जोरी थाना क्षेत्र के केडिमो पोस्ट पर तैनात था। मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है लेकिन पारिवारिक कलह बताई जा रही है। मृतक जवान निहाल राजस्थान के दौसा का रहने वाला था। घटना की सूचना पाकर मौके पर वशिष्टनगर जोरी थाना पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया और इस घटना की जानकारी सीआरपीएफ के वरीय अधिकारियों को भी दी गयी।

सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनायें होली

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रजरप्पा थाना परिसर में होली त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें चितरपुर प्रखंड क्षेत्र और दुलमी प्रखंड क्षेत्र के कई प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने की और संचालन समाजसेवी चंद्रशेखर पटवा ने किया बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों और समाजसेवी के द्वारा होली त्यौहार शांत वातावरण में और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाये, होली को लेकर लोगों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किया चितरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञानमनी एक्का, अंचलाधिकारी दीपक मिंज ने होली की पूर्व संध्या पर शुभकामनाएं दी और कहा कि पूरे क्षेत्र में रंग गुलाल के त्यौहार को आपसी भाईचारगी और शांतिपूर्ण तरीके से मनाये, मौके पर रजरप्पा थाना प्रभारी ने कहा कि तेज आवाज में डीजे साउंड बजाना सख्त मना रहेगा और हुडदंगियों पर पुलिस की पैनी नजर होंगी। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी मंजूर खान 20 सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, एएसआइ अशोक कुमार, अंचल निरीक्षक सुरेश महली, रविंद्र चौधरी, हकीम अंसारी, रामकिशन भोक्ता, सेवई मुखिया किरण देवी, भुचूगडीह मुखिया सुनीता देवी, जमीरा के शेख बहादुर शाह, अयोध्या प्रसाद, तारा प्रसाद, ठाकुरदास महतो कई समाजसेवी बैठक में शामिल थे।

एसडीपीओ ने संवेदक के साथ की बैठक

पतरातू (आजाद सिपाही)। एसडीपीओ कार्यालय में अंचल क्षेत्र में कार्य कर रहे संवेदकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम ने किया। बैठक के दौरान कार्यों में हो रही कठिनाइयों समेत उनकी सुरक्षा पर चर्चा की गयी। मौके पर थाना प्रभारी पतरातू शिव लाल कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

बाल विद्या मंदिर में मना विश्व वन और जल दिवस

कुजू (आजाद सिपाही)। बाल विद्या मंदिर आरा में बुधवार को विश्व वन और जल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रंजीत सिंह ने विश्व वन औश्र जल दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिवस का उद्देश्य विश्व के सभी देशों में स्वच्छ और सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है। साथ ही, इसे बचाने का प्रयास और लोगों को अग्रसर प्रेरित करना है। वनों की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि पिता तुल्य वृक्षो की रक्षा सदैव करें। वही, प्रशासनिक पदाधिकारी गुरमीत धीमान ने कहा पेड़ो के बिना जीवन की कल्पना भी करना असंभव है। संकल्प दिलाते हुए बच्चों को आने वाले दिनों में अधिक से अधिक पेड़ लगाने की बात कही। मौके पर आरपी मिश्रा, के प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, कोलेश्वर महतो, सुनीता कुमारी, रीता कुमारी, सबिता कुमारी, कुलदीप महतो, बबिता कुमारी, भुवनेश्वर महतो, अपराजिता कुमारी, राहुल भगत, मुकेश भगत शामिल रहे।

खोरधा टाउन गुड्स शेड में 115 मारुति सुजुकी कार सहित एनएमजी रेक रिसीव किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। खोरधा टाऊन गुड्स शेड ने माल परिवहन के मामले में एक मील का पत्थर हासिल किया है। खोरधा टाउन गुड्स शेड को 115 मारुति सुजुकी कारों का एक नया संशोधित गुड्स (एनएमजी) रेक प्राप्त हुआ। सड़क मार्ग के माध्यम से ओड़िशा के विभिन्न जिलों में आगे परिवहन के लिए खेप को फराखा नगर, हरियाणा से खोरधा टाउन, ओड़िशा ले जाया गया था।

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, गुरुगांव, दिल्ली ने न्यू मॉडिफाइड गुड्स (एनएमजी) रेक के माध्यम से हरियाणा से खोरधा टाऊन के लिए 115 मारुति सुजुकी कारें बुक कीं। एनएमजी रेक एक उच्च गति वाली मालगाड़ी है, जो 75 किमी से 100 किमी प्रति घंटे की गति के लिए उपयुक्त है।

खोरधा-बोलांगीर रेल लाइन पर स्थित खोरधा टाउन गुड्स शेड में हावड़ा-चेन्नई राष्ट्रीय राजमार्ग से आसानी से पहुंचा जा सकता है। खोरधा टाऊन औद्योगिक क्षेत्र के ग्राहकों के लिए इस गुड्स शेड के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों से माल बुक करना और प्राप्त करना फायदेमंद होगा। गुड्स शेड को विभिन्न प्रकार की खेपों की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए सभी सुविधाओं के साथ विकसित किया गया है।

एचएस बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक/ खोरधा रोड, मारुति सुजुकी कारों की खेप की अनलोडिंग के दौरान खोरधा टाउन गुड्स शेड में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि खोरधा रोड मंडल की बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट (बीडीयू) नियमित रूप से व्यापार इकाइयों के साथ बातचीत कर रही है और नये यातायात प्रस्तावों के संचालन के लिए एक नोडल बिंदु के रूप में कार्य कर रही है।

एनडीए का चिराग

बिहार में विपक्षी महागठबंधन के मुकाबले सत्तारूढ़ एनडीए ने सीट बंटवारा फाइनल करने में तेजी दिखायी। इसके बावजूद अगर तस्वीर साफ होने का इंतजार किया जा रहा है, तो उसकी वजह कुछ तो उस असंतोष में है, जो चुनावी मौसम में सभी दलों और गठबंधनों के अंदर का एक अनिवार्य हिस्सा हो जाता है और कुछ इस राज्य की उन विशिष्ट राजनीतिक स्थितियों में जो पिछले कुछ वर्षों के घटनाक्रम से तैयार हुई हैं। एनडीए के एक घटक दल राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के नेता उपेंद्र कुशवाहा ने सांकेतिक रूप में ही सही पर अपना असंतोष जाहिर कर दिया है। सीट बंटवारे की घोषणा के लिए आयोजित औपचारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पार्टी ने अपना कोई प्रतिनिधि नहीं भेजा। कुशवाहा अपनी पार्टी के लिए कम से कम दो सीटें चाहते थे, लेकिन उन्हें एक सीट मिली। अब उनकी चुप्पी के चलते यह जिज्ञासा बनी हुई है कि वह इस बंटवारे को खुशी-खुशी स्वीकार करते हैं या कोई अन्य विकल्प खंगालने का फैसला करते हैं। एनडीए के सीट बंटवारा प्रकरण का एक अन्य, और थोड़ा जटिल पहलू है एलजेपी के दो परस्पर विरोधी धड़े। जब रामविलास पासवान के निधन के बाद यह पार्टी दोफाड़ हुई तो सांसदों की संख्या के मद्देनजर बीजेपी ने भी पशुपति पारस को तरजीह दी। उन्हें सरकार में भी शामिल कर लिया गया। लेकिन चुनाव करीब आने के बाद बीजेपी ने चिराग पासवान से हाथ मिलाना बेहतर समझा। एलजेपी के हिस्से की पांचों सीटें उन्हीं को दीं। पशुपति पारस को एक भी सीट नहीं मिली। स्वाभाविक ही, इससे निराश पशुपति पारस ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर एनडीए से भी विदाई ले ली। दिलचस्प है कि एनडीए से अलग होने के बाद भी पारस ने अपने अगले कदम को लेकर सस्पेंस बनाये रखा है। देखना होगा कि इस ग्रुप के पांचों सांसद आगे क्या करते हैं। इस सस्पेंस के पीछे कुछ भूमिका तो उन अटकलों की बतायी जाती है कि पारस को बीजेपी नेतृत्व की तरफ से सीट के बदले किसी महत्वपूर्ण पद की पेशकश की गयी है। लेकिन दूसरी संभावना यह भी कही जा रही है कि उनकी रणनीति महगठबंधन का सहारा लेने के बजाय एनडीए के अंदर के अंतर्विरोध से फायदा उठाने की हो सकती है। इस संबंध में सबसे अहम माना जा रहा है जेडीयू और चिराग पासवान के बीच अतीत में दिखा छत्तीस का आंकड़ा। सवाल यह है कि पिछले विधानसभा चुनावों में चिराग पासवान की पार्टी ने जिस तरह से एनडीए में रहते हुए भी जेडीयू की सीटों की संख्या कम करने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी, क्या उसी तरह इस बार जेडीयू पशुपति पारस का इस्तेमाल करते हुए उन्हें निशाने पर लेगी? बिहार में वोट बैंक के नाजुक समीकरणों के मद्देनजर ये छोटी-छोटी लड़ाइयां भी खासी अहम साबित हो सकती हैं।

नराश पशुपति पारस ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर एनडीए से भी विदाई ले ली। दिलचस्प है कि एनडीए से अलग होने के बाद भी पारस ने अपने अगले कदम को लेकर सस्पेंस बनाये रखा है। देखना होगा कि इस ग्रुप के पांचों सांसद आगे क्या करते हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की समिति की 320 पेज की रिपोर्ट में 2 चरणीय चुनावी प्रक्रिया की सिफारिश की गयी है। पहला लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव और उसके बाद सौ दिन के भीतर नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव और यह रिपोर्ट इस सप्ताह सुर्खियों में रही। समिति ने यह सुझाव भी दिया कि एक साथ चुनाव कराने के प्रावधान को लागू करने की निर्धारित तिथि के बाद किसी भी चुनाव में कथित राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल लोकसभा के कार्यकाल के पूरा होने के साथ समाप्त हो जायेगा और इस संबंध में यह बात ध्यान में नहीं रखी जायेगी कि विधानसभा कब गठित की गयी।

क्या देश एक राष्ट्र, एक चुनाव के पक्ष में है?

पूनम आइ कौशिश

भारत में लोकतंत्र की सबसे बड़ी नौटंकी आम चुनाव अप्रैल-मई की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और इन चुनावों के लिए भाजपा ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया है, तो कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने चेतावनी दी है कि यह अंतिम चुनाव हो सकता है और इससे संघवाद का अंत हो सकता है। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की समिति की 320 पेज की रिपोर्ट में 2 चरणीय चुनावी प्रक्रिया की सिफारिश की गयी है। पहला लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव और उसके बाद सौ दिन के भीतर नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव और यह रिपोर्ट इस सप्ताह सुर्खियों में रही। समिति ने यह सुझाव भी दिया कि एक साथ चुनाव कराने के प्रावधान को लागू करने की निर्धारित तिथि के बाद किसी भी चुनाव में कथित राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल लोकसभा के कार्यकाल के पूरा होने के साथ समाप्त हो जायेगा और इस संबंध में यह बात ध्यान में नहीं रखी जायेगी कि विधानसभा कब गठित की गयी। प्रश्न उठता है कि क्या हम एक राष्ट्र, एक चुनाव की दिशा में बढ़ रहे हैं, विशेष कर जब देश में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के अब तक 400 से अधिक चुनाव हो चुके हैं और विधि आयोग ने 1999, 2015 और 2018 में तीन बार इस आधार पर यह सिफारिश की है कि नागरिकों, राजनीतिक दलों और सरकार को बार-बार चुनाव की थकाऊ प्रक्रिया से मुक्त किया जाये। इसी तरह संसदीय समिति ने 2016 में सिफारिश की थी कि एक साथ चुनाव कराने से चुनावों पर होने वाले भारी व्यय में कमी होगी और चुनाव आयोग द्वारा भी इस बात को रेखांकित किया गया कि एक साथ चुनाव कराने की लागत 4500 करोड़ रुपये होगी।

कोविंद के प्रस्तावों का इंडिया गठबंधन के घटक दल समर्थन नहीं कर रहे।

निःसंदेह एक साथ चुनाव कराना आर्थिक रूप से अच्छा होगा और इससे राजकोष में काफी बचत होगी। इससे बार-बार चुनाव कराने से शासन में व्यवधान से बचा जा सकेगा और नीतिगत पंगुता भी दूर होगी, क्योंकि किसी पार्टी के निर्वाचित होने और सरकार गठित करने के बाद वह कार्य करने लग जायेगी और लोकहित में कठोर निर्णय भी देगी तथा वोट बैंक पर इसके प्रभाव की चिंता किये बिना सुशासन की ओर ध्यान देगी। 15 राजनीतिक दल इस रिपोर्ट का विरोध कर रहे हैं और इसके समक्ष चुनौती प्रक्रियागत ब्योरे तथा अकुशल सरकारों को हटाने के नागरिकों के अधिकारों के प्रति सरकार की उपेक्षा है। साथ ही विविधता संपन्न देश में इसे संघीय ढांचे व संविधान की भावना के विरुद्ध माना जा रहा है और इसके चलते एक लंबी जटिल कानूनी प्रक्रिया शुरू हो सकती है। कोविंद रिपोर्ट में संवैधानिक संशोधन लाने का प्रस्ताव किया गया है और इस संबंध में सावधानीपूर्वक आगे बढ़ा जाना चाहिए, ताकि संघवाद के खतरे की आशंकाओं को दूर किया जा सके।

यही नहीं, विपक्षी दल मानते हैं कि एक राष्ट्र, एक चुनाव भाजपा का राजनीतिक एजेंडा थोपना है और यह आस्था, रीति-रिवाज, भाषा, गणवेश, खानपान आदि के संबंध में भाजपा की वैचारिक प्राथमिकता का विस्तार है, क्योंकि विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में संघीय ढांचे के अंतर्गत संबंधों में टकराव है। इससे राजनीतिक जवाबदेही और सरकारों के कार्य निष्पादन की समीक्षा भी प्रभावित होगी। अक्टूबर 1951 से मई 1952 के बीच में नेहरू कैबिनेट में आरंभ में ये चुनाव एक साथ कराये गये, किंतु नेहरू कैबिनेट द्वारा केरल में माकपा के नेतृत्व वाली सरकार को बर्खास्त करने के बाद ये अलग-अलग होने लगे। 60 के दशक में राजनीतिक अस्थिरता पैदा होने लगी, जिसके चलते लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ चुनाव कराने की प्रक्रिया बाधित हुई। 1967 से 1980 के बीच में पंजाब, बिहार और उत्तर प्रदेश की विधानसभाएं तीन बार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पायीं और ओड़िशा में उस दौरान विधानसभा के पांच बार चुनाव हुए। पश्चिम बंगाल में 1967 और 72 के दौरान चार बार चुनाव हुए, जिसके चलते केंद्र और राज्यों में अनेक अस्थिर सरकारें बनीं और लोकसभा और विधानसभाओं का समय पूर्व विघटन करना पड़ा, जिसके बाद भारत में कभी भी एक साथ चुनाव नहीं हुए। चुनाव पर व्यय निरंतर बढ़ता गया। 1980 में यह 23 करोड़ रुपये था। 1984 में 54 करोड़ रुपये, 1989 में 154 करोड़ रुपये तक पहुंचा और 1991 के चुनाव में यह 359 करोड़ रुपये तो 1999 में 880 करोड़, 2004 में 1300 करोड़, 2014 में 30 हजार करोड़ तो 2019 में यह 60 हजार करोड़ रुपये था। तथापि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल के बारे में कानूनी और संवैधानिक स्थिति चुनौतीपूर्ण है और इसके लिए संशोधन की आवश्यकता होगी और इन संशोधनों का राज्यों द्वारा अनुसमर्थन करना होगा, ताकि भविष्य में कानूनी टकराव से बचा जा सके। इसका एक उदाहरण अनुच्छेद 83 (2) और 172 (1) है, जिनमें कहा गया है कि लोकसभा और राज्य विधानसभा का कार्यकाल उनकी पहली बैठक से पांच वर्ष के लिए होगा। दोनों का कोई निर्धारित कार्यकाल नहीं है और उन्हें समय पूर्व भंग किया जा सकता है। इसके अलावा इन अनुच्छेदों के परंतुक में लोकसभा और विधानसभा के कार्यकाल को 6 माह तक बढ़ाने की अनुमति भी दी गयी है और ऐसा आपातकाल की घोषणा के बाद किया जा सकता है। इसके साथ ही संविधान का अनुच्छेद 356 केंद्र को किसी भी राज्य को राष्ट्रपति शासन के अधीन लाने की अनुमति देता है और इसके लिए वह विधानसभा को समय पूर्व भंग कर सकती है। किंतु केंद्र की इस शक्ति का दुरुपयोग रोकने के लिए दल-बदल रोधी अधिनियम 1995 और उच्चतम न्यायालय ने अनेक सुरक्षा उपाय किये हैं।

कोविंद के प्रस्तावों का इंडिया गठबंधन के घटक दल समर्थन नहीं कर रहे। उनका कहना है कि हम अपनी राज्य सरकारों के अधूरे कार्यकाल को क्यों स्वीकार करें। उनका मानना है कि सरकार का उद्देश्य दक्षिणी राज्यों में भाजपा की कमजोरी को दूर करने का प्रयास है, जहां पर भाषाई और वैचारिक दृष्टि के कारण उसकी प्रगति बाधित हो रही है। कुछ लोगों का तर्क है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के निर्धारित कार्यकाल हमारे संसदीय लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों के विरुद्ध हैं। यदि एक साथ चुनाव कराने के बाद राजनीतिक समीकरणों के बदलने से किसी विधानसभा के कार्यकाल में व्यवधान उत्पन्न हो तो क्या होगा? इससे केंद्र में राष्ट्रीय दल का वर्चस्व होगा और यह क्षेत्रीय दलों के लिए नुकसानदायक होगा। यदि मध्यावधि में केंद्र या किसी भी राज्य में सरकार गिर जाती है तो क्या होगा और यदि जनाधार प्राप्त किसी राज्य सरकार को अविश्वास मत से हटाया जाता है तो फिर क्या होगा? क्या वह सत्ता में बनी रहेगी या उसके स्थान पर दूसरी सरकार बनेगी जिसे हो सकता है कि जनादेश प्राप्त न हो।

निश्चित रूप से जिस सरकार को सदन का विश्वास प्राप्त न हो वह जनता पर थोपी हुई सरकार होगी और यह एक तरह से वास्तविक निरंकुशता, तानाशाही या राजतंत्र की अराजकता होगी और इस तरह एक अप्रतिनिधिक सरकार बनेगी। इससे बचने के लिए निर्वाचन आयोग ने सुझाव दिया कि किसी भी सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के साथ-साथ दूसरी सरकार और प्रधानमंत्री के लिए विश्वास प्रस्ताव भी आना चाहिए और दोनों पर साथ-साथ मतदान किया जाना चाहिए और यही स्थिति राज्य विधानसभाओं में भी होनी चाहिए। जर्मनी में वहां की संसद के निचले सदन और राज्य विधानसभाओं तथा स्थानीय चुनाव एक साथ होते हैं। फिलीपींस में भी प्रत्येक 3 वर्ष में एक साथ चुनाव होते हैं, हालांकि वहां पर राष्ट्रपति शासन प्रणाली है।

एक राष्ट्र, एक चुनाव के पक्ष-विपक्ष में अलग अलग तर्क हैं और इसके संबंध में विकास बनाम जवाबदेही, चुनावी व्यय बनाम राजनीतिक विकल्प, शासन बनाम चुनावी निष्पक्षता आदि के तर्क दिये जाते हैं। चुनाव देश की लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है, इसलिए इस संबंध में बहुत कुछ दांव पर लगा हुआ है। चुनाव हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। बार-बार चुनाव कराने से बचा जा सकता है। राज्यों में निरंतर चुनाव होने के चलते सरकार का प्रबंधन कठिन हो जाता है। भारत का लोकतंत्र हर वक्त राजनीतिक दलों के बीच तू-तू, मैं-मैं में नहीं बदलना चाहिए।

जमशेदपुर की खबरें

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया कोषांग का किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने लोकसभा चुनाव के लिए गठित मीडिया सह एमसीएमसी कोषांग का औचक निरीक्षण किया। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार से कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दी। मौके पर उन्होंने कोषांग के पदाधिकारियों को सोशल मीडिया,समाचार पत्र,० टीवी चैनल, पेड न्यूज पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही समाचार पत्र के कतरन के साथ रिपोर्ट प्रेषित करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रतिनियुक्त कर्मियों के उपस्थिति की भी जांच की गई। साथ ही किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए व्यवस्था को दुरूस्त करने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया राजनीतिक दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा भी चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार का विज्ञापन, वीडियो, टेक्स्ट प्रसारित होने के पूर्व एमसीएमसी कोषांग के पास भेजा जाना अनिवार्य है। इसके लिए पूर्व में ही कोषांग से सिर्टिफिकेशन आवश्यक है। उन्होने पेपर कटिंग व पेड न्यूज की पहचान करने व चिन्हित होने पर कार्रवाई व नोटिस और अपील के सभी पहलुओं के संबंध में जानकारी लेते हुए पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दी। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के लिए जल्द ही फोन नंबर जारी किया जाएगा। जिसपर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायत आमजनमानस दर्ज करा सकेंगे। तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होने सोशल मीडिया की कड़ी निगरानी पर बल देते हुए जिलावासियों से अपील भी किया चुनावी प्रक्रिया के संबंध में कोई भी अपुष्ट खबर को दूसरों को फॉरवर्ड नहीं करें। कोई भ्रामक समाचार या वीडियो सोशल मीडिया के किसी भी माध्यम से प्राप्त होने पर सर्वप्रथम प्रशासन से पुष्टि जरूर करा लें। अन्यथा भ्रामक खबरों को फॉर्वर्ड करने के आरोप में निर्वाचन कार्यों में बाधा उत्पन्न करने के दोषियों को चिन्हित करते हुए विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

फोटोग्राफर सोसाइटी ऑफ झारखंड ने पहली बार किया होली मिलन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। फोटोग्राफर सोसाइटी ऑफ झारखंड के द्वारा पहली बार होली मिलन समारोह हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार को बाराद्वारी विश्वकर्मा समाज हॉल में कार्यकर्ता सह होली मिलन समारोह में अथिति के तौर पर शुभ भट्टाचार्जी,डी एस भोगल,हर्षद मोदी,रामु मुनका शामिल हुए। सबसे पहले महिला गायिका पूजा सिंह के द्वारा गणेश बन्दना गीत प्रस्तुत की गई। वही संस्था के अध्यक्ष सुमन शर्मा के द्वारा कार्यक्रम की घोषणा की गयी। वही वरिष्ट फोटोग्राफर विजय सिंह व मनोज जोशी के द्वारा सभी सदस्य को अबीर का टीका लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शहर और आसपास के सैकड़ो फोटोग्राफर शामिल रहे। सभी सदस्य एक दूसरे को रंग बिरंगे अबीर गुलाल लगाकर व गले मिल कर होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर महिला गायिका पूजा के होली गीत पर सभी सदस्य हर्ष उल्लास के साथ झूमते नाचते गाते नजर आए। वही होली मिलन समारोह में सभी सदस्य लिट्टी चोखा सहित अन्य स्वादिष्ट भोजन का आंनद उठाया। मौके पर सभी सदस्यों ने कार्यक्रम का जमकर सरहाना की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजेश कुमार प्रसाद,महासचिव नितेश कुमार, कोषाध्यक्ष तपन कुमार घोष,सह सचिव इंद्रनील बिस्वास व सूरज नमन, मनोरंजन सरकार,उदय लाल,अभिषेक,डी सोनू, मनोरंजन दास शंकर गोराई, मुकेश,भूपेन कुमार बागति,अमित कुमार पोद्दार, दिलीप नायक, बिस्वजीत बिस्वास,अरूप सिंघा, सुनील गोराई, जीतू शर्मा सहित अन्य सभी सदस्य शामिल होकर होली मिलन समारोह का आंनद उठाया।

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिले विधायक रामदास सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। घाटशिला विधायक रामदास सोरेन बीते कई माह से दिल्ली में इलाजरत रहे। उस बीच झारखंड में ईडी की कारवाई के बाद चम्पाई सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री बने। विधायक रामदास सोरेन स्वास्थ्य लाभ मिलने के बाद दिल्ली से सीधे रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुचे।विधायक ने मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से मुलाकात कर ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक ने संगठन व राजनीतिक विषयों पर चर्चा करते हुए पूर्वी सिंहभूम जिले में आने वाले लोकसभा चुनाव में जीत के लिए कई बिंदुओ पर वार्ता की।

रांची के युवाओं को इंस्टाग्राम रील्स आइडी 'जोक्स ही जोक्स' को मिले 55 एम व्यूस

कांके(आजाद सिपाही)। झारखण्ड की राजधानी राँची के युवाओं का सोशल मीडिया इंस्टाग्राम रील्स जोक्स- ही - जोक्स को पूरे देश में 55 एम ब्युर्वस मिले हैं। इनके द्वारा बनाए गए रील्स को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। और इनके द्वारा बनाये गये रील्स करोड़ की संख्या में दर्शक इंस्टाग्राम के माध्यम से देख रहे हैं। झारखण्ड की राजधानी राँची में जोक्स ही जोक्स नाम की इंस्टाग्राम आई डी के इंस्टाग्राम रील्स के विडिओ दर्शकों के बीच में खूब पसंदीदा बना हुआ हैं। और लोग उन विडिओ को बार बार देख रहें हैं। क्रिएटर्स और इन्फेलुन्सेर्स की माने, तो अभी तक राँची में इन विडिओ को इंस्टग्राम रील्स में 55 एम ब्युर्वस मिला हैं। जो की राँची में सबसे ज्यादा ब्युर्वस हैं। इन विडिओ के माध्यम से होनहार युवा सभी का मनोरंजन कर रहे हैं और इंस्टग्राम रील्स युवाओं को नया ठिकाना बनता जा रहा है। जैसे ही आप रील्स खोलते हैं। इन युवाओं का चेहरा आपके सामने आता है यानी वो युवा जो अपनी वीडियो से आपका मनोरंजन तो करते ही हैं साथ ही साथ ब्रांड्स की भी मदद कर रहे हैं। इन युवाओं के ग्रुप में हर्ष यादव, एलिश, पूजा, आकाश, कैसर मुख्य रूप से अपनी भूमिका निभा रहें हैं।

17वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 18 खिलाड़ी रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

पाकुड़ । जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वधान में 17वीं झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स कुमैठा स्टेडियम देवघर में आयोजित होने वाली है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला से 18 सदस्य एथलीट आज रवाना हुए। अंडर 14, अंडर 16, अंडर 18, अंडर 20 बालक /बालिका के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनके नाम निम्न है। अंडर 14 बालक वर्ग में बनाड़ हसदा, जमाल शेख, हसीबुल शेख,अंडर 14 बालिका वर्ग निशा कुमारी, सुशांति मरांडी, सोनाली मुर्मू, अंडर 16 बालक वर्ग प्रमोद पहाड़िया ,अभिनव आर्य, विष्णु रजवार बालिका वर्ग में सरस्वती मुर्मू, प्रिया कुमारी, संगीता मरांडी , बिट्टी हेंब्रम, पुष्पा हंसदा, प्यारी कुमारी, अंडर 18 बालक वर्ग राजेश कुमार साह बालिका वर्ग संजुता मरांडी अंडर 20 बालक वर्ग सिलबानोस ज्वेल सोरेन, विमल टुडू ,अनुज कुमार, ओझा मनीष पंडित ,रवि मुर्मू, बालिका वर्ग फूल कुमारी मढैया, सानिया पंडित। टीम प्रबंधन और प्रशिक्षक अक्षय बाबरी के अगुवाई में रवाना हुई। सभी खिलाड़ियों को जिला खेलकूद पदाधिकारी राहुल कुमार,पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिंह उर्फ बुल्टी, पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रणवीर सिंह,पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अर्धतेंदु शेखर गांगुली, सुजीत विद्यार्थी उपाध्यक्ष जयदेव कुमार, कुंदन कुमार, अभिषेक पांडे, अशोक कुमार सिन्हा ,प्रवीण कुमार, पंकज अग्रवाल, मृणाल चौरसिया, नारायण चंद्र रॉय ,प्रशिक्षक राजेश कोल, फुटबॉल प्रशिक्षक सयमोल सोरेन ,आदि जिले के खेल प्रेमी ने शुभकामनाएं दिया ।

पंचायत स्थानांतरण पर अभिलंब रोक लगे : रंजनी शर्मा

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने उप विकास आयुक्त गढ़वा को पत्र लिखकर भवनाथपुर पंचायत में रोजगार सेवकों का पंचायत स्थानांतरण पर अविलंब रोक लगाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि रोजगार सेवकों का पंचायत स्थानांतरण किये जाने से सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं पर इसका प्रतिकूल असर देखने को मिल रहा है। उन्होंने उप विकास आयुक्त से पंचायत स्थानांतरण पर अभिलंब रोक लगाने का गुहार लगायी है। ताकि प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं का सुचारु तरीके से क्रियान्वयन हो सके।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

108 घंटे बाद भी सरकारी दवा फेंकने का नहीं मिला कोई सुराग

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी। 108 घंटे बीत जाने के बाद भी बड़े पैमाने पर सरकारी दवा फेंक दिए जाने के मामले का कोई सुराग नहीं मिला। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य उपकेंद्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर सदर अस्पताल तक दवा उपलब्ध नहीं है कह कर मरीज को दवा की परची थमा दी जाती है। और इधर दो-तीन साल समय रहते सरकारी दवाओं को एक ट्रैक्टर से अधिक की मात्रा में फेंक दिया जा रहा है। इस मामले का खुलासा होने पर सूबे के स्वास्थ्य मंत्री के हस्तक्षेप के बाद जिला प्रशासन के हवाले से स्वास्थ्य विभाग ने अज्ञात के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज करा कर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर ली। मानों इसमें अब कुछ करना शेष नहीं बचा है। स्वास्थ्य विभाग के लोगों का कहना है कि उन्होंने एफआईआर करा दिया है। अब आगे की कार्रवाई पुलिस को करनी है। कहने का मतलब कि गेंद को पुलिस के पाले में फेंक कर स्वास्थ्य विभाग निश्चित हो गया। इधर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किस केंद्र या संस्था को कब और कितनी दवा दी गई है। उसका किसके बीच किस मात्रा में वितरण किया गया। उनके पास शेष कितनी दवा बचती है। इन सब की तहकीकात करके दोषियों को चिन्हित करने का जब तक प्रयास नहीं किया जाएगा तो पुलिस भी ज्योतिषी नहीं है कि सीधे जिम्मेवार व्यक्ति के गिरेबान पर हाथ डाल देगी। इस प्रकृति के अन्य मामलों की तरह उपरोक्त कार्रवाई नहीं करते हुए फाइल बंद करने की ओर ही यह मामला भी बढ़ रहा है। पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता विनोद प्रसाद के साथ कई ग्रामीणों ने कहा कि इस बार इस गंभीर मामले को दाखिल दफ्तर नहीं करने दिया जाएगा। यदि निकट भविष्य में दोषियों को पकड़ने की दिशा में कार्रवाई नहीं की गई तो इस अति गंभीर मामले को लेकर प्रखंड मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय एवं प्रदेश की राजधानी तक संविधान के दायरे में धरना प्रदर्शन, अनशन, तालाबंदी एवं चक्का जाम जैसे आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे। इसकी सारी जिम्मेवारी सरकार एवं प्रशासन की होगी।

ग्रामीणों ने की अनिमियता की शिकायत जांच करने पहुंची प्रमुख, दिया कड़ा निर्देश

अगर गुणवत्तापूर्ण पथ निर्माण कार्य नहीं कराया गया या संवेदक के द्वारा जैसे-तैसे पथ निर्माण कार्य कराने का प्रयास किया गया, तो इसकी शिकायत उपायुक्त से की जायेगी : चंद्रावती देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

केतार। प्रखंड क्षेत्र के पाचाडूमर गांव अंतर्गत उरांव टोला के आंगनबाड़ी केंद्र से मुख्य पथ तक पीसीसी पथ का हो रहे निर्माण कार्य में घोर अनिमियता बरती जा रही है। जिसकी शिकायत ग्रामीण प्रमुख चंद्रावती देवी से की। प्रमुख ने कार्य स्थल पर जाकर गहनता से जांच किया। उन्होंने कार्यस्थल पर देखा की मिट्टी युक्त बालू का प्रयोग कर पीसीसी पथ का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जो की सरासर गलत है। जर्जर पुल होने के बावजूद भी पुल का मरम्मती ना करा कर उसी पुल पर पथ निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वास्तु स्थिति को देखते हुए प्रमुख ने संवेदक को सख्त चेतावनी देते हुए कहीं कि अगर गुणवत्तापूर्ण पथ निर्माण कार्य नहीं कराया गया या संवेदक के द्वारा जैसे-तैसे पथ निर्माण कार्य कराने का प्रयास किया गया, तो इसकी शिकायत उपायुक्त से की जायेगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि सरकार द्वारा चलाया गया यह महत्वाकांक्षी योजना जो प्रत्येक टोले को पंचायत से जोड़ना है। परंतु सवेंदक हम लोगों को आदिवासी समझ कर ठगने का प्रयास कर रहा है। जिसके वजह से हम लोग अनिमियता की शिकायत प्रमुख से किया। इस मौके पर सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद, प्रताप साह, बब्लू प्रसाद, जद्दू साह, अशोक गुप्ता, लगनी देवी, मोहन उरांव, शिव पूजन उरांव, विकास प्रसाद, छोटेलाल पटेल, संजय साहित्य अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

रंगों का त्योहार होली को लेकर धुरकी थाना में बैठक

शांति समिति के बैठक में उपस्थित अधिकारी

धुरकी। धुरकी थाना परिसर में बुधवार को रंगों का त्योहार होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी सत्येंद्र नारायण सिंह इंस्पेक्टर, रतन कुमार सिंह, धुरकी अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी जुल्फिकार अंसारी सगमा प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्यम कुमार ने की। बैठक में उपस्थित दोनों समुदायों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि होली पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें। धुरकी वह सगमा प्रखंड शांतिप्रिय प्रखंड रहा है। पहले भी होली में धुरकी में किसी तरह का कोई अप्रिय घटना नहीं घटी है उम्मीद है यह परंपरा को आप सभी कायम रखेंगे। जबकि थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार कुमार ने होली पर्व को लेकर ढेरों सारी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। सोशल मीडिया पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। चुकी आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबारी भी सतर्क हो जायें। मौके पर पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव सगमा प्रखंड पूर्व जिला परिषद नंद गोपाल यादव, मुखिया रघुनाथ सिंह, इस्लाम खान, मुखिया प्रतिनिधि इस्लाम खान, भाजपा नेता इंद्रमणि जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि रामप्रवेश गुप्ता, शैलेश यादव, विपिन यादव, सुदर्शन प्रसाद गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख शांति देवी, सगमा ब्लॉक प्रमुख अजय गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

जिला नीलाम पत्र शाखा गढ़वा के उच्च वर्गीय लिपिक किये गये निलंबित

शराब पीकर कार्यालय आने की थी शिकायत

एक अनुसेवक का भी हुआ स्थानांतरण

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। मनोज कुमार उच्च वर्गीय लिपिक, जिला नीलाम पत्र, शाखा, गढ़वा को उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा निलंबित कर दिया गया। बताते चलें कि जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी गढ़वा द्वारा प्रतिवेदित किया गया था कि मनोज कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक जिला नीलाम पत्र शाखा गढ़वा द्वारा कार्यालय में शराब पीकर अन्य कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है तथा कार्यालय कार्य में दिलचस्पी नहीं लिया जाता है।

श्री कुमार का यह कार्य बिहार/झारखंड सरकारी सेवक आचार नियमावली 1976 के नियम 4 (1) से (4) का उल्लंघन है। उक्त के आलोक में मनोज कुमार उच्च वर्गीय लिपिक जिला नीलाम पत्र शाखा गढ़वा को झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियमावली 2016 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय प्रखंड कार्यालय भंडरिया (गढ़वा) निर्धारित किया गया, जहां वे अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे तथा उपस्थिति के आधार पर इन्हें झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2016 के नियम 10 में उल्लेखित प्रावधानों के अंतर्गत जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

इस संबंध में जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी गढ़वा को आदेशित किया गया कि मनोज कुमार उच्च वर्गीय लिपिक जिला नीलाम पत्र शाखा गढ़वा के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालन हेतु आरोप पत्र (Memo of Charges) गठित कर अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा के माध्यम से एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही ऐसी ही शिकायत प्राप्त होने के विरुद्ध प्रशासनिक दृष्टिकोण से दिनेश प्रजापति, अनुसेवक अंचल कार्यालय रमकंडा प्रतिनियुक्त कार्यालय अधीक्षक, कार्यालय गढ़वा को भी स्थानांतरित करते हुए प्रखंड कार्यालय चिनिया में पदस्थापित कर दिया गया है।

बीडीओ की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। होली पर्व को लेकर भवनाथपुर थाना परिसर में बीडीओ सह अंचलाधिकारी नंद जी राम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में दोनों समुदायों के लोगों से शांति और सद्भावना के साथ होली पर्व मनाने की अपील की। उपस्थित सदस्यों ने आग्रह किया कि होली से दो दिन पहले शराब पर बंदी लगाया जाये, जिसपर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने आश्वस्त किया कि होली पर्व से पहले अवैध शराब बंद रहेगा। सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीना पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। अश्लील गाना पर पाबंदी लगायी जायेगी, अश्लील गाना बजाते पकड़े जाने पर कार्रवाई किया जायेगा। डीजे कम साउंड में बजाना है। थाना प्रभारी तथा पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार विर ने बताया कि होली पर्व को देखते हुए पुलिस गश्त बढ़ा दिया जायेगा, साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर भी पुलिस की नजर रहेगी। अधिकारियो ने कहा अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। बैठक में एस आई प्रभू मेहता,उप प्रमुख पिनटु टोप्पो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, वरूण बिहारी यादव, मुखिया बेबी देबी, बीडीसी चंदन ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, मकरी पूर्व मुखिया अब्दुल अंसारी,सकील अहमद, अख्तर अंसारी, अजीमुद्दीन अंसारी, महेंद्र पासवान सहित दोनों समुदाय के कई लोग उपस्थित थे।05

सुंदरकांड पाठ से घर में सुख-शांति आती है : अरूण

श्रीकृष्ण गोशाला में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। मानस मंडली विशुनपुर इकाई द्वारा साप्ताहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ के क्रम में मंगलवार की शाम श्रीकृष्ण गौशाला परिसर सोनपुरवा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाम 6.30 बजे से लेकर रात्रि नौ बजे तक श्री रामचरितमानस के सुंदरकांड का संगीतमय अखंड पाठ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीकृष्ण गोशाला समिति द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मानस मंडली विशनपुर इकाई के द्वारा 481वां संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम मानस मंडली और श्रीकृष्ण गोशाला समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से श्रीराम दरबार और श्रीराधाकृष्ण दरबार के चित्र पर पुष्प माला अर्पित किया। इस दौरान मंत्रोच्चार के साथ पूजा-आरती और शंख ध्वनि भी किया गया। इस अवसर पर मानस मंडली के सदस्यों ने कहा कि मंगलवार और शनिवार को सुंदरकांड का पाठ अपने-अपने घर में करना चाहिए. सुंदरकांड पाठ करने से घर में सुख-शांति की प्राप्ति होती है। विश्व का कल्याण होता है और श्रीहनुमानजी की कृपा से सभी समस्याओं का समाधान होता है। आज के समय में सभी मनुष्य को अपने-अपने घर में प्रत्येक दिन श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिये। इसके पूर्व श्रीकृष्ण गोशाला समिति के सचिव रमेश कुमार दीपक ने मंडली के सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर अपना उदगार व्यक्त करते हुये सचिव श्री दीपक ने कहा कि सुंदरकांड का संगीतमय पाठ से गोशाला परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में भी पूरा वातावरण शुद्ध हो गया है. इस अवसर पर होली गीतों की भी प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम के अंत में महाभंडारा का आयोजन किया गया था। जिसमें काफी संख्या में शहर के महिला पुरूषों सदस्य शामिल हुये। इस अवसर पर मानस मंडली के अरुण दुबे, बृजेश कुमार पांडेय, आत्मा पांडेय, अशोक पटवा, द्वारिकानाथ पांडेय, अमरेंद्र मिश्र, सतीश चौबे, सियाराम, आनंद, रघुपति सिंह, अलख, श्री कृष्ण गौशाला समिति के अध्यक्ष विनोद पाठक, कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, रमेश पाठक, मनोज सहित काफी लोग उपस्थित उपस्थित थे।

होली पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें : मोहम्मद आफताब

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी। थाना के सभागार में बुधवार को रंगों का त्योहार होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद आफताब आलम ने की। बैठक में उपस्थित दोनों समुदायों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि होली पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें। कांडी प्रखंड शांतिप्रिय प्रखंड रहा है। पहले भी होली में कांडी में किसी तरह जा कोई अप्रिय घटना नहीं घटी है, उम्मीद है यह परंपरा को आप सभी कायम रखेंगे। जबकि थाना प्रभारी गुलशन कुमार ने होली पर्व को लेकर ढेरों सारी शुभकामनाएं दी। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलला दुबे, विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह, प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकु पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रशेखर उपाध्याय उर्फ विकास उपाध्याय,मुखिया सुबोध कुमार वर्मा, बीडीसी मीरा सिंह, शशिरंजन दुबे, विनोद प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, मुतुर्जा अंसारी, अशोक प्रसाद, मणिकांत सिंह, मनोज कुमार चंचल, पंकज पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

चलाया गया मतदान जागरूकता अभियान

बिशुनपुरा (आजाद सिपाही)। बिशुनपुरा पुलिस ने थाना क्षेत्र के पतिहारी, सारो, ओढ़या और अन्य स्थानों पर भय मुक्त वातावरण में मतदान करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों में भयमुक्त मतदान को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया है। जो निरंतर जारी रहेगा। बिना किसी भय, लालच के ज्यादातर संख्या में ग्रामीण मतदान के लिए आगे आये। मतदान का ज्यादा प्रतिशत एक मजबूत लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। उन्होंने असामाजिक तत्वो की गुप्त सूचना निसंकोच थाना को देने की अपील की।

होली पर्व को लेकर बैठक आयोजित

भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया थाना परिसर में मंगलवार को होली पर्व को लेकर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित सभी समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी चंदन कुमार सिंह ने कहा की होली को लेकर सरकार के द्वारा दिए गए निर्देश का पालन करने की जरूरत है। लोग सोशल मीडिया से बचे तथा किसी भी तरह के भ्रामक मैसेज समाज में न फैलाएं। सभी भाईचारे के साथ होली कि त्योहार मनाएं, बैठक में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव का विगुल बज चुका है अंचार संहिता का पालन करते हुए त्योहार मनाएं। होली के रंग को राजनीतिक रंग मे नही रंगे।अंचलाधिकारी राकेश भूषण सिंह ने सोशल मीडिया से बचने की अपील की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय किशोर रजक ने कहा कि कैमिकल वाले रंग से खुद बचें और दुसरे को भी यैसे रंग से बचने का सलाह दें। बैठक में मुख्य रूप से और प्रमुख श्रद्धा देवी विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह सुनीत मिंज, पंचायत समिति सदस्य महेश यादव मुखिया महेश्वर सिंह, खुशबून बीबी, मुंशी रहमान तपसीराम सुमित गोस्वामी, विनोद गुप्ता, मुखलाल, बैजनाथ आदि समेत दर्जनों की संख्या में सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

सेविका हर माह डकार रही गर्भवती और धात्री महिलाओं का पोषाहार

सेविका की हरकत से परेशान होकर कुछ गर्भवती महिलाओं ने पोषाहार लेना ही छोड़ दिया

जितेन्द्र यादव

डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड के रारो गांव के तुमिया टोला आंगनबाड़ी केंद्र में पोषाहार का वितरण नही करने व आंगनबाड़ी केंद्र को नही खुलने से गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषाहार को लेकर भटकना पड़ रहा है। सरकार के द्वारा गर्भवती व धात्री महिलाओं के साथ-साथ शिशु बच्चा को कुपोषण से बचाव को लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न योजनाओं के तहत कई तरह के पोषाहार उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका के मनमानी के कारण उन लाभार्थियों तक पोषाहार नहीं पहुंच पाता है। महिला एवं बाल विकास विभाग के घोर उदासीनता के कारण आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका के द्वारा अपने मनमानी तरीका से पोषाहार का वितरण किया जाता हैं। इसकी लगातार शिकायत व विरोध के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। इस दौरान रारो गांव के तुमिया टोला आंगनबाड़ी केंद्र में बुधवार को पोषाहार लेने पहुंची महिला रिंकू देवी, सुनैना देवी, सोनी देवी, बतसिया देवी सहित कई महिलाओं ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका चिंता कुमारी सिंह के द्वारा गर्भवती व धात्री महिलाओं के साथ-साथ शिशु बच्चा को मिलने वाला पोषाहार को लाभार्थियों के बीच वितरण नही कर कागजों पर वितरण किया जा रहा है। पोषाहार को लाभार्थियों के बीच वितरण के बजाए हर माह बेच दिया जा रहा है। वही बताया कि केंद्र की सेविका अपने मनमानी तरीके से केंद्र संचालित करती है। सेविका के द्वारा पिछले कई महीने से गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषाहार का वितरण नही किया जा रहा है। वहीं महिलाओं ने बताया कि जब दूसरे केंद्र पर पोषाहार का वितरण शुरू होता है तो हमलोग तुमिया टोला के आंगनबाड़ी केंद्र जाते हैं। लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहता है। इसके बाद हम लोग सेविका का घर जाते हैं तो सेवीका के द्वारा बोला जाता है कि रजिस्टर पर साइन कीजिए और अगले दिन पोषाहार मिलेगा। जब अगले दिन पोषाहार लेने पहुंचते हैं तो सेविका के द्वारा बोला जाता है की विभाग के द्वारा बहुत कम मात्रा पोषाहार मिला था। वितरण में खत्म हो गया अगले बार आयेगा तो पहले आप लोगों को दिया जायेगा। जब हम लोग बोलते हैं कि हम लोगों का पोषाहार दूसरे लाभार्थी को कैसे दे दिये, इस पर अभद्र व्यवहार करते हुए पोषाहार नहीं देंगे तो क्या कर लोगी जिसको जहां जाना है वहां जा सकती हो। अभद्र व्यवहार करते हुए हम लोगों को डांटकर भगा दिया जाता है। बताया कि सेविका की हरकत से परेशान होकर कुछ गर्भवती महिला पोषाहार लेना ही छोड़ दिया। महिलाओं ने आरोप लगते हुए कहां की पोषाहार को सेविका के द्वारा हर माह में खुलेआम बिक्री कर दिया जाता है। वहीं केंद्र के आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि केंद्र कब खुलता है और कब बंद होता है इसका पत्ता नही चलता है। सेविका मनमानी तरीके से केंद्र खोलती है और जब मन करता है बंद कर देती है।

लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश और झारखंड पुलिस ने किया मंथन

बंशीधर नगर । लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड बॉर्डर पर स्थित थाना क्षेत्र के वन विभाग गेस्ट हाउस में आज दोपहर लगभग 2:00 बजे झारखंड बॉर्डर क्षेत्र के नगर ऊंटरी थाना निरीक्षक आदित्य नायक, खरौधी थाना प्रभारी निरीक्षक अनिमेष शांति केयरी, धुरकी थाना प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार व अंचल निरीक्षक रतन, डीएसपी नगर उटारी सत्येंद्र नारायण सिंह सहित सोनभद्र जिला के क्षेत्राधिकार दुध्दि प्रदीप सिंह चंदेल, क्षेत्राधिकार ओबरा डॉक्टर चारू द्विवेदी, विंढमगंज थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम बिहारी,कोन थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत की एक बैठक चुनाव में खलल डालने वाले वांछित अभियुक्त तथा बॉर्डर क्षेत्र में अपनी नजर बनायें रखने के लिए पुलिस फोर्स के पोस्ट, यातायात के दौरान चेकिंग के लिए विभिन्न मार्गो पर बैरियर लगाने संबंधित वार्तालाप हुई। दुध्दि क्षेत्राधिकार प्रदीप सिंह चंदेल ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड राज्य के गढ़वा जिला और प्रदेश के सोनभद्र जिला के बॉर्डर क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों की अहम बैठक हुई।

जिसमें लोकतंत्र के महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए मौजूद फोर्स व प्रशासनिक हमला मुस्तैद रहेगी इसके लिए गहन रणनीति बनायी गयी। ताकि मतदान के दौरान मतदान केंद्रो पर व रास्ते में मतदाताओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े और मतदाता निर्भिज्ञ व स्वतंत्र होकर अपना मतदान अपने स्वेच्छा से करें।

महागठबंधन के प्रत्याशियों की घोषणा न होने से समर्थकों में ऊहापोह की स्थिति

खूंटी (आजाद सिपाही)। कोईल कारो जनसंगठन की शीर्ष कमेटी की बैठक बुधवार को शहीद भवन, तपकरा में हुई। उपाध्यक्ष जोन जुरसन गुड़िया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित शीर्ष कमेटी के सदस्यों ने इस बात आश्चर्य व्यक्त किया कि लोकसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा के इतने दिनों के बाद भी इंडी गठबंधन द्वारा अब तक एक भी प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की गयी है। संगठन के नेताओं ने कहा कि प्रत्याशी की घोषणा नहीं होने से कार्यकताओं में ऊहापोह की स्थिति है। सदस्यों ने कहा कि महागठबंधन के इस रवैये से ऐसा प्रतीत होता है कि आदिवासी और मूलवासियों के सवालों से उन्हें कोई मतलब नहीं है। उनका एकमात्र उद्देश्य सिर्फ सत्ता प्राप्ति है। बैठक में सहमति बनी कि विस्थापन और पलायन सहित आदिवासी न्याय जन-संकल्प पर आधारित आदिवासी-मूलवासी हित के विषयों पर महागठबंधन या अन्य दलों के साथ गंभीर विमर्श के उपरांत ही साथ सहयोग पर निर्णय लिया जायेगा। बैठक में अलेस्टेयर बोदरा, मसीहदास गुड़िया, रेजन गुड़िया, जीवन हेमरोम, निकोलस कंडुलना, हारून गुड़िया, अमृत गुड़िया, रामजीबोल कंडुलना, मदन सिंह, सुखराम गुड़िया, फिलिप गुड़िया, जीवन गुड़िया, खिस्तोपाल कोनगाड़ी आदि शामिल थे।

खलारी के गोपाल सिंह बने कांग्रेस के जिला सोशल मीडिया सह समन्वयक

गोपाल सिंह।

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी के कांग्रेस नेता गोपाल सिंह को रांची जिला कांग्रेस सोशल मीडिया का सह समन्वयक बनाया गया है। इसको लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के स्टेट चेयरमैन गजेन्द्र सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी है। गोपाल सिंह को सोशल मीडिया समन्वयक बनाये जाने पर कांग्रेस नेताओं एव कार्यकर्ताओ ने बधाई दी है। बधाई देने वाले कांग्रेस नेताओं में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, गजेंद्र सिंह, गुंजन कुमारी सिंह, राकेश किरण महतो, सुरेश बैठा, राजन सिंह, राजा, अब्दुल्ला अंसारी, कुमार राजा, राजेश सिन्हा सन्नी, रामदेव सिंह, राजेश सिंह मिंटू, साबीर अंसारी, तनवीर आलम, रंजन सिंह बिट्टू, कुलदीप राम, विक्की सिंह, अरविंद सिंह, बबलु उरांव, बाबू खान, जहीर अंसारी, राजा केशरी, मोनू रजक, फिरोज आलम, सलामत अंसारी, शंकर सिंह, संजय, विनय, अजय, राजेंद्र , उदय सिंह आदि शामिल है।

उर्सलाइन कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा पांच से लेकर नवम तक का वार्षिक परीक्षाफल का वितरण

खलारी(आजाद सिपाही)। उर्सलाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी में बुधवार को कक्षा पांच से लेकर कक्षा नवम तक के छात्र-छात्राओं के बीच समारोह आयोजित कर वार्शिक परीक्षाफल का वितरण किया गया। इस दौरान वार्षिक परीक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित करते हुए उनके बीच परीक्षा फल का वितरण किया गया। साथ ही स्कूल की प्राचार्या सिस्टर जयंती ने उपस्थित अभिभावकों को अपने बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखने की सलाह दी और कहा कि बच्चे घर पर भी अच्छी तरह से पढ़ाई करें इसके लिए अभिभावकों को भी ध्यान देने की जरूरत है। वहीं उन्होने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा काफी संख्या में छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी मौजूद थे।

कृषकों के बीच अदरक और ओल के बीज का वितरण

अदरक और ओल के बीज का वितरण के दौरान उपस्थित किसान।

खलारी(आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड परिसर में प्रखंड के मायापुर पंचायत के कृषकों के बीच बुधवार को अदरक एवं ओल के बीज का वितरण किया गया। इस मौके पर उद्यान मित्र राजेन्द्रनाथ महतो ने बताया कि अदरक और ओल की खेती कर किसान अच्छी आमदनी कर सकते हैं। ओल को छायादार जगह में भी लगा सकते हैं। इसे ज्यादा पानी की आवश्यकता नहीं होती है। इसे गर्मी के मौसम में भी लगाया जा सकता है। पहली बरसात में पौधा अपने आप निकल आता है। इसमें किसानों को सिंचाई करने की भी कोई आवश्यकता नहीं होती है। यदि सही तरीके से इसकी खेती की जाए तो कम मेहनत में अच्छी आमदनी हो सकती है। मौके पर कृषक मित्र माइकल धान सहित कृषक बधनी गंझू, रामदेव गंझू, मिनता देवी, वीणा गंझू, सूरज महतो, बैवा गंझू, मंगरु गंझू, विलासो गंझू, गणेश महतो, दीपक भोगता, नंदू गंझू और वीर मोहन गंझू के अलावे मायापुर पंचायत के कई कृषक उपस्थित थे।

पुलिस ने छापामारी कर 4.77 किग्रा अफीम बरामद की



बारियातू (आजाद सिपाही)। गुप्त सुचना के आधार पर बालुमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशुतोष सत्यम और थाना प्रभारी राजा दिलावर ने मंगलवार के देर रात बालूभांग पंचायत अंतर्गत श्रीसमाध ग्राम के बरवयाटोला निवासी विमल गंझू पिता जगदीश गंझू के घर में छापामारी कर 4.77 किलोग्राम अफीम बरामद किया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष सत्यम को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत अंतर्गत श्रीसमाध स्थित बरवयाटोला निवासी विमल गंझू के घर में अफीम रखे होने की सुचना मिली थी। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष सत्यम के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापामारी अभियान चलाया गया। जहां विमल गंझू के घर से 4.77 किलोग्राम अफीम बरामद किया गया। साथ ही बताया कि विमल गंझू घर से फरार हो गया। जिसके विरुद्ध एनडीपीएस के तहत एफआइआर दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। छापामारी दल में एएसआइ छोटू पंडा और थाना के कई सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे।

संदेहास्पद नगद लेनदेन की जानकारी बैंकों के शाखा प्रबंधक को दें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जिले के सभी बैंको के शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि असामान्य तथा संदेहास्पद नकद निकासी या निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान एक लाख रुपये से अधिक निकासी की सूचना उपायुक्त और व्यय कोषांग को हर दिन दें। उपायुक्त बुधवार को बैंकों के शाखा प्रबंधकों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त ने शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया कि बैंक प्रति दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय और व्यय प्रेक्षक कोषांग को संदेहास्पद लेन-देन का प्रतिवेदन चुनाव आयोग द्वारा जारी प्रपत्र में समर्पित करेंगे।

बैठक में बैंकों के शाखा प्रबंधकों को बताया गया कि असामान्य तथा संदेहास्पद नकद निकासी या निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान एक लाख रुपये से अधिक निकासी, उस परिस्थिति में बैंक में जमा कराना, जबकि पिछले दो महीने के दौरान इस प्रकार जमा या निकासी न की गयी हो। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न व्यक्तियों के बैंक खाते में एक ही बैंक खाते से आरटीजीएस राशि का असामान्य स्थानांतरण, जबकि ऐसे अंतरण का पहले कोई उदाहरण न रहा हो। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल हलफनामे में उल्लेखित अभ्यर्थियों को उनके पति या पत्नी या उनके आश्रितों के बैंक खाते से एक लाख से अधिक की नकदी की जमा या निकासी, निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दल के खाते में एक लाख से अधिक नकदी की जमा या नकदी की निकासी, अन्य कोई संदेहास्पद नकदी का लेनदेन जिनका निर्वाचकों को रिश्वत देने में उपयोग किया गया हो, तो इसकी जानकारी दें। डीसी ने कहा कि यदि बड़ी राशि की निकासी संदेहास्पद ढंग से करने का मामला आता है, तो आवश्यक कार्रवाई करें। दस लाख रुपये से अधिक निकासी और ट्रांस्फर की जानकारी दो। बताया गया कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नामांकित उम्मीदवार प्रचार अवधि के दौरान किये गये अपने व्यय के प्रबंधन के लिए अपने खाते खोलने के लिए बैंक शाखाओं से संपर्क करेंगे। ऐसे खातों में नकद लेनदेन 10 हजार रुपये तक सीमित है।

10 हजार से अधिक सभी लेनदेन एनइएफटी, आरटीजीएस, ट्रांसफर ऑनलाइन मोड़ से किये जाने हैं, बैंकों को अभ्यर्थियों का नया खाता खोलने और चेक बुक जारी करना सुनिश्चित करने संबंधी निर्देश डीसी ने दिया। बैंकों के शाखा प्रबंधकों को विस्तार से आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन की जानकारी दी गयी।

क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। खलारी पिपरवार क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह नर्मदेष्वर शिव मंदिर डकरा के प्रांगण में धूम धाम से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता वीर कुंवर सिंह विचार मंच के राजन सिंह राजा ने की। मौके पर राजन सिंह राजा ने विपरीत परिस्थितियों में समाज को एकजुट रहने का आह्वाहन किया तथा होली को बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व बताते हुए इसकी पौराणिक कथा होलिका दहन पर भी चर्चा किया। वहीं उदय सिंह ने होली गीत गाकर कार्यक्रम में शमां बांधने का काम किया एवं होली के कई मधुर गीत गाए। उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली महापर्व की बधाई दी।

इस पर्व पर सभी पुरानी रंजिशो को भूलकर सभी ने एक दूसरे को गले लगाया। होली मिलन के बाद सभी एकत्रित होकर वीर कुंवर सिंह चैक पहुंचे, वहां बाबू कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पगड़ी पहनाई एवं उनके श्रीचरणों में गुलाल रखकर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शत्रुंजय सिंह, सुधीर सिंह, नागदेव सिंह, विनय सिंह मानकी, रंजन सिंह संजीव, विक्की सिंह, सोनू सिंह, दिलीप सिंह, सुनील सिंह, जनेष्वर सिंह, राहुल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, भोला सिंह, मुन्नू सिंह, अविनाश सिंह, धीरेंद्र सिंह, अशोक सिंह, आनंद सिंह, कुमुद सिंह, संजय सिंह, पवन सिंह, नेपाल सिंह, सुरेश सिंह, तूफान सिंह, संतोष सिंह, संतोष सिंह भरथौली, संजीत सिंह, रितेश सिंह, रंजित सिंह, रवि सिंह, शुभम सिंह, तेजू सिंह आदि उपस्थित थे।

लोस चुनाव का एलान होते ही तमाड़ विधानसभा में चुनावी हलचल तेज

आजाद सिपाही संवाददाता

तमाड़/बुंडू । लोकसभा चुनाव का ऐलान होते ही खूंटी लोकसभा क्षेत्र के तमाड़ विधानसभा में राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी हलचल शुरू कर दी है। भाजपा ने पूर्व सांसद अर्जुन मुंडा को फिर एक बार चुनावी मैदान में उतारा है, कांग्रेस पार्टी अभी तक उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है पिछले चुनाव में कांग्रेस से तमाड़ के पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा को उम्मीदवार बनाया था वह लगभग १४०० वोट से हार गये थे। इस बार कांग्रेस से टिकट पाने की रेस में कालीचरण मुंडा व प्रदीप बालमुचू है। इस बार पुर्व विधायक ऐनोष एक्का व दयामनी बारला चुनाव लड़ सकते हैं सिर्फ तमाड़ विधानसभा से ८६ हजार वोट लाकर अर्जुन मुंडा विजय हुए थे लेकिन इस बार गणित उल्टा पड़ सकती है, लेकिन पिछले पांच सालों में सांसद द्वारा तमाड़ विधानसभा में एक भी महत्वपूर्ण कार्य नहीं किया। सांसद फंड के रुपये से कहां-कहां शिलान्यास किया गया जनता को मालूम नहीं है। भाजपा और आजसू गठबंधन कहीं जमीन पर नहीं दिखायी दिये दोनों अपनी डफली अपना राग अपना कर चले इधर कुरमी बहुल्य इलाकों में जगह-जगह पर अर्जुन मुंडा का विरोध भी किया जा रहा है, मोदी के भरोसे चुनावी नैया को पार कर सकते हैं। अर्जुन मुंडा को पुराने समाज का वोट एक तरफा मिलने की संभावना है, इनके मंत्रीमंडल काल में ही पुरान समाज को आदिवासी का दर्जा प्राप्त हुआ, वहीं कुरमी को आदिवासी का दर्जा नहीं मिल पाया, जिससे वे खफा हैं। कांग्रेस पार्टी के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। ईसाई मिशनरी के वोट में भी सेंधमारी की जरूरत भाजपा को पड़ेगी, जिससे नैया पार होने की संभावना है। तमाड़ की जनता वर्षों से रेल लाइन की मांग कर रही है, लेकिन धरातल पर नहीं उतरी है।

बेमौसम बरसात और ओला गिरने से किसान की बढ़ी मुश्किल

बुंडू (आजाद सिपाही)। बेमौसम बरसात और ओला गिरने से सब्जी उगाने वाले किसान की स्थिति काफी खराब हो गयी है, सब्जियां खेतों पर ही खराब हो जा रही है। किसानों की खेती करने की लागत भी नहीं निकल पा रही है, किसान अच्छी पैदावार को लेकर अपने खेतों में तरह-तरह की सब्जियां कई एकड़ में लगाये हुए हैं। लेकिन वे मौसम बरसात के कारण सब्जियां बर्बाद हो रही है, खराब सब्जियों का बाजार में सही रेट नहीं मिलने से किसानों के लागत मूल्य भी नहीं निकल पा रहा। जिससे किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। और लगातार 3 दिनों से हो रही बारिश से ठंड का प्रकोप भी बढ़ गया है।

चुनाव संबंधी विज्ञापन के प्रकाशन-प्रसार के लिए एमसीएमसी की अनुमति अनिवार्य: राशिद अख्तर

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। जिला जनसंपर्क कार्यालय, खूंटी में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग सैय्यद राशिद अख्तर ने पत्रकारों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में जानकारी दी। जन संपर्क पदाधिकारी ने बतोया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 16 मार्च को लोकसभा आम चुनाव की घोषणा कर दी गयी है और उसी दिन से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अथवा राजनीतिक दल आसन्न लोकसभा आम चुनाव 2024 में यदि प्रचार-प्रसार के लिए कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका, बैनर, पम्पलेट, पोस्टर अथवा अन्य किसी प्रकार के दस्तावेज, जिसके मुख्य पृष्ट पर मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते मुद्रित न हो, उसे प्रकाशित करना वर्जित है। इस प्रकार के विभिन्न दस्तावेजों आदि के मुद्रण के लिए पार्टी प्रमुख, उम्मीदवार के सहमति पत्र के साथ दो भिज्ञ व्यक्तियों द्वारा सत्यापित घोषणा पत्र मुद्रक-प्रकाशक को उपलब्ध कराना अनिवार्य है तथा प्रिंटिंग प्रेस के प्रोपराइटर, प्रकाशक उक्त मुद्रण के लिए अधियाचना का विस्तृत विवरण पंजीकृत कर मुद्रण संख्या विवरणी सहित घोषणा पत्र की प्रति के साथ विवरण, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, खूंटी को सूचित करने का प्रावधान है। बताया गया कि उक्त प्रावधान के उल्लंघन की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 (क) (4) और भारतीय दंड संहिता की धारा 171 एच के तहत कार्रवाई की जायेगी। इसके तहत छह माह के कारावास या दो हजार रु जुर्माना अथवा दोनों दंड अधिरोपित किये जा सकते हैं। बताया गया कि निर्वाचन के दौरान चुनाव प्रचार से संबंधित प्रकाशित विज्ञापन की छानबीन तथा वल्क एसएमएस, आवाज संदेशो, टीवी चौनलों, केबल नेटवर्क, रोडियो, निजी एफएम चौनल, सिनेमा हॉल और सार्वजनिक स्थानों पर एवी में प्रदर्शित या सोशल मीडिया, समाचार पत्र और किसी अन्य प्रकार के प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रचारित करना पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है। प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस और मतदान से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने कें लिए हेतु एमसीएमसी की अनुमति अनिवार्य है। इलेक्ट्रोनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की सामग्री का प्रसारण करने से पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति से पूवार्नुमति आवश्यक होगी। राष्ट्रीय, राजकीयकृत राजनीतिक दल, प्रत्याशी को किसी भी सामग्री के विज्ञापन प्रसारण की तिथि से तीन दिन पूर्व एवं अनरजिस्टर्ड राजनीतिक दल या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रसारण की तिथि के सात दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

तमाड़ इंटर महाविद्यालय सलगाड़ीह में विदाई समारोह का आयोजन किया गया

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ इंटर महाविद्यालय सलगाड़ीह में सत्र 2022-24 के छात्र-छात्राओं को प्रथम वर्ष के छात्राओं के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रबंध समिति के सचिव मुची राम अहीर उपस्थित हुये। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य कृष्णा सिंह मुंडा और संचालन प्रोफेसर घनश्याम महतो ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रथम वर्ष की छात्राओं के द्वारा स्वागत गान से शुरू किया गया और द्वितीय वर्ष के छात्राओं को चंदन टीका और उपहार देकर विदाई किया गया। कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। खेलो झारखंड के तहत प्रखंड से जिला, जिला से राज्य और नेशनल खेल चुके जितेंद्र मुंडा ने पूरी कबड्डी टीम को माला पहनाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिक्षक प्रतिनिधि प्रोफेसर रंजीत कुमार मोदक ने कॉलेज के नियम और कॉलेज की उपलब्धि के बारे में बताते हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। आज के कार्यक्रम में प्रोफेसर रमाकांत महतो, शर्मिला कुमारी, सुमित्रा मुंडा, सुरेश महतो, केशव चंद्र महतो, हरिनारायण महतो, हलदर महतो, शिवेशवर महतो, बिधान चंद्र गोराई, सौनाथ नाथ मुंडा, अनंत महतो, अस्थमा सेठ, अशोक कुंडू, लाल सिंह मुंडा, बिंदेश्वर, मनमोहन आदि उपस्थित थे।

अंचल अधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने की बीएलओ के साथ बैठक

ईचागढ़(आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में बुधवार को अंचल अधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी दीपक प्रसाद ने बीएलओ सुपरवाइजर तथा बीएलओ के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा आम चुनाव संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं अंचल अधिकारी दीपक प्रसाद ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में अनुपस्थित वरिष्ठ नागरिक 80 प्लस, दिव्यांग मतदाता, कोविड संगिद्ध मतदाताओं को प्रारूप 12 घ हस्तघत करने की प्राप्ति सूची और पावती रसीद बीएलओ को दिया गया, साथ ही निर्देश दिया गया कि सभी बीएलओ अपने अपने क्षेत्र में वैसे मतदाताओं का सूची बना कर अंचल कार्यालय में जमा करें, जिससे मतदान के दिन उसको घर से ही मतदान करने का अवसर प्राप्त हो। मौके पर सभी बीएलओ सुपरवाइजर तथा बीएलओ उपस्थित थे।

खलारी थाना में होली पर्व को लेकर बैठक

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी थाना परिसर में बुधवार को होली पर्व को लेकर षांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक खलारी बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके संतोश कुमार की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लेते हुए सभी ने त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था के संधारण में प्रषासन का हर संभव सहयोग करने की बात कही। मौके पर बीडीओ संतोश कुमार ने सभी लोगों को होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्ष आचार संहिता लागु हो गयी है। जिसका पालन करते हुए होली पर्व को मनायें। कहा कि बिना विवाद और आपसी भाईचारा के साथ सौहार्दपुर्ण वातावरण में रंगो त्योहार होली को मनाएं और क्षेत्र में शांति बनाए रखने में एक दूसरे का सहयोग करें। बैठक में खलारी थाना के पदाधिकारियों के अलावा मुखिया दीपमाला कुमारी, तेजी किस्पोट्टा, पारासनाथ उरांव, इंदिरा देवी, मुन्ना देवी, ष्याम सुन्दर सिंह, कृश्णा चैहान, कार्तिक कुमार पांडेय, आनंद सिंह, विकास कुमार दुबे, इस्माइल अंसारी, रूपेश मिश्रा, मुन्नु शर्मा, रमेश चैहान, अष्विनी कुमार, मिथिलेश कुमार सिंह, अषोक उरांव, सागर राम, मो.जफरूदीन असांरी, सुरेन्द्र राम, अनुज कुमार दुबे, प्रकाष कुजूर, राजा केषरी, जहीर अंसारी, कामेश्वर माहतो, मनोज कुमार यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का होली मिलन समारोह आयोजित, होली की बधाई

होली मिलन समारोह के दौरान उपस्थित यूनियन के लोग।

खलारी (आजाद सिपाही)। यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के डकरा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बुधवार को संगठित और असंगठित एनके क्षेत्र के मजदूरों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। होली मिलन समारोह में यूनियन के लोगों ने एक दूसरे को खुब रंग गुलाल लगा कर और एक दूसरे को गले लगा कर होली की बधाई दी। इस दौरान वही होली गीतों का भी लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोजन किया गया। इस मौके पर यूसीडब्ल्यू नेता नरेश मंडल, डकरा परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, मैनेजर एलएन राणा, प्रबंधक नवनीत शेखर तथा यूनियन की ओर से एके सिंह, प्रेम कुमार, कृष्णा चैहान, दिनेश भर, सीताराम साही, अरविंद कुमार, संजय प्रसाद, नरेश प्रसाद, अशोक राम, जितेंद्र सिंह, धनेशर गंझू, बीपी दास, जनार्दन सिंह, मनोज कुमार, रहमतुल्ला, भारत गंझू, अजित पांडेय, आनंद तुरी, चन्दन शर्मा, शिव प्रसाद, अभय सिन्हा, किसुन लोहार, मनोज महतो आदि मौजूद थे।

श्रीश्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का वार्षिक महोत्सव आज, तैयारी पूरी

नामकुम (आजाद सिपाही)। नामकुम रेलवे स्टेशन स्थित श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का 25वां वार्षिक महोत्सव (आज) गुरुवार को आयोजित किया गया है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सुंदर कांड और विशेष पूजा के साथ हवन किया जायेगा। जिसके बाद दोपहर दो बजे से विशाल भंडारा का आयोजन होगा। वहीं, रांची से आई भजन मंडली द्वारा भजन कृतन का आयोजन किया गया है, जो देर रात तक चलेगा। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने भंडारा में सहयोग कर पुण्य के भागेदारी बनने की अपील की है। महोत्सव को सफल बनाने में मंदिर के अध्यक्ष मनीष राय, मुन्ना यादव, अजय सिंह, रामकुमार यादव, सुनील राय, विशाल यादव, दीपक सिंह, बबन यादव के साथ अन्य सदस्य जुटे हुए है।

नगड़ी थाना परिसर में बुधवार शांति समिति की बैठक

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी थाना परिसर में बुधवार शांति समिति का बैठक नगड़ी अंचलाधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता आयोजन की गई बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 26 मार्च दिन मंगलवार को नगड़ी थाना क्षेत्र में होली पर्व प्रेम सद्भाव और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व मिलजुल कर मनाने का निर्णय लिया । मौके संचालन नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार राय और धन्यवाद ज्ञापन रितेश कुमार महतो ने दी । मौके पर शांति समिति के वरीय सदस्य लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, कयूम अंसारी, चूड़ामणि महतो, शाहिद अहमद , दिलरुबा हुसैन,शाकिर अहमद, बजरंग महतो,आतेश्वर शाही ,हाशिम अंसारी, रणजीत सिंह ,शीला देवी, जय गोपाल उरांव, मनीष केसरी, साकिल अंसारी ,राखी देवी, गायत्री देवी तस्लीम अंसारी, सुरेश महतो ,शंकर चौधरी, कमलेश केसरी, मनोज महतो,एकबाल अंसारी भोला केसरी,अख्तर हुसैन मोइन अंसारी कुदूश अंसारी, महावीर महतो, सर्वेश भगत, वरूण महतो , रामकुमार केसरी, दीपक केसरी विनोद केसरी अब्दुल गफ्फार जंगल उरांव सहित शांति समिति के दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

युवा समाजसेवी शशि भूषण ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया

पिस्कनगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी प्रखंड के सामाजिक संस्था लोक जन सेवा भारती और नगड़ी के युवा समाजसेवी शशि भूषण भगत के द्वारा में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर नगड़ी रातू प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के हजारों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहां कि सनातन धर्म में होली पर्व का विशेष त्यौहार है इसे हमें मिलजुल कर मनाना है। झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी ने कहा कि होली हमें मिलजुल प्रेम सद्भाव के साथ मनाना चाहिए सांसद संजय सेठ ने कहा कि हिंदू धर्म में होली का विशेष महत्व रखता है यह पर्व सामाजिक समरसता का प्रतीक है भाजपा के प्रदेश महामंत्री राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने कहा कि होली हमें अधर्म पर धर्म की जीत का शिक्षा देता है सनातन धर्म में होली के बाद हिंदुओं के नए वर्ष की शुरूआत होती है। समारोह को हटिया विधायक नवीन जायसवाल, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका, वरुण साहू, अनिल टाइगर, राजेंद्र पांडे, दिलीप स्वर्णकार, सुरेश प्रसाद, विजय धान, प्रमोद सिंह सहित कई लोगों ने संबोधित किया। समारोह में आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों को होली का टोपी अंग वस्त्र और अबीर गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर लोगों ने पारंपरिक लोकगीत के साथ जमकर रंग और अबीर गुलाल उड़ाया साथी झारखंडी व्यंजन का लोगों ने लुफ्त भी उठाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शशि भूषण भगत, केदार प्रकाश महतो सहित सदस्यों का विशेष योगदान रहा। होली मिलन समारोह का अध्यक्षता और नगड़ी के युवा समाजसेवी शशि भूषण भगत ने किया।

अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। सदर थाना क्षेत्र के छोटा जिंलिगा में ट्रेक्टर के अनियंत्रित हो पलट जाने से ट्रेक्टर चालक की मौके पर मौत हो गई। चालक का नाम सतिश उरांव पिता दिनेश उरांव उम्र 30साल बताई जा रही है। ट्रैक्टर के पलट जाने से चालक वहीं दब गया जिसके बाद चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना मगंलवार शाम लगभग 6:30 बजे की बतायी जा रही है। परिजन आखरी उम्मीद पर उसे उठा कर सदर अस्पताल गुमला लाए जहां जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार अपने गांव छोटा जिंलिगा से कुछ मजदुर ट्रेक्टर ट्राली में समान लोड कर के उसे उतारने जा रहे थे। उसी दौरान ट्रेक्टर इंजन समित अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें बाकी मजदुर बाल बाल बच गए। वे ट्रेक्टर ट्राली से कुद गये। जिसे बाकी सभी मजदूर सुरक्षित है। ट्रेक्टर चालक के इंजन में दब गया जिसे उसकी मौत मौके पर ही हो गयी। मजदूर संघ सीएफटीयुआइ प्रदेश सचिव जुम्मन खान एवं नगर अध्यक्ष मो-जाबेद आलम ने देर रात सदर अस्पताल गुमला पहुंच कर परिजनों से मुलाकात की, और परिजनों को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

पूर्व अतंरराष्ट्रीय धावक बुधवा उरांव का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

इटकी। इटकी भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स (धावक) बुधवा उरांव के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव रानीखटंगा स्थित मसना में अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम दर्शन को उमड़े जन सैलाब के बीच जैप के जवानों के द्वारा सलामी के बाद उनके बड़े पुत्र रवि उरांव ने मिट्टी देने के बाद शव को दफना दिया गया। जवानों द्वारा सलामी के साथ गार्ड ऑफ ऑनर भी दी गयी और दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रदाजंलि दिया गया । उनके शव यात्रा में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की सहित बड़ी संख्या में उनके परिजन और ग्रामीण शामिल थे। मंगलवार को बुधवा उरांव का जमशेदपुर के मानगो सहारा सिटी के आवास में निधन हो गया था। दिगवंत बुधवा उरांव खेल कोटा से डीएसपी भी भु बनाये गये थे। वे झारखण्ड एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव भी रह चुके थे। उन्होंने वर्ष 1985 में मास्को में आमंत्रण प्रतियोगिता में 800 मीटर की दौड़ में चौथा स्थान प्राप्त किया था।1986 के एशियन गेम्स में 800 मीटर की दौड़ में तकनिकी गड़बड़ी के कारण स्वर्ण पदक से चूक गये थे। वर्ष 1987 में ढाका में साउथ एशियन गेम्स में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता था। उनका जन्म एक साधारण परिवार मे इटकी के रानीखटंगा में दो मार्च 1960 में हुआ था। एथलेटिक्स के बाद 25 जून 1979 में पुलिस सेवा गये। उनके दो पत्नी, पांच बेटे और एक बेटी के साथ भरापूरा परिवार पिछे छोड़ गये।

जोन्हा में सरहुल पर्व की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। प्रकृति पर्व सरहुल की तैयारियों को लेकर बुधवार को हुन्डी सरना स्थल गुड़ीडीह जोन्हा में आदिवासी धर्मावलंबियों की एक बैठक हरदयाल मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरहुल महापर्व पारंपरिक रीति रिवाज के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि आगामी 10 अप्रैल को पाहन और कोटवार के आहवान पर रुसा कार्यक्रम होगा। इस दिन धरती खोदन कार्य पुरी तरह वर्जित रहेगा वहीं 11 अप्रैल को सरहुल पूजा एवं 12 अप्रैल को फुलखोंसी का कार्यक्रम विधि विधान के साथ संपन्न होगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी सरहुल के उपलक्ष्य में आगामी 12 अप्रैल को हुंडी सरना स्थल में 28वां पाहन मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक समिति का भी गठन किया गया।

संचालन रिझुवा मुण्डा ने किया। बैठक में खीरू उरांव, सुरेंद्र मुण्डा, सुकरा मुण्डा, शंकर मुण्डा, द्वारिका मुण्डा, रामकुमार मुण्डा, भगत सिंह भोगता, राजु उरांव, शशि प्रकाश लिण्डा, अजय मुण्डा, सुखराम मुण्डा, अनिल कुमार, अमर सिंह मुण्डा, सुनिल मुण्डा, विमल मुण्डा सहित अन्य उपस्थित थे।

महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम की नयी कमेटी गठित

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम की बैठक बुधवार को नामकुम बाजार स्थित अखाड़ा में बरगावां मुखिया अनिता तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव एवं मंत्री दीपक ओझा उपस्थित थे। मौके पर जय सिंह यादव ने कहा कि रामनवमी मेला के दिन अखड़ा, झांकी के साथ के जुलूस में लोग शराब का सेवन न करे। दीपक ओझा ने कहा कि महावीर मंडल रांची की ओर से जो भी सहयोग होगा किया जाएगा। वहीं, अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने भाईचारे और प्रेम के साथ होली, सरहुल एवं ईद मनाने की अपील की। इस मौके पर पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक सांसद संजय सेठ, सांसद प्रो आदित्य साहू, सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, विधायक राजेश कच्छप, संरक्षक जय सिंह यादव, कर्नल संजय श्रीवास्तव, माता सीता लकड़ा, किरण सांगा, आरती कुजूर, रामावतार केरकेट्टा, संजीव सिंह उर्फ छोटू सिंह, अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक, अखिलेश यादव, अखड़ा-अध्यक्ष अनिल वर्मा, महामंत्री बिरसा पाहन, प्रमोद कुमार सिंह, सचिव रिंकू राय, सह-सचिव मंटू राय, प्रभाष झा, बिनोद एक्का, संगठन-सचिव मुरलीधर, नारी-सेना संयोजक शारदा सिंह, रुपा चैहान, कोषाध्यक्ष सीपी शर्मा, मीडिया-प्रभारी राजेश वर्मा, मुकेश कुमार, सूरजमणि सिंह, अखिलेश कुमार, कार्यसमिति-सदस्य सुरजदीप सिंह, शंभु वर्मा, राजू लकड़ा, इंदू सिंह, सुषमा देवी, अमित कुमार, थिम्मा पाहन, कृष्णा कुमार के साथ 11 सदस्यों को बनाया गया।

रातू चटकपुर में युवक की गला घोंटकर हत्या, छाता टुंगरी मैदान में मिला शव

आजाद सिपाही संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र के चटकपुर छाता टुंगरी स्थित आदर्श मेडिकल हॉल स्थित मैदान से पुलिस ने एक 30 वर्षीय युवक का शव बरामद किया। शव की पहचान राहुल शर्मा उर्फ मंटू शर्मा के रूप में हुई। मृतक राहुल चटकपुर में अपने साढू नीरज कुमार शर्मा के घर रहते थे। वह चटकपुर में ही किसी फर्नीचर दुकान में काम करता था। आशंका जताई जा रही है कि गला घोटकर उसकी हत्या कर दी गयी और शव को मैदान के फेक दिया गया। शव के बगल में ही मृतक की बाईक और चाभी भी फेंका हुआ था । मामले को लेकर मृतक के साढू नीरज शर्मा के ब्यान पर रातू थाना में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है । जानकारी के अनुसार 19 मार्च की सुबह मृतक राहुल शर्मा अपने साढू के घर से खाना खाकर कमलेश शर्मा के फर्नीचर दुकान में काम करने चला गया । दोपहर में लगभग पांच बजे दोनों साढू में मोबाईल फोन से बात भी हुई । इसके बाद शाम में लगभग साढ़े सात बजे मृतक के साढू ने फिर फोन की तो मृतक राहुल शर्मा ने बताया कि वह रांची बाजरा में एक अन्य साथी के साथ शराब पी रहा है । इसके बाद वह घर आएगा । इसी बीच उसने अपनी पत्नी सुहाना शर्मा से भी बात किया था और उसके लिए चौमीन बनवाकर लाने की बात भी कही थी । जब देर रात तक वह घर नहीं लौटने लगा तो उसकी पत्नी को चिंता हुई और उसने फिर से कॉल किया । लेकिन मृतक राहुल का मोबाईल स्विच ऑफ आने लगा । बुधवार की सुबह पड़ोसी संजय यादव ने देखा की राहुल का शव मैदान में पड़ा हुआ है । संजय ने इसकी खबर उसके साढू को दी ।इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई । सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंची व जांच पड़ताल की। अपराधियों की शिनाख्त के लिए डॉग और एफएसएल की टीम की भी मदद ली गयी । पुलिस हत्यारो का पता लगाने में जुट गई है।

बेड़ो थाना में होली को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो । थाना परिसर में बुधवार को होली को लेकर शांति समिति की बैठक डीएसपी अखिल नितेश कुजूर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रंगोत्सव मनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। मौके पर सीओ प्रताप मिंज ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का सभी नागरिक पालन करें। उन्होंने ने कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाई चारे और उमंग के साथ मनाएं। किसी प्रकार के हुड़दंग से बच्चे और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस प्रशासन को जरूर दें। साथ ही लोकसभा चुनाव में भय मुक्त होकर मतदान करें।वहीं डीएसपी ने कहा कि होली के दौरान शांति व्यवस्था और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर पुलिस सजग है।

किसी भी प्रकार की परेशानी पर पुलिस से संपर्क करें होली में शांति व्यवस्था बनाए रखें। उन्होंने कहा वाहन चालक कागजात साथ में रखें और दुपहिया वाहन हेलमेट का उपयोग जरूर करें। जांच में पकड़े जाने पर उचित करवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी नकुल शाह ने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार क्षेत्र में शांति कायम रखने के लिए प्रशासन की ओर से चाक चौबंद व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने ने कहा कि पुलिस आसामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई करेगी। साथ ही इस अवसर पर क्षेत्र में विशेष सशस्त्र बल तैनात रहेंगे। इधर बैठक के दौरान मिठाई खिलाकर व एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया। बैठक में धनंजय कुमार राय, वाणी कुमार राय, जुगेश उरांव, सुका उरांव, नवदीप महतो, नवल किशोर सिंह, करमा उरांव, मोती गुप्ता, मुन्ना बड़ाइक, विश्वनाथ गोप मुखिया सुशांति भगत पंसस राखी भगत,चरवा उरांव, सुरेंद्र महतो, राम बालक साहू,मो शमशाद, अमीन अंसारी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

बेड़ो में पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

बेड़ो। एसएसपी रांची के निर्देश पर बुधवार को बेड़ो थाना के मुख्य द्वार के समीप डीएसपी अखिल कुजूर के नेतृत्व में अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों के द्वारा वाहन चालकों का ट्रिपल ड्राईविंग,बिना हेलमेट, इंस्योरेंस व लाईसेंस आदि का जांच किया गया। साथ ही वाहन चालकों को नियमों का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। वहीं मौके पर डीएसपी अखिल कुजूर,थाना प्रभारी नकुल साह,एस आई रौशन झा व सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

बेड़ो में भाजपा एसटी मोर्चा की बैठक संपन्न

बेड़ो। महादानी मैदान के रंगमंच में भाजपा एसटी मोर्चा की बैठक एसटी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बिरसा उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अनुसूचित मोर्चा की बैठक में संगठन विस्तार और जनजातीय समाज को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने के संकल्प के साथ लोहरदगा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को जिताने के लिए रणनीति बनाई गई। साथ ही बैठक में प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक विशेष बैठक, जन संपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विधानसभा प्रभारी प्रदीप महली मोर्चा मंडल प्रभारी चंद्र किशोर उरांव,जगरनाथ भगत,जगरनाथ उरांव,भीखा उरांव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

होली और डोल मेला को लेकर शांति समिति की बैठक

नामकुम (आजाद सिपाही)। टाटीसिलवे थाना परिसर में बुधवार को होली और डोल मेला को लेकर शांति समिति की बैठक टाटीसिलवे थाना प्रभारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से होली का त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। अपील की गई कि थाना क्षेत्र में किसी तरह का हुड़दंग नही होने पाए और न ही जबरन किसी पर रंग डाले। हुड़दग मचाने वाले पर कार्रवाई करने की बात भी कही गई। होली पर 24 व 25 मार्च को पुलिस की टीम नियमित रुप से गश्त करेगी। होली के दिन शराब दुकान को बंद रखने तथा अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई। साथ ही साथ 3 एवं 4 अप्रैल को सिल्वे पंचायत स्थित डोल बगीचा में भव्य डोल मेला आयोजन करने का निर्णय लिया गया। धन्यवाद ज्ञापन टाटीपूर्वी मुखिया कृष्णा पहान ने किया। बैठक में राजन साहू, बिनोद अग्रवाल, ब्रजेश सिंह, राजेंद्र प्रमाणिक, अर्चना मिश्रा, राजेंद्र महतो, राजेश यादव, गिरिधर मिश्र, अमित कुमार मिश्र, हलधर मिश्र, कामेश्वर प्रसाद साहू, किष्टो कुजूर, जितेंद्र महतो, सुमित कुमार महतो, अरविंद कुमार सिंह, अजय सिंह, राजकुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, नीता कच्छप, सावित्री देवी, सुजय महतो आदि उपस्थित थे।

लापुंग के दो विद्यालय एमडीएम से वंचित रहे बच्चे

लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग प्रखंड क्षेत्र के पोकटा और चंपाडीह गांव के उत्कर्मित एवं मध्य विद्यालय बंद पाया गया । बताते चलें की दोपहर 12.30 बजे लापुंग से ककरिया जाने के क्रम में विद्यालय बंद देखने पर विजिट किया तो पता चला की स्कूल बंद है। जबकि बाकी सभी सरकारी अवकाश के उत्कर्मित एवं मध्य विद्यालय पाया गया बंद, स्कूल सुचारू रूप से चल रहा है । स्कूल कैंपस में खेल रहे बच्चे से पूछने पर पता चला की कल ही बच्चो को स्कूल नहीं आने के लिए बोला गया है । सूत्रों से पता चला की उक्त दोनों स्कूल के प्रधानाध्यापक आज स्कूल बंद रखने का लिखित सूचना बीईओ दे दी गई है। वे चुनाव डिप्टी का प्रशिक्षण में गया था।आज उक्त दोनों स्कूल के बच्चे एमडीएम से वंचित रहे। जबकि मिली जानकारी के अनुसार एमडीएम बंद नहीं होना चाहिए था।

प्रीति कुमारी कुजूर ने बीआरसी में योगदान दिया

बसिया (आजाद सिपाही)। नव पदस्थापित प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रीति कुमारी कुजूर ने बुधवार को बीआरसी में योगदान दिया। मौके पर प्रखंड के शिक्षकों ने उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पूर्व प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुमित्रा तिर्की का स्थानांतरण धनबाद के निरसा प्रखंड में होने से बसिया प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का पद रिक्त हो गया था।ज्ञात हो कि प्रीति कुमारी कुजूर बिशुनपुर प्रखंड में पदस्थापित हैं और वे गुमला जिला के 5 प्रखंड में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के पदभार में है। प्रीति कुमारी कुजुर पूर्व में बसिया बीईईओ के पद पर भी रह चुकी है।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक गंभीर

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद के जपला -छतरपुर मुख्य सड़क के संडा और चौवा चटान गांव के बीच मंगलवार की शाम बाइक दुर्घटना में अवधेश कुमार यादव(27)वर्ष नामक एक युवक की मौत हो गयी। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक छतरपुर थाना क्षेत्र के नासो गांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर के ट्रॉली में बाइक टकरा गयी। जिसमें एक कि मौत घटना स्थल पर हो गयी, जबकि घायल दीपक कुमार यादव का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया जा रहा है। चिकित्सक ने अवधेश को देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। जबकि दीपक को प्रारंभिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार दोनों एक ही बाइक से हैदरनगर के सिमरसोत गांव रिश्तेदार के घर जा रहे थे। पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया । बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौप दिया।

मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए सुनिश्चित करायें आवश्यक बुनियादी सुविधायें: आयुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। आगामी लोकसभा आम चुनाव को लेकर मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने से चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सकेगा। दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए की जाने वाली गतिविधियों यथा इनके निबंधन, मतदान दिवस पर परिवहन की सुविधा, मतदान केन्द्रों की संरचना, मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था, वोलेंटियर का सहयोग लेने, चिकित्सा किट की उपलब्धता, प्रकाश व्यवस्था, गर्मी के मद्देनजर पंखा, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधा होने से मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाता बेहतर महसूस कर सकेंगे। यह बातें प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने कही। वे आज पलामू जिले के पांकी, छतरपुर एवं डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन करते हुए पदाधिकारियों को निदेशित किया।

आयुक्त ने भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की सूक्ष्मता से जानकारी ली। साथ ही मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया। भ्रमण के दौरान पांकी, छतरपुर एवं डालटनगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले कुछ मतदान केन्द्रों के मतदान कक्ष में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। वहीं मतदान कक्ष का दरवाजा-खिड़की,

पंखा को ठीक कराने,मतदान केन्द्रों पर मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट की व्यवस्था रखने, रैंप को दुरुस्त करने का निदेश दिया।

आयुक्त ने पुरूष एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था करते हुए क्रियाशील बनाने एवं रनिंग वाटर की व्यवस्था एवं ब्लीचिंग पाउडर डालकर शौचालय को स्वच्छ रखने,शौचालय जाने वाले रास्तों के लिए साइनेज लगाने संबंधी निदेश दिया।

भ्रमण के दौरान आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा,सदर एसडीओ अनुराग तिवारी, पांकी विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण में बीडीओ वरुण कुमार, छतरपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के भ्रमण में छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार, पाटन के बीडीओ अमित कुमार, पाटन के प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अहमद हुसैन अंसारी, पंडवा के बीडीओ चन्द्रदेव प्रसाद,सीओ हलधर कुमार सेठ्ठी, डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सदर सीओ अमरदीप सिंह बलहोत्रा सहित संबंधित मतदान केन्द्रों पर बीएलओ उपस्थित थे।

***पांकी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के इन मतदान केन्द्रों का किया भ्रमण**

आयुक्त पांकी विधानसभा क्षेत्र के राजकीयकृत मध्य विद्यालय पकड़ी में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 77, तरहसी के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरका में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 79 एवं 80, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय तरहसी में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 82 और 83 तथा राजकीयकृत मध्य विद्यालय मुंदरिया लेस्लीगंज(नीलाम्बर - पीताम्बरपुर) में अवस्थित दो मतदान केंद्र 122 और 123 का भ्रमण किया।

छतरपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के इन मतदान केन्द्रों का किया भ्रमण

आयुक्त ने छतरपुर निर्वाचन क्षेत्र के राजकीयकृत मध्य विद्यालय पंडवा के मतदान केंद्र संख्या 141, 143, 144 एवं 145 का भ्रमण किया। साथ ही राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय पाटन में अवस्थित तीन मतदान केंद्र 205, 206 एवं 207 का भ्रमण किया। इसके अलावा राजकीयकृत मध्य विद्यालय पाटन के मतदान केंद्र संख्या 212 एवं 213 का भ्रमण किया।

डालटनगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के छह मतदान केन्द्रों का किया भ्रमण

आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने डालटनगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के पलामू क्लब के मतदान केन्द्र संख्या 205 206 एवं 207 का प्रमाण किया इसके अलावा राजकीय कृत मध्य विद्यालय सूचना स्थित मतदान केन्द्र संख्या 238,239 एवं 240 का भ्रमण कर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन किया।

दिवंगत के परिजनों से मिले सांसद वीडी राम के साथ कई भाजपा नेता

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। सांसद विष्णु दयाल राम के साथ कई भाजपा नेताओं ने बुधवार को कोसडीहरा निवासी सेवानिवृत रेलवे अभियंता दिवंगत विवेकानंद मिश्रा के आवास पर परिजनों से मिले और परिजनों का हाल जाना। बता दें कि एक दैनिक अखबार के पत्रकार राजीव रंजन मिश्रा के पिता सेवानिवृत विवेकानंद का बीते दिनों आकस्मिक निधन हो गया है। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त करते हर संभव मदद करने का अस्वाशन दिया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा नेता विनोद सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, प्रफुल सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा के साथ कई भाजपा नेता शामिल थे।

चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यालयों के बाहर वीएचए से संबंधित बैनर लगवाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने जिले के सभी बीडीओ-सीओ से कहा कि अपने क्षेत्र अंतर्गत गठित बूथ अवेयरनेस ग्रुप को क्रियाशील रखते हुए मतदाता प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दें साथ ही खुद को भी इस तरह के गतिविधि में शामिल होने पर बल दिया। इसके अलावे उन्होंने एएसडी वोटर का सभी स्तर का मार्किंग करने के निर्देश दिये। वहीं न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक को सभी स्कूलों में शौचालय को दुरुस्त रखने की बात कही। वे आज एनआईसी के सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के

माध्यम से जिले के विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों, बीडीओ-सीओ के साथ लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

एवीएससी व एवीपीडी वोटरों की भी हुई समीक्षा

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी से एवीएससी व एवीपीडी वोटरों की सूची बनाने के निर्देश दिये ताकि उसी के अनुरूप ऐसे सभी मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से ही मतदान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान की सारी तैयारियाँ समयपूर्व पूरी कर ली जाये ताकि पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं को मतदान करने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने पाए। इस हेतु संबंधित सहायक निवार्ची पदाधिकारी अपने सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग के पोस्टल बैलेट से मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया के सभी तकनीकी पहलूओं से अनिवार्यरूपेण पूर्णतः प्रशिक्षित होना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान बीएलओ को उनके दायित्वों के विषय के बारे में अच्छे ढंग से जानकारी रहे, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये साथ ही वोटर स्लीप का ससमय वितरण भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी कार्यालयों के बाहर वीएचए एप से संबंधित बारकोड युक्त बैनर लगवाने की बात कही ताकि लोग कोड को स्कैन कर ऐप डाउनलोड कर सकें।इस दौरान एनआईसी के सभागार से उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता,उप निर्वाचन पदाधिकारी, समेत अन्य रहे।

रंजीत पासवान बने कांग्रेस के सोशल मीडिया के जिला सह-कोआर्डिनेटर

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद । नगर कांग्रेस कमिटी हुसैनाबाद के अध्यक्ष रंजीत पासवान को पलामू जिले का सोशल मीडिया विभाग का सह-समन्वयक मनोनीत किया गया है। इस संबंध में कांग्रेस कमिटी के सोशल मीडिया के स्टेट चेयरमैन गजेंद्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्हें मनोनीत किया है। जिला सह-कॉर्डिनेटर रंजीत पासवान ने कहा कि पार्टी द्वारा जो दायित्व मिला है,उसे कुशलता पूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। कांग्रेस पार्टी के विचारधारा और जनहित में किये जा रहे कार्यो को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुचाना हमारा मुख्य उद्देश्य होगा। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ऋषिकेश

सिंह, प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह, प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी, मशरुर अहमद, अवध बिहारी सिंह, शम्भू सिंह, शैलेश सिंह, अर्जुन सिंह, मीना देवी, दिनेश पासवान, शक्ति पासवान समेत कई अन्य कांग्रेस कार्यकताओं का नाम शामिल है।

हरिहरगंज भाजपा के बूथ स्तरीय बैठक में सांसद ने कार्यकताओं को दिया जीत का मंत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय जनता पार्टी की हरिहरगंज एवं पिपरा मंडल के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी एवं पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने कार्यकताओं को संबोधित कर लोकसभा चुनाव के लिए मार्गदर्शन दिया। हरिहरगंज में बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम एवं पिपरा में मंडल अध्यक्ष संजय मेहता ने किया। इस

दौरान प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद सिंह कर्नल संजय सिंह रविंद्र सिंह प्रफुल्ल सिंह ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, हुसैनाबाद मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, नरेंद्र सिंह, ईश्वरी पांडे, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, सत्येन्द्र पासवान, दिनेश गुप्ता, भीष्म नारायण सिंह, रघुनंदन साव, कन्हाई विश्वकर्मा, चन्दन जयसवाल, करण राजवीर, संजीव सिंह, सत्येन्द्र मेहता, अमित कुमार लाल, बहादुर सिंह, अनिल प्रजापति, चंदन सिंह, विजय प्रजापति, सतेंद्र सिंह, मनोज सिंह,विंदेश्वरी पांडे, अंशु मिश्रा एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेसी नेता होली मिलन समारोह में हुए शामिल, दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में बुधवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, ग्रासिम इंडस्ट्रीज के एचआर हेड, नीरज कुमार ने फीता काट कर किया। इस मौके पर श्री शुक्ला ने कहा कि रंगों का त्योहार होली असत्य पर सत्य के जीत का प्रतीक है। होली पर्व हम सबको एक दूसरे से जोड़ने का भी कार्य करता है। इसलिए सभी को मिलजुलकर इस पर्व को मनाना चाहिए। वैसे भी मिलजुलकर

मानने से किसी भी पर्व का महत्व और बढ़ जाता है। समारोह के दौरान खूब अबीर गुलाल उड़ा। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। समारोह में भोजपुरी के प्रसिद्ध गायकों के होली गीतों पर श्रोता खूब झूमे। नर्तकियों ने भी अपने नृत्य से लोगों का मन मोह लिया। मौके पर डॉ डी पी शुक्ला, सीताराम चौबे, प्रो.नंदलाल शुक्ला, अजब नारायणं शुक्ला, मार्कण्डे चौबे, ओम प्रकाश शुक्ला, आलोक शुक्ला, लालबाबू शुक्ला, रामाश्रय शुक्ला, पवन कुमार शुक्ला, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

स्पोर्ट्स



प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण 24 मार्च को होगा। इस अवसर पर कानपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह मुख्य अतिथि और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन विशिष्ट अतिथि होंगे।

फर्स्ट ऑल इंडिया 'द स्पोर्ट्स हब' स्क्वैश टूर्नामेंट आज से होगा प्रारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

कानपुर। प्रदेश की औद्योगिक राजधानी कानपुर में फर्स्ट ऑल इंडिया ह्यद स्पोर्ट्स हबह्न (टीएसएच) टू स्टार स्क्वैश टूनार्मेंट कल से आर्य नगर स्थित टीएसएच में शुरू होगी। चार दिवसीय इस स्क्वैश टूनार्मेंट में 17 राज्यों के लगभग दो सौ पुरुष व महिला खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन व आंकलन करेंगे। चार दिवसीय द स्पोर्ट्स हब टू स्टार अखिल भारतीय स्क्वैश प्रतियोगिता का आयोजन आर्य

नगर स्थित टीएसएच में 21 से 24 मार्च तक किया जायेगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के आयोजन की सभी तैयारियां आज पूरी कर ली गई हैं और प्रतिभागी खिलाड़ियों का आना भी शुरू हो गया है।

स्पोर्ट्स हब के डायरेक्टर ऑपरेंशंस पी.के. श्रीवास्तव व उत्तर प्रदेश स्क्वैश रैकेट एसोसियेशन के सचिव विनय पांडेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्क्वैश रैकेट एसोसियेशन से मान्यता प्राप्त फर्स्ट ऑल इंडिया ह्यद स्पोर्ट्स हब स्क्वैश टूनार्मेंट का उद्घाटन गुरुवार 21 मार्च को सुबह 11 बजे पुलिस आयुक्त अखिल कुमार बतौर मुख्य अतिथि करेंगे जबकि सीआईआई, यूपी कानपुर चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे।

प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण 24 मार्च को होगा। इस अवसर पर कानपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह मुख्य अतिथि और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि टूनार्मेंट का सोशल मीडिया के प्लेटफार्म्स पर लाइव प्रसारण भी किया जायेगा।

आरसीबी ने टीम के नाम में किया बदलाव, 'बैंगलोर' को बदलकर 'बेंगलुरु' किया

आजाद सिपाही संवाददाता

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के नाम से जाना जाएगा।

फ्रेंचाइजी ने मंगलवार रात इसकी घोषणा की और यह 2008 में अपनी स्थापना के बाद से इसके नाम में पहला बदलाव है। यह घोषणा आरसीबी द्वारा चिन्नास्वामी स्टेडियम में एक कार्यक्रम के दौरान की गई, जहां विराट कोहली, फाफ डु

प्लेसिस, हाल ही में डब्ल्यूपीएल चैंपियन स्मृति मंधाना और पुरुष और महिला दोनों टीमों के अन्य खिलाड़ी मौजूद थे। इवेंट में, आरसीबी ने कर्नाटक और भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आर विनय कुमार को अपने हॉल ऑफ फेम के तीसरे खिलाड़ी के रूप में घोषित किया। सूची में एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल शुरूआती दो खिलाड़ी हैं, जिन्हें पिछले संस्करण में शामिल किया गया था।

आरसीबी की टीम 22 मार्च को गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने आईपीएल 2024 अभियान की शुरूआत करेगी। अपने शुरूआती मैच के बाद, आरसीबी पंजाब किंग्स (25 मार्च), कोलकाता नाइट राइडर्स (29 मार्च) और लखनऊ सुपर जायंट्स (2 अप्रैल) के खिलाफ मैच के लिए बेंगलुरु लौटेगी और फिर राजस्थान रॉयल्स (6 अप्रैल) के खिलाफ मैच के लिए जयपुर रवाना होगी।

गांडेय पहुंचने पर कल्पना का गर्मजोशी से स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन अपने दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत बुधवार को गांडेय विधान सभा क्षेत्र में पहुंची और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात की। इस दौरान बेंगाबाद चौक पर झामुमो कार्यकताओं ने जहां पूरी गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। वहीं बेंगाबाद चौक पर कार्यकताओं से मिलने के बाद कल्पना सोरेन सीधे पूर्व विधायक स्व सालखन सोरेन के घर पहुँची और वहां उनकी पत्नी व परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने स्व सालखन सोरेन की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। विदित हो कि गांडेय विधान सभा से झामुमो प्रत्याशी के तौर पर कल्पना सोरेन के नाम की औपचारिक घोषणा तो नहीं हुई है। पर क्षेत्र भ्रमण के बहाने बेंगाबाद और गांडेय पहुँच कर कल्पना सोरेन ने गांडेय विधान सभा क्षेत्र से उनके चुनाव लड़ने के कयासों को और बल दिया है। हालांकि इस दौरान कल्पना सोरेन ने कहा कि वे गांडेय विधानसभा की जनता और अपने पार्टी के कार्यकताओं से मिलने के लिए आए है। क्षेत्र भ्रमण के दरम्यान कल्पना सोरेन के साथ गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद सहित पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

कथारा की असैनिक विभाग की कार्यपद्धति से क्षुब्ध होकर जांच के लिए सीवीसी को लिखा पत्र

स्वांग (आजाद सिपाही)। सीसीएल कथारा क्षेत्र के स्वांग क्षेत्र में असैनिक विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्य में गुणवत्ता की कसौटी की जांच की मांग को लेकर निदेशक सीवीसी को पत्र लिखा गया है। उक्त पत्र में हो रहे कार्यो का एवार्ड नंबर दर्शाकर गुणवत्ता के पैमाने में घालमेल होने की बात कही गई है। उक्त लिखे पत्र में स्वांग के विजय सिंह सहित पांच व्यक्तियों ने सतर्कता विभाग के निदेशक से मांग की है कि जहां 40एमएम का फ्लोरिंग का 20एमएम गिट्टी से किया जाना चाहिए था वहां 10एमएम की गिट्टी से 20एमएम का फ्लोरिंग हुआ है। वही जिस स्थान पर सीपीवीसी/यूपीवीसी पाईप लगाया जाना था वहां काला पाईप बंडल वाला लगाया गया था।इसी प्रकार आवास में लगाए जाने वाले दरवाजा की गुणवत्ता ठीक नही होने, पुराने दरवाजा को विभागीय स्टोर में जमा नही कराकर बाहर के बाजार में बेच दिए जाने की बात कही गई है। हैरत की बात है कि असैनिक विभाग द्वारा दो वर्ष में कालौनी में झाड़ू 7 सौ 30 दिन कराने का प्रवधान की ओर इंगित करते हुए इसे सरासर लूट का खेल बताया गया है। पत्र में श्रीसिंह ने लिखा है कि वर्ष में 3 सौ 65 दिन होता है। इसमें बारिश का मौसम करीब 3-4 माह रहता है। वर्ष में करीब 52 रविवार का दिन होता है, वही 17-18 पेड़ होली डे रहता है। इनदिनों में छुट्टी और बारिश के मौसम की वजह से विल्कुल काम नही हो सकता है। पत्र में आवेदकों ने सीवीसी के अधिकारियों से किसी निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराए जाने की मांग करते हुए जांच रिपोर्ट के आने तक उक्त कार्यो के बिल की निकासी पर रोक लगाने की मांग की है।

माइंस रेस्क्यू स्टेशन धनसार में एक दिवसीय योग विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया

धनसार (आजाद सिपाही)। संगोष्ठी मे मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व मार्कोस कमांडो सह योग प्रशिक्षक प्रवीण तेवतिया मौजूद थे।इन्होंने अपने सम्बोधन मे योग की महत्ता को बताया।कहा कि 26 नवम्बर 2008को मुम्बई के ताज होटल मे आतंकवादियों से लड़े थे।उस दौरान उन्हें सिने मे दुश्मन ने गोली मारी थी।गोली फेफड़े को छेद करते हुए पार हो गई थी।अस्पताल जाने के बाद चिकित्सकों ने लगभग मृत मान लिया।पर मै बच गया।मुझे सात बड़े आपरेशन हुए बावजूद इसके मै खड़ा हुं।यह सब योग का देन है।उन्होंने कहा कि अगर नियमित योग करे तो बड़े से बड़े बिमारी से लड़ा जा सकता है।यहां तक की योग करने वालों को बिमारी नजदीक नहीं आती है।कार्यक्रम मे रेस्क्यू महाप्रबंधक अरूण कुमार,रेस्क्यू अधीक्षक पीआर मुखर्जी, बस्ताकोला के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, सोमनाथ चौबे,देशराज प्रसाद के अलावा योग समिति के योग प्रशिक्षक प्रभाकर कुमार, मंजीत सिंह,रामजीवन पांडे और मनोहरसिंह सहित अन्य थे।

चिकित्सक प्रतिदिन हाजिरी बना कर घर चले जाते हैं : दयाशंकर सिंह

धनसार (आजाद सिपाही)। बस्ताकोला कोलियरी क्षेत्र अंतर्गत चांदमारी कोलियरी के डिस्पेंसरी मे तैनात चिकित्सका रेनुका शर्मा के तानाशाही रवैया के खिलाफ मजदूरों ने बुधवार को दो घंटा तक जमकर बवाल काटा। इस दौरान मजदूरों ने संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में चिकित्सका पर गंभीर आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। सूचना पाकर बस्ताकोला कोलियरी के पीओ एके शर्मा चांदमारी पहुंचे। इन्होंने चिकित्सका के खिलाफ उच्चाधिकारियों को पत्र सौंप विभागीय कारवाई करने की बात कही। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जमसं नेता दयाशंकर सिंह ने कहा कि यह चिकित्सका प्रतिदिन हाजिरी बनाकर घर चली जाती है। इसके बाद दोपहर बारह बजे के बाद आती है। मजदूरों का सीक छुट्टी नहीं बनाती। मेडिकल बिल मे हस्ताक्षर नहीं करती है। जिसके कारण मजदूरों को दूसरे कोलियरी के चिकित्सकों से मेडिकल बिल और सीक छुट्टी बनवाना पड़ता है। समय पर नहीं आने के कारण मजदूरों को निजी अस्पताल मे इलाज कराना पड़ रहा है। कहा कि अगर इनके खिलाफ कारवाई नहीं हुई तो बस्ताकोला परियोजना का कार्य ठप कर दिया जाएगा। मौके पर दयाशंकर, रविन्द्र यादव,रवि ओंकार, धीरेंद्र पासवान, रामविनय साव,अनिल कुमार,आरपी सिंह सहित दर्जनों लोग थे।

डीआइजी ने लिया धनबाद कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने बुधवार धनबाद कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कोर्ट परिसर में प्रवेश करने वाले सभी रास्ते के बारे में सुरक्षाकर्मियों से जानकारी ली इस दौरान उन्होंने प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर से की जाने वाली जांच प्रक्रिया के बारे में सुरक्षा कर्मियों से जानकारी ली एवं जांच के तरीके के बारे में भी बताया। इस दौरान मौके पर एसएसपी एचपी जनार्दनन, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, डीएसपी मुख्यालय -1 समेत तमाम पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले कोर्ट बैरक का जायजा लिया। जहां अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जानकारी देते हुए सुरेंद्र कुमार झा ने बताया कि कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेवारी भी पुलिस की प्राथमिकता में है। समय - समय पर कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जाती है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मी बेहतर काम कर रहे हैं, जिन्हें रिवॉर्ड देने की भी बात कही। कोर्ट परिसर में सीसीटीवी कैमरा, मेटल डिटेक्टर, बलों की संख्या बारे में जानकारी ली। तकनीकी रूप से कुछ कमियां है, जिसे दूर किया जाएगा। साथ ही साथ एसोसिएशन के पदाधिकारियों से भी बात की ।

लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ ने किया बूथों का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। बाघमारा प्रखण्ड के बीडीओ सह उप निर्वाचक पदाधिकारी डॉ० सुषमा आनन्द बुधवार को बाघमारा प्रखंड के महुदा स्थित तमाम बूथों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उत्कृमीत उच्च विधालय कुँजी के बूथ संख्या 142, 143, 144, 145, 146 सहित अन्य तमाम बूथों पर उपलब्ध सुविधाओं का भौतिक सत्यापन को देखा। इस दौरान बीडीओ सह उप निर्वाचक पदाधिकारी डॉ० सुषमा आनन्द ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर सुविधाओं का आकलन किया जा रहा है। जिसमें पानी, बिजली, शौचालय, रैंप आदि सुविधाएं बहाल करने के लिए कार्य किया जाएगा। कहा कि मतदान से पूर्व बूथों का निरीक्षण किया जा रहा है और चुनाव से संबंधित जो भी कमी होगा उसे पूरा किया जाएगा। इसी प्रकार चुनाव आचार संहिता को लेकर दीवाल लेखन को अविलंब मिटाने एवं बैनर, पोस्टर आदि को हटाने का निर्देश दिया गया हैं। इस दौरान जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधी गणेश महतो, लोहापट्टी पंचायत के मुखिया सुनिता देवी के प्रतिनिधी रामेश्वर महतो उर्फ बॉबी, बीएलओ, सुपरवाईजर भागीरथ सिंह, मुमताज अन्सारी, नईमुद्दीन अंसारी, कम्पुटर ऑपरेटर रुपेश कुमार पाण्डेय, अमर कुमार पासवान आदि मौजुद थे।

बालू कारोबारियों और खनन विभाग के बीच चूहा-बिल्ली का खेल जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। अवैध बालू खनन परिवहन व भंडारण पर अबतक रोक नहीं। इन दिनों पूरे बाघमारा में बालू खनन का कारोबार जोरों पर चल रहा है। स्थिति यह है कि बालू की कीमत भी क्षेत्रफल के हिसाब से तय की जा रही है। जिसको लेकर भवन निमार्ताओं को इससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। अगर बालू की नीलामी अभी हो जाए तो बालू के लिए तरस रहे भवन निमार्ताओं को कुछ राहत मिलेगी। किन्तु इस कसम-कस में अवैध बालू कारोबारियों व खनन विभाग तथा जिला प्रशासन के बीच चूहा-बिल्ली का खेल जारी है। बालू की बिरासत पर हर रोज अवैध कारोबारी बाजी मार ले जाते हैं और प्रशासन हाथ मलते रह जा रही है। अवैध कारोबारी बालू की तस्करी कर साबित कर रहे हैं-तू डाल-डाल, मैं पात-पात। महुदा थाना व भाटडीह ओपी क्षेत्र के तेलमोचो ब्रिज से भाटडीह, नगदा, कुंजी जाने वाले हीरक सड़क के आस-पास एवं पुराने धनबाद-बोकारो मुख्य सड़क के आस-पास बालू का अवैध भंडारण किया गया है। रात के अंधेरे के अलावे दिनभर बालू ढोया जाता है और इसे ट्रेक्टर मिनी ट्रक व हायवा से ग्राहकों तक पहुंचाया जाता है। इन सबों के बीच जिला प्रशासन को अवैध भंडारण के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रही है। वर्तमान समय में अवैध भंडारण स्थल में भारी मात्रा में नदी घाटों से बालू लाकर डंप किया गया है। वहीं तमाम विभाग अवैध भंडारण पर छापेमारी करने के बजाय एक दो ट्रेक्टरों को पकड़ कर अपनी पीठ थप-थपाने पर लगी हुई है। और बालू के अवैध कारोबारियों का धंधा फल फूल रहा है।

क्या कहते हैं, बाघमारा अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद

अवैध बालू खनन व भंडारण को लेकर जब बाघमारा अंचलाधिकारी से सवाल पूछा गया तो वे तिलमिला उठे और सवाल पर आनाकानी करते ये कहकर अपना पल्ला झाड लिया की इस वक्त ये सब सवाल मत पूछिए, यहां दूसरा मुद्दा हैं, शांति समिति के बैठक मे आये हैं, अब सवाल यही का उठाइए।

स्वीप कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता

बलियापुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेर्शानुसार आज बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव के तहत स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत ए सी सी सिंदरी में गठित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की बैठक सह कार्यशाला का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया। विदित हो कि पिछले संसदीय चुनाव में न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों की सूची में ए सी सी सिंदरी के मतदान केन्द्र संख्या 407, 422 भी सम्मिलित है। इसी उद्देश्य से मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु उनके बीच जागरूकता कार्यक्रम किए गए। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार पांडेय, सी एस आर प्रबंधक ने लोक सभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने को लेकर अभियान चलाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि इस लोकतंत्र के महापर्व में सभी योग्य मतदाता अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। बीएलओ और पर्यवेक्षक को दिया। उपस्थित युवा मतदाता जो पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे उन्हें शुभकामनाएं दी एवं मतदान क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन मत का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया। आज के कार्यशाला में प्रबंधक (मानव संसाधन) आमरिन इकबाल, प्रबंधक (सीएसआर) प्रदीप कुमार पांडे, निर्वाचन प्रभारी रवि चौरसिया तथा क्षेत्र के बीएलओ, पर्यवेक्षक और मतदाता गण उपस्थित थे।

डीजल चोर गिरोह को एमपीएल पुलिस ने जाली कूपन के साथ धर-दबोचा, दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

एग्यारकुंड। डीजल चोर गिरोह को एमपीएल पुलिस ने जाली कूपन के साथ दो को गिरफ्तार किया, प्रेसवार्ता कर निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने दी जानकारी। बात दे की बीते कई माह से निरसा के एमपीएल ओपी क्षेत्र के एमपीएल कारखना में जाली कूपन के माध्यम से डीजल चोरी का खेल चल रहा था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने एक टीम गठित कर दो को पकड़ लिया। एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने मैथन स्थित कार्यालय में प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार एमपीएल ओपी प्रभारी योगेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया।

जिसके बाद टीम ने क्षेत्र में छापेमारी कर राकेश बाउरी, धनंजय बागती को जाली कूपन के साथ पकड़ लिया गया। इन्होंने कबूल करते हुए कहा कि एमपीएल द्वारा जारी डीजल कूपन को जाली कूपन बना कर अबतक लाखो रुपये का डीजल तेल हेरफेर किया गया है। इसके टीम में दो और युवक जो विधान बागती व विवेक बाउरी भागने में सफल रहा है जिसे जल्द ही गिरफ्तारी कल ली जाएगी। वही मैथन पुलिस ने झारखंड पश्चिम बंगाल सीमा पर देसी एवं विदेशी कुल तीन पेट्टी शराब पकड़ा है इसकी जानकारी एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने मैथन कार्यालय में दिया। मौके पर मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन व छापामारी टीम मे शामिल पुलिस अधिकारी एमपीएल ओपी प्रभारी योगेंद्र कुमार, सुंदर सिंह सोलंकी, मुकेश सरिन, प्रमोद कुमार,सनेश राम थे।

होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

सिंदरी (आजाद सिपाही)। सिंदरी थाना परिसर में एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद रावत की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में परिचत्मक ब्यवहार एलआईसी के प्रशांत दुबे ने किया। उससे पहले श्री रावत के आते ही पवन ओझा ने सभी पुलिस अधिकारीयों को फूलमाला पहना कर उनका स्वागत किया। शांति समिति में शराब, रश ड्राइविंग, अवैध शराब की बिक्री एवं डीजे पर पूर्णतः रोक हो, ऐसा आगंतुक ने अनुरोध किया। शहर के चौक एवं चौराहों पर सीसी टीवी कैमरा लगवाने का अनुरोध किया गया। सिंदरी थाना प्रभारी शैलेश कुमार पाण्डेय ने सभी आगतुकों से सहयोग का अनुरोध किया, चाहे वो व्हाट्सएप्प से हो या कॉल के द्वारा। अफवाह से बचने एवं फैलाने से पहले थाना से जानकारी एवं सत्यता जाँचने की राय दी। अंत में सभी ने एक दूसरे को अबीर लगा कर होली से पूर्व होली की शुभकामनायें दी। उसके बाद पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, सिंदरी चेंम्बर कॉमर्स के अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू, दीलीप रिटोरिया, एमसीसी के जिला सचिव राजीव मुखर्जी, भाजपा नेता राघव तिवारी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष अजय कुमार, भाजपा नेता राकेश तिवारी, लोजपा के युवा जिला अध्यक्ष सैलेन्द्र दुबेदी, आजसू के पवन शर्मा, रविंद्र राम, बिल्लू जयदिया, अजय मंडल, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनीमा सिंह, रंटू ओझा, अलोक बेनर्जी आदि लोग उपस्थित थे।

कार्यालय,कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,सिमडेगा
eemidsim-cemr-jhr@nic.in

पत्रांकः– सिमडेगा,दिनांकः–

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांकः– 178 दिनांकः– 14.03.2024 द्वारा निर्गत ई० निविदा सूचना संख्याः– WRD/MID SIMDEGA/F2-15/2023-24 पी.आर.संख्याः–322624 {Minor Irrigation} वर्ष–2023–24 (D) द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,सिमडेगा

PR 323196 Minor Irrigation(23-24).D

झारखण्ड सरकार
कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा
गृह (कारा) विभाग
दूरभाष एवं फैक्स न0– 06534–252244,
Email- dj-koderma@jharkhandmail.gov.in

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निर्गत e-Tender Advertisement PR No-322317 दिनांक–12.03.2024 है, जिसमें निविदा प्रपत्र भरने /अपलोड करने एवं अग्रधन की राशि में अंशिक सुधार किया गया है। जिसे इस लिंक https://jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से download किया जा सकता है।

अधीक्षक,
मंडल कारा कोडरमा

PR 323204 Home, Prison And Disaster Management(23-24)#D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,
कोडरमा (निर्वाचन शाखा)
दूरभाषः 06534–252219 Email: electionkoderma@gmail.com

-:: शुद्धि पत्र ::-

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निर्गत e-Tender का PR No. 322770 है जिसमें निविदा खोलने की तिथि 26.03.2024 एवं समय 02:00 बजे अपराहन रखी गई थी। अब निविदा निर्धारित तिथि को ही अपराहन 03:00 बजे खोली जायेगी। Tender Ref No- 3RE/DEO/ KODERMA/ 2024/0006 में BoQ में अंकित किये जाने वाले दर को RFP के अनुसार ही पढ़ा एवं समझा जाय।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा।

PR.NO.323170 Election(23-24):D

पुलिस अधीक्षक कार्यालय, खूँटी।

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

दिनांक–04.03.24 को खूँटी थाना अन्तर्गत ग्राम चिकोर गाँव के पास रोटे महतो के ईट भटटा के समीप तजना नदी में सिर पर गहरा चोट जगा हुआ एक अज्ञात शव बरामद किया गया है। अज्ञात शव के बारे में पता लगाने का काफी प्रयास किया गया, परन्तु कुछ पता नहीं चल पा रहा है। इस संबंध में खूँटी थाना यू0डी0 काण्ड सं0–08/24, दिनांक–04.03.24 दर्ज किया गया है। शव को शीतगृह, खूँटी में रखा गया है। जो शव को पहचान कराया जा सके।

अतः सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि उक्त मृतक अज्ञात शव के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाश नं0 पर अविलंम्ब सूचित करेंगें।

पुलिस अधीक्षक, खूँटी – 9431706116
थाना प्रभारी, खूँटी – 7004222835
डी0सी0बी0, शाखा, खूँटी– 6206420190

पुलिस अधीक्षक,
खूँटी।

PR 323189 (Police) 23-24 (D)

एयर इंडिया फ्लाइट में किम्स के डॉक्टर ने बचायी महिला की जान

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (किम्स) भुवनेश्वर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक कुमार बडमालि ने फ्लाइट में एक महिला की जान बचायी। रविवार सुबह एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट नयी दिल्ली से पुणे जा रही थी, तभी एक महिला की अचानक तबीयत खराब हो गयी। यह देखकर, फ्लाइट अटेंडेंट ने तत्काल कार्रवाई की और केबिन क्रू ने आपातकालीन चिकित्सा स्थिति के कारण विमान में किसी भी पैरामेडिक या नर्सिंग स्टाफ की सहायता के लिए आपातकाल की घोषणा कर दी। उक्त फ्लाइट में किम्स के डॉक्टर बडमालि पुणे जा रहे थे। यह जानने के बाद डॉ बडमालि ने तुरंत मदद का हाथ बढ़ाया। क्रू की मदद से महिला को विमान के फर्श पर लिटाया गया। महिला के स्वास्थ्य की जांच करने के बाद डॉक्टर बडमालि ने पाया कि अत्यंत तेज कैरोटिड नाड़ी के साथ तीव्र सांस ले रही थी। कार्डियोलॉजी में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए उन्होंने महिला की कैरोटिड मालिश की। यह महिला के लिए जीवन रक्षक साबित हुआ और उसके स्वास्थ्य में सुधार हुआ।

फ्लाइट पुणे अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरने तक महिला की हालत स्थिर थी। ऐसी समय पर और निर्णायक कार्रवाई के लिए महिला ने डॉ बड़मालि, फ्लाइट के पायलट राहुल, क्रू मेंबर्स सौरभ और मिस पूजा को आभार व्यक्त किया। किट, किस और किम्स के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने डॉ बड़मालि को उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया।

विजय अमृत कुलांगे ओमफेड के प्रबंध निदेशक बने

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। विजय अमृत कुलांगे को नयी जिम्मेदारी दी गयी है। विजय अमृत कुलांगे ओमफेड के प्रबंध निदेशक हैं। ओड़िशा साधारण प्रशासन और लोक शिकायत विभाग ने यह घोषणा की। सूचना मुताबिक राज्य सरकार की अनुमति के बिना, बीएमसी के मेयर और कार्पोरेटर के भत्ते में वृद्धि के संबंध में तत्काल स्पष्टीकरण जारी किया गया था। इसके बाद सरकार ने उन्हें कड़ी फटकार लगायी। हालांकि, बाद में कमिश्नर विजय अमृत कुलांगे ने 1 महीने की छुट्टी के लिए आवेदन दिया था। इस बीच विजय की जगह 2005 बैच के आइएएस अधिकारी राजेश प्रभाकर पाटिल को नया कमिश्नर नियुक्त किया गया है। अब विजय छुट्टी के बाद सरकार ने उन्हें नयी नियुक्ति दी है।

पारादीप समुद्र में संयुक्त समरा भ्यास 'सागर कवच-1 आरंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। पारादीप में दो दिवसीय संयुक्त समरा भ्यास 'सागर कवच' - 1 शुरू । 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के बाद तट की रक्षा के लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों द्वारा वर्ष में दो बार संयुक्त समरा भ्यास 'सागर कवच'1 आयोजित किया जाता है।

पारादीप समुद्र में संयुक्त समरा भ्यास 'सागर कवच-1। यह समरा भ्यास जलमार्ग से आने वाले बाहरी दुश्मन से निपटने के लिए किया जा रहा है. इस समरा भ्यास में ओडिशा पुलिस, तटरक्षक बल, नौसेना, वन विभाग, मत्स्य पालन और मत्स्य विभाग जैसे कई विभाग शामिल हैं। तटीय और जलमार्ग सीमाओं पर कड़ी सुरक्षा की जाती है। 26/11 हमले के बाद राज्य और केंद्र दोनों सरकारों द्वारा तटीय सुरक्षा के लिए यह अभ्यास हर साल आयोजित किया जा रहा है।

गठबंधन पर अमित शाह बोले: बीजेपी अध्यक्ष लेंगे फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। पिछले दो महीनों से इस बात पर चर्चा चल रही है कि ओड़िशा में बीजू जनता दल (बीजेडी) और भाजपा अकेले चुनाव लड़ेंगे या गठबंधन करेंगे, लेकिन आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने गठबंधन के बारे में एक बड़ा बयान दिया। बुधवार को नयी दिल्ली में एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए श्री शाह ने कहा कि गठबंधन से कुछ भी हो सकता है। बीजू जनता दल (बीजेडी) के साथ गठबंधन के बारे में उन्होंने कहा कि कुछ भी हो सकता है।

श्री शाह ने कहा कि गठबंधन करना है या नहीं, इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में अधिक सीटें जीतेगी।

गठबंधन के बारे में बात करते हुए शाह ने कहा कि कुछ भी हो सकता है, यह तय किया जाएगा कि हम एक साथ लड़ेंगे या अकेले। उन्होंने कहा कि अगर

साथ लड़ने का फैसला हुआ तो नवीन बाबू के साथ लड़ेंगे।

23 को रांची में होगा होली धमाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आर्ट विल्ला इवेंट की ओर से प्री होली सेलिब्रेशन इट्स होली थिंग का आयोजन 23 मार्च को किया जा रहा है। यह आयोजन रांची के कृष्णा पैलेस में किया जायेगा। बता दे कि रांची में होने वाला होली सेलिब्रेशन में यह कार्यक्रम सबसे अलग और सबसे ज्यादा शानदार होगा। कार्यक्रम में डीजे की धुन में यूथ के रंगभरी होली खेलेंगे। डीजे अपने गतिशील मिश्रणों के साथ ऊर्जा को ऊंचा रखेंगे, जिससे रंगों और संगीत का एक गैर-रोक उत्सव सुनिश्चित होगा। 'गुलाल' में खुशी, हंसी और अविस्मरणीय यादों से भरे दिन के लिए हमसे जुड़ें। बता दे कि अबतक करीब 500 से अधिक टिकट की बिक्री हो चुकी है। कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किये गये है। प्रशासन भी इसमे सहयोग कर रही है। होली खेलने के साथ साथ यूथ स्नेक्स और ड्रिंक की भी व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अमित चौधरी, अंकुर वर्मा, रॉबिलकुमार, राजेश अयान, सूरजमोदी व अन्य लोग सहयोग कर रहे है।

प्रियंका और निक जोनस ने रामलला के दर्शन किये

- गोद में बेटी को लेकर पहुंचीं, बोलीं-यह मेरे जीवन का सौभाग्य

आजाद सिपाही संवाददाता

अयोध्या। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने बुधवार को पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी के साथ रामलला के दर्शन किए। वह 15 मिनट तक मंदिर परिसर में रहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह मेरे जीवन का सौभाग्य है कि रामलला के दर्शन हुए। प्रियंका पीले रंग की साड़ी में, जबकि निक सफेद कुर्ता-पायजामे में दिखे।

प्रियंका चोपड़ा बुधवार को दिन के करीब डेढ़ बजे अयोध्या एयरपोर्ट पर पहुंचीं। यहां उनका स्वागत किया गया। यहां से वह कार से सीधे राम मंदिर पहुंचीं। रामलला के पुजारी प्रदीप दास ने प्रियंका और उनके पति को रामनामी दुपट्टा पहनाया। इसके बाद तिलक लगाया और प्रसाद दिया। राममंदिर आने के दौरान प्रियंका चोपड़ा का क्रेज देखने को मिला। पुलिसकर्मियों ने उनके साथ फोटो खिंचवाईं। साथ ही ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्र ने परिवार सहित उनका स्वागत किया। दर्शन करने के बाद प्रियंका सीधे एयरपोर्ट पहुंचीं और मुंबई रवाना हो गयीं।

बाइक डिक्की तोड़ 5.60 लाख उड़ाये

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ब्रह्मपुर में बदमाश ने बाइक की डिक्की तोड़ कर 5.60 लाख रुपये उड़ा लिये। शिकार बने ब्रह्मपुर शहर के नजदीक सुनादेइ गांव का कृष्ण महारणा। कृष्ण महारणा बैंक से पैसे निकालने के बाद बाइक डिक्की में पैसा रख कर दुकान के सामने चाय पी रहे थे। इस बीच डिक्की से पैसे चोरी हो गये। चौर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। कृष्ण ने बैद्यनाथपुर थाना में शिकायत दर्ज करायी है। शिकायत के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू की।

शिव मंदिर निर्माण में जैलेंद्र ने श्रमदान किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गोंदलीपोखर में मंगलवार को निमार्णाधीन भव्य शिव मंदिर के छत की ढलाई की गई। दो करोड़ से अधिक की लागत से नागर शैली में शिवमंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। श्रमदान से छत ढलाई की गई। छत ढलाई में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार सहित अन्य शामिल हुए। जैलेंद्र कुमार ने कहा कि सभी शिव भक्तों के अथक प्रयास व सहयोग से मंदिर का निर्माण हो रहा है। मंदिर संस्कृति भारत की आत्मा है। मंदिरों के विकास से ही देश का विकास जुड़ा है। इस अवसर पर नीलकंठ चौधरी, रामकृष्ण चौधरी उर्फ मदारी, सचिन केसरी, सूरज साहू, सोनू केसरी, सागर साहू उपस्थित थे।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

प्रधानमंत्री ने पुतिन के बाद जेलेंस्की को फोन किया

रूस-यूक्रेन जंग रोकें, बातचीत करें : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को फोन करके चुनाव जीतने की बधाई दी। इस दौरान दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन जंग पर चर्चा की। पीएम मोदी ने जंग पर भारत का रुख दोहराते हुए कहा कि कूटनीति और बातचीत के जरिए मसले का हल निकाला जाना चाहिए। इसके चंद घंटे बाद ही पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को भी फोन किया। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति से भी बातचीत के जरिए जंग का हल निकालने को कहा।

फोन कॉल के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके कहा- राष्ट्रपति जेलेंस्की से भारत-यूक्रेन साझेदारी को मजबूत करने पर अच्छी चर्चा हुई। भारत ने हमेशा से जंग जल्द खत्म करने और शांति का समर्थन किया है। हम हमेशा मानवीय सहायता जारी रखेंगे। इससे पहले, पुतिन से बात करने के बाद पीएम मोदी ने कहा था- रूस के राष्ट्रपति को एक बार फिर से चुनाव जीतने की बधाई दी। भारत-रूस के बीच खास दोस्ती और रणनीतिक साझेदारी है। हम आने वाले सालों में इसे और मजबूत करने के लिए काम करते रहेंगे। वहीं रूसी राष्ट्रपति के ऑफिस क्रेमलिन के मुताबिक, पुतिन ने भी पीएम मोदी को लोकसभा चुनाव के लिए शुभकामनाएं दीं। दरअसल, रूस में 15-17 मार्च को राष्ट्रपति पद के चुनाव हुए थे। इसमें पुतिन ने 88% वोटों के साथ जीत दर्ज की थी। इसी के साथ पुतिन लगातार 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बनेंगे।

रूस-यूक्रेन जंग को दो साल पूरे

बीते फरवरी माह में ही रूस-यूक्रेन जंग को दो साल पूरे हो गये। अमेरिका के आंकड़ों के मुताबिक जंग में अब तक रूस के 1 लाख 80 हजार और यूक्रेन के 70 हजार सैनिक मारे जा चुके हैं। यूक्रेन के पांच बड़े शहरों पर रूस का कब्जा है।

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

बाबा विश्वनाथ को गुलाल अर्पित करने उमड़ा हुजूम

आजाद सिपाही संवाददाता

वाराणसी। रंगभरी एकादशी पर काशी विश्वनाथ मंदिर में लाखों भक्तों ने बाबा विश्वनाथ और माता गौरा को गुलाल अर्पित किया। सुबह से शुरू हुआ दर्शन पूजन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। गुलाल उड़ाते हुए भोले बाबा के गीतों पर थिरकते हुए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। इस दौरान मंदिर के गेट नंबर चार पर दिन ढलने के बाद भक्तों की भीड़ बेकाबू हो गयी। भीड़ को काबू करने में पुलिस - प्रशासन की टीम के भी पसीने छूट गये।

बाबा की बरात पहुंचने से पहले ही श्री काशी विश्वनाथ धाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गये। बोल बम और हर हर महादेव के साथ अबीर-गुलाल और फूलों की वर्षा करते हुए जब श्रद्धालु बाबा दरबार में पहुंचे, तब पूरा परिसर शिवमय हो गया।

श्रद्धालु परिसर में बज रहे डमरू वादन पर खूब थिरके। विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा महादेव एवं मां गौरा की शोभायात्रा मंदिर परिसर में धूमधाम से निकाली गयी। दोपहर बाद 3 बजे से पद्मश्री सोमा घोष सहित अन्य प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुतियां दी जा रही हैं।

संपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग धाम के यूट्यूब चैनल तथा फेसबुक लाइव से की जा रही है। कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग के समानांतर ही श्री विश्वनाथ के लाइव दर्शन भी भक्तों को लाइव स्ट्रीमिंग स्क्रीन पर मिल रही है। ढोल- नगाड़ों के साथ काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे श्रद्धालुओं ने गुलाल उड़ा कर हर-हर महादेव के जयकारे लगाये। भक्तों की भीड़ इस कदर रही कि मंदिर परिसर में पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

Alpha Institute of Computer Education
FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan Adarsh Nagar, Khorha Toli Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**